A study of the Buddhist Tantras in the light of modern psychology has been presented by H. V. Guenther who has also evolved new terminologies in rendering Tibetan versions of Tantric texts. The celebrated author of several Sanskrit reconstructions from the Chinese, Prof. Shanti Bhikshu Shastri has prepared an edition of the *Śiṣyadharmalekhakāvya* of Candragomin utilising the Chinese and other sources, which is a distinct improvement on the edition of Prof. P. L. Vaidya. This book still remains to be published. The *Tattvārthapaṭala* of the Bodhisattābhūmi has in translated with annotaions by J. D.

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

Willis (Columbia University) under the title *On Knowing Reality. Bridging the Sūtras and Tantras* containing the ten minor works of the First Dalai Lama edited and translated by G. M. Mullin is a new addition to the Buddhist religio-philosophical literature and brings home various aspects of the śūnyatā doctrine (Tusita Book, Dharmashala, 1981).

In the field of Buddhist epistemology contributions of D. D. Malavania and Jayatilake are well-known. Prof. Stekellner's reconstruction of the views of the *Pramāṇaviniścaya* on the basis of Sanskrit quotations and Tibetan translation is a valuable contribution in the field of Buddhist Nyāya (*Dharmakīrti's Paamānaviniścayaḥ*, Wien, 1979). Prof. Anant Lal Thakur brought out the *Nyāyālaṅkāra* of Abhayadeva Sūri (Gaekwad Oriental Series Baroda, 1981) which offers some quotations from and elucidation of Dignaga's views not available elsewhere. His edition of *Jñānaśrīmitranibandhāvalī*, which opened new vistas in the field of Buddhist epistemological studies has gone out of print and its reprint by some agency is eagerly awaited. Similarly, Richard Haye's *Dignāga's Views of Reasoning and Reason and Emptiness* and *A Study of Logic and Mysticism* by Lida Shotaro are valuable contributions in this field.

Gustav Roth's *Particular Features of the Languages of the Ārya Mahāsāṅghika Lokottaravādin*, Heinz Bechart's (ed) *The Language of the Earliest Buddhist Tradition*, M. Hahn's *The Play Lokānandanāṭaka* by Candragomin, Gopadatta's *Kapīśvara Jātaka* and *Die Haribhaṭṭa Jātakamālā*, Vigrahavyāvarttani (English translation by Kamaleshwar Bhattacharya), *Maṇicūdāvadāna* by Cogni, *The Gilgit Manuscript of the Sāyanāsanavastu* and the *Adhikaraṇavastu* by R. Gnoli, A Passali's *Śāutideva, Buddhist Mystic of the 7th and 8th Century*, *Pāli Nīti Texts of Burma* edited by H. Bechert and H. Braun and *Paññāsa Jātaka* and *Milindapañhaṭīkā* edited by P. S. Jaini, *Doctrine of Meaning in Mādhyamika* by Peter Ebbatson, *Philosophy of Language in Mādhyamika* by Paul William are also notable contributions in the field. Buddhist studies have been provided a standard and direction by J. W. de Jong and his collagues at Canberra. Studies in Avadānas, *Pratyutpanna Buddha Saṁmukhāvasthita Samādhisūtra* and Early Buddhist Symbolism and Metaphysics, Buddhist studies, edited by Geogory Schopen and Text-Critical Remarks *on The Bodhisattvāvadāna Kalpalatā* by Jong are important contributions. Dr. Hari Shanker Prasad's work on *Time in Buddhist Philosophy* presents a critical and comparative account of the concept of time in the various systems of Buddhist thought.

Buddhist studies have gained prominence in south India under Prof. K. Sacchidananda Murti, whose lectures and studies in the Mahāyānasūtras present a philosophical study of the Buddhist texts with a critical approach.

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

He also introduced a 'Philosophy of the Buddha' course at the Post-graduate level at the Andhra University, Waltair.

The establishment of the Mahāyāna Research Centre (under auspices of the Nagarjuna University) Guntur is a notable event in the sphere of Buddhist studies in Mahāyāna.

Another event in the sbhere of Buddhist studies is the publication of Tome V of the French Translation of the *Mahāprajñāpāramitāśāstra* of Nagarjuna by Prof. E. Lamotte.

In the sphere of Pali studies, publications of Pali Publications Socity, Kandy, the Sampurnananda Sanskrit Vishvavidyalaya, Varanasi the Nava-nālandā Mahāvihāra are the foremost. The Navanālandā Mahāvihāra has continued the publication of the Atthakathās. Recently the Atthakathās of Khuddakapāṭha, *Suttanipāta Therīgāthā* and *Theragathā* the *Patisambhidhā-magga* as also that of the Majjhimanikāya (Papañca Sūdani) have appeared.

L. N. Tiwari of Sampurnananda Sanskrit Vishvavidylaya has edited the *Maṇisāramañjūsā Ṭīkā* and R. S. Tripathi of the same institution has edited *Aṭṭhaśālinī* with the commentary *Aṭṭhavaṇṇanā*. K. L. Hazra has brought out a book on Theravāda in South East Asia. The *Critical Pali Dictionary* sponsored by the Royal Danish Academy, Copenhagen and prepared at the Government Sanskrit College, Calcutta, under the supervision of Dr. H. N Chatterjee has lastly brought out the 9th facicule of its III Volume ending with the vowels. Dr. H. N. Chatterji has brought out an edition of the available portions of *Ratnāvalī* of Nāgārjuna.

Prof. Jagannatha Upadhyaya of Varanasi is working on the Buddhist Tantras as a Jawahar Lal Nehru Fellow and Dr. L. M. Joshi of Patiala and Dr. N. H. Samtani of Banaras Hindu University have made very valuable contributions to the field of Buddhist Nirvana Tantras and aspects of Pali Buddhism.

In the sphere of Tantric studies Prof. Alex Wayman of Columbia has further enriched our knowledge through his valuable contributions in the field.

Contribution of Bharat Singh Upadhyaya in the field of Pali, Sanskrit Buddhism and Zen Buddhism, of S. K. Pathak in the field of Tantric Buddhism and the Mādhyamika thought, of Nagendra Nath Upadhyaya in the field of Tantric Buddhism, the Nātha yoga Philosophy and the Buddhist Kāpālika Sādhanā and of Dr. Krishnanand Chaudhary's study of the Buddhist Images are noteworthy and significant,

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

Suniti Kumar Pathak's reconstruction of the *Yuktiṣaṣṭikā* of Nāgārjuna is to be soon published by the Nagarjuna Buddhist Foundation, Gorakhpur. He is also working on the translation of the *Advayavajrasaṅgraha.*

Prof. N. Aiyaswami Shastri's revised edition of the *Ālambanaparīkṣā* of Dignāga has been published by the Institute of Tibetology, Gangtok and his another work *Buddhist Idealism* is being published by the Nagarjuna Buddhistt Foundation, Gorakhpur.

The Department of Buddhist studies, University of Delhi has been doing commendable work in the field of Pali and Buddhist studies under the guidance of Mahesh Tiwari, a pioneer in the field of Pali. This department recently organised a national seminar on the Impact of Buddhist Thought on Indian life and Calture.

VI

Friends, it would not be out of place to point out some of the problem areas that need be tackled as it keeps occurring to me as a student of Buddhist philosphy. These problems are of historical, exegetical, methodological as well as text-critical and hermeneutical nature.

The Buddhist researches would remain handicapped and incomplete until the remaining unstudied, unedited and unpublished Buddhist texts are studied, edited and brought to light for the use and benefit of the researcher in the field. Still more important is the task of reconstruction of the lost texts from their translations preserved in other Asian languages and providing the missing links of the systems on the basis of these translations as well as the allusions and references in allied systems of Indian thought.

What Guenther has said regarding modern studies in the field of Tantric Buddhism is true of the studies in the field of entire Indian Buddhist tradition. "To be unaware tf the difference between East and West and on the basis of such ignorance to outline a development of Buddhist thought can hardly be said to do justice to Buddhism. The various histories of Buddhist thought that have been written all bear the stamp of the second half of the ninenteenth century. The so-ealled higher criticism which often is insane arbitrariness in the field of Buddhist studies is an inverted form of popular Darwinism an attempt to understand everything in terms of evolution and degeneration." (*Life and Teachings of Nāropā, P. 113*).

No system has evolved in isolation. The Brahmanic, Jaina and the Buddhist systems need be studied as integral parts of one coherent system. Though they mny have some underlying differences, their common heritage should be emphasised. The traditional method of the intensive study of a system and the doctrines propounded in its texts needs urgent revival. The

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

histrorical approach towards a system, deprived of this traditional methodology, is incapable of providing an insight into the systems or its doctrines. A textual criticism of the available texts and their various manuscripts should be taken up in the light of the manuscripts available in other scripts and countries also. This may also lead us to a carrect version of the reported sayings of the Buddha.

Apart from studying the Buddhist texts from the traditional method, having an access to the traditionally handed down comments and interpretations, a hermeneutical approach towards them needs to be adopted. The study of the meaning of particular philosophical idea used in Buddhhist texts should be pursued with a view to understand it in the light of the past environment as also the present trends of understanding which may form a basis of correlating it with the fruture. Once again I thank you all for kind attention.

APPENDIX

Bibliography

Atis' a and Tibet–edited by Alka Chottopadhyaya, translated by Lama Chima, Delhi, 1981

The Blue Annals–translated by George N. Roerich, Delhi, 1979

Buddhist Cosmology–by Randy Kloetzli, Delhi, 1982

A Buddhist Doctrine of Experience–by Thomas A. Kochumuttom, Delhi, 1982

Buddhist Images of Human Perfection–by Nathan Katz., Delhi, 1982

Buddhist Studies in India–edited by Ram Chandra Pandey, Delhi, 1975

Discipline–by John Clifford Holt., Delhi, 1981

The Doctrine of the Buddha–by George Grimm, edited by M. K. Grimm and M. Hoppe, Delhi, 1982

Early Buddhism and Christianity–by Chai–Shin Yu, Delhi, 1981

Early Buddhist Theory of Knowledge–by K. N. Jayatilleke, Delhi, 1980

Fragments from Dignāga–by H. N. Randle, Delhi, 1981

Indian Buddhism–by A. K. Warder, Delhi, 1980

An Introduction to Buddhist Esoterism–by Benoytosh Bhattacharyya, Delhi, 1980

Nagarjuna's letter to king Gautamiputra–translated by Ven. Loxang Jamspal, Ven. Ngawang Samten Chophel and Peter Della Santina, Delhi, 1978

On Knowing Reality–translated by Janice Dean Wills, New York, 1979

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

Philosophy and its Davelopment in the Nikāyas and Abhidharma-edited by Fumimaro Watanabe., Delhi, 1982

The Philosophy of Negarjuna-by Vicente Fatone, Delhi, 1981

The Rise of Esoteric Buddhism in Tibet-by Eva M. Dargyay, Delhi, 1979

Śikṣā-Samuccaya-translated-by Cecil Bendall and H. D. Rouse, Delhi, 1981

Yoga of the Guhyasamajatantra-by Alex Wayman, Delhi, 1980

The Awakening of Zen-by Daisetz Teitaro Suzuki, edited by Christmas Humphreys, London, 1980

The Beginnings of Buddhism-by Kogen Mizuno, translated by Richard L, Gage, Tokyo, 1980

Buddhist-Christian Empathy-by Joseph J. Spae, Chicago, 1980

Himalayan Pilgrimage-edited by David Snellgrove (ISBN : 0-8773-720-7)

The History of the Sixteen Karmapas of Tibet-by Karma Thinley Boulder, 1980

The Psychology and Philosophy of Buddhism-by W. F. Jayasuriya, Kuala Lumpur, 1976

Scripture of Lotus Blossom of the Fine Dharma-translated by Leon Hurvitz, New York, 1976

The Teaching of Vimalakirti-translated by E. Lamotte & S. Boin. London, 1976

Tibetan Studies-edited by Michael Aris and Aung San Suu Kyi, Delhi, 1980

Women in Buddhism-by Diana Y. Paul, Berkeley, 1979

Zen and the Ways-edited by Trevor Leggett, Boulder, 1980

Zen is Eternal Life-edited by Kennett Roshi Emeryville (California), 1976

The Zen Life-edited by Koji Sato, translated by Ryojun Victoria, New York, 1977

Zen Master Dogen-by Yuho Yokoi, New York, 1976

Zen Mind, Beginner's Mind-by Shunryu Suzuki, edited by Trudy Dixon, New York, 1981

The Bridge to the Three Holy Cities-Richard Soloman

Buddhist Insight-Alex Wayman, New Delhi, 1982

Buddhism and Science-Buddhadasa P. Krithisinghe, New Delhi, 1982

Chinese Monks in India of I-Ching-Latika Lahiri, New Delhi, 1982

The Genesis of an Orientalist-Thomas William Rhys Davids in Sri Lanka-Wickermuratne, New Delhi, 1982

Linguistic Approach to Buddhist Thought-Genjun H. Sasaki, New Delhi, 1982

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

Madhyamaka Schools in India–Peter Della Sanita, New Delhi, 1982

Mahāvirocana Tantra–Alex Wayman, New Delhi, 1982

Moha in Indian Thought–K. D. Prithipaul, New Delhi, 1982

Nagarjuna's Philosophy of Sunyata and his Dialects–Shohei I Chimura, New Delhi, 1982

Sarvadurgati Parishodhana Tantra (Tibetan and Sanskrit Text Romanised with the English translation, Introduction and Notes etc.)–Tadensz Shorupski, New Delhi, 1981

Seven Buddhist Works of Vasubandhu (The Buddhist Psychological Doctor)–Stefan Anacker, New Delhi, 1982

Tibetan Studies–J. W. de Jong, New Delhi, 1982

Zen Gīta–Nogi Mahajan, New Delhi, 1982

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

PRAKRIT AND JAINISM SECTION

PRESIDENTIAL ADDRESS

By

DAMODARA SHASTRI

अकृत्रिमस्वादुपदाम्, परमार्थाभिधायिनीम् ।
सर्वभाषापरिणतां जैनीं वाचमुपास्महे ॥[1]

आदरणीय विद्वद्-वर्ग, देवियों और सज्जनों !

सबसे पहले मैं आप सब लोगों के प्रति कृतज्ञता-ज्ञापन करना चाहूंगा[2] जिन्होंने अ. भा. प्राच्य विद्या सम्मेलन के ३१ वें अधिवेशन के प्राकृत व जैन विद्या विभाग के अध्यक्षपद पद पर मुझे निर्वाचित किया। मैं इसे आप लोगों के हृदय की उदारता व सौजन्य ही मानता हूं जो आपने मुझ-जैसे अल्पज्ञ व्यक्ति को दृढ़तर विश्वास के साथ यह गुरुतर दायित्व सौंपा। तेल की छोटीं-सी बूंद भी जल में गिरते ही बहुव्यापी हो जाती है, वैसे ही आप-जैसे विद्वान् लोगों की सद्-दृष्टि का संसर्ग पाकर, मेरा अल्प-ज्ञान भी व्यापक प्रतिष्ठा प्राप्त कर रहा है,[3] इसे मैं अपना अहोभाग्यं मानता हूं। इस पद को सुशोभित करने वाले पूर्ववर्ती विद्वानों द्वारा निर्दिष्ट व सरलीकृत सरणि का अनुसरण कर,[4] मैं गुरुतर दायित्व को वहन करने का साहस बटोर सका हूं। इस पद के अनुरूप कर्तव्य का निर्वाह के प्रति आप लोगो के प्रेम और विश्वासपूर्ण सहयोग के सम्बल पर स्वतः सम्पन्न हो सकेगा - इसी भावना के साथ मै आपके समक्ष उपस्थित हुआ हूं।

प्राकृत व जैन विद्या के क्षेत्र से सम्बध व्यक्ति जानते हैं कि विद्वत्-गोष्ठी (सेमिनार) की परम्परा भारत में अतिप्राचीन काल से रही है। आदि तीर्थंकर ऋषभदेव के पुत्र चक्रवर्ती सम्राट-भरत विदग्ध-मंडली के बीच 'विद्या-गोष्ठी' आयोजित कर, शंकाओं की निवृत्ति-हेतु

---

१. अभिनव वाग्भट (१४ वी शती) कृत काव्यानुशासन मे आचार्य हेमचंद्र का वचन, श्लो. I

२. तदेबोपकृतं पुंसां यत् सद्भावप्रदर्शनम् (जैन हरिवंश पु. २१।३२)। कृतज्ञता सुदाक्षिण्यं सदाचारः प्रकीर्तितः (सागर धर्मामृत, १।११ की ज्ञानदीपिका टीका मे उद्धृत)। यः कर्म व्यतिहारेण नोपकारार्णवं तरेत्। स जीवन्नपि निर्जीवो निर्गन्धप्रसवोपमः (उत्तर पु. ६३।२२२)। सतां स सहजो भावो यत् स्तुवन्त्युपकारिणः (आदि पु. ४७।१६६)।

३. अप्पो वि परस्स गुणो सप्पुरिसं पप्प वहुदरो होदि। उदर वि तेल्लबिंदू (भगवती आराधना, ३७८)।

४. पौरस्त्यैः शोधितं मार्गं को वा नानुव्रजेज्जनः (आदि पु. १।३१)। सन्मार्गे प्रकटीकृते हि रविणा कश्चारुदृष्टिः स्खलेत् (जैन पद्मपुराण, १।१०३)। पुरो उत्तमेहिं पहओ, मग्गो सो दुग्गमो न सेसाण (बृहत्कल्पभाष्य, २४६)।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

शास्त्रीय चर्चा किया करते थे।[5] मानव सभ्यता के प्रवर्तक आदितीर्थंकर की माता काव्य-गोष्ठियों से मनोरंजन करती थी।[6] उपनिषदो में भी राजा जनक की सभा आदि मे गम्भीर शास्त्र-चर्चा के प्रसंग दृष्टिगोचर होते हैं।

मुझे विश्वास है कि यहां उपस्थित विद्वन्मंडली के सदस्य उक्त प्राचीन परम्परा के गौरव की रक्षा करते हुये; परपाण्डित्यपरीक्षा या स्वपाण्डित्यप्रदर्शन की भावना छोड़कर-जिज्ञासा एवं परस्पर-विचार-विनिमय की भावना से, शास्त्र-चर्चा करेंगे, अपनी प्राचीन-श्रवण, संस्कृति व अध्यात्म-चिन्तनधारा के गौरव के संरक्षण व सम्वर्धन हेतु अपने विचार रखेंगे, और भावी पीढी के समक्ष अध्ययन व अनुसंधान की दिशा में ठोस सुझाव भी प्रस्तुत करे।

(क) नमः श्रुतपारगेभ्यः

अपने विचारो को व्यक्त करनें से पूर्व, मैं प्राकृत व जैन विद्या के क्षेत्र से सम्बद्ध उन मनीषियों-विद्वानों-अनुसंधित्सुओं का पुनीत स्मरण करना अपना परम कर्तव्य समझता हूं जिनके दिवंगत होनें से ज्ञान-विज्ञान की प्रगति को एक गम्भीर आघात लगा है। ऐसे महनीय व्यक्तियों में पूज्य श्री. पं. वर्द्धमान पार्श्वनाथ शास्त्री, श्री. मूलचन्दजी किसनदास कापड़िया, श्री कानजी स्वामी, श्री. रतनलाल डोशी, पं. देवदत्तजी शर्मा, पं. तेजपाल काला (नांदगांव-महाराष्ट्र), प्रो. घाशीराम जैन (मेरठ) आदि के नाम प्रमुख हैं।

उक्त मनीषियों के अभाव से जो रिक्तता आई है वह अपूरणीय प्रतीत होती है। हम सब प्राकृत एवं जैन विद्या विभाग की ओर से उनके प्रति श्रद्धावनत होकर, विनयांजलि समर्पित करते हैं।

(ख) राजस्थान और जयपुर की पुण्यभूमि

भगवान महावीर का विहार तथा धर्मोपदेश देश के विभिन्न क्षेत्रो मे हुआ। काशी कौशल, त्रिगर्त, पांचाल, मत्स्य, शूरसेन, कलिंग, कुरूजांगल, काम्बोज, बाल्हीक, सिन्धु, गान्धार आदि देश उनके पदार्पण से पवित्र हुए थे।[7] वर्तमान राजस्थान की भूमि भी भगवान् महावीर के पदार्पण से धन्य हो उठी थी।[8]

वर्तमान 'जयपुर' नगर प्राचीन काल मे मत्स्य देश में परिगणित था। मत्स्य देश की स्थिति वर्तमान में अलवर, धौलपुर, भरतपुर और जयपुर के प्रदेशों मे सीमित हैं। जैन शास्त्रो मे साढे पचीस आर्य देशो के अन्तर्गत इसकी गणाना की गयी है। मत्स्यदेश की राजधानी विराटनगरी थी, जो वर्तमान जयपुरसे उत्तर-पूर्व मे ४२ मील दूरी पर है। मत्स्य-जनपद कुरु-राज्य के दक्षिण ओर यमुना के पश्चिम मे था। तीर्थंकर महावीर का समवसरण यहां आया,

---

५. बुधसदसि सदस्यान् बोधयन् विश्वविद्या व्यवृणुत बुधचक्रीत्युच्छलत्कीर्तिकेतुः (आदि पु. २१।१५६)। समं विदग्धमण्डल्या विद्यागोष्ठीरभावयत्। (वही, २१।१३०)

६. विशिष्टकाव्यगोष्ठीभिदव्यस्तामित्यरंजयन् (आदि पुराण १२।२१२)

७. हरिवंशपुराण–३।३-७

८. भगवान् महावीर के श्रीमालनगर एवं अर्बुद (अबू) पर्वत मे आगमन की सूचना १३ वीं शती के शिलालेखो से भी प्राप्त होती है। (द्र. Progress Report of Archaeaological Survey, Western Circle, 1907, p. 35)

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

और यहां के राजाओं ने अत्यन्त हर्षोल्लास के साथ उनके धर्मोपदेश को सुना। तीर्थंकर महावीर के यहां पहुंचने का प्रभाव आज भी विद्यमान है।

आबू के राजा नन्दिवर्द्धन ने जब महावीर के समवशरण की चर्चा सुनी थी, तो उनका मनमयूर भी हर्षोन्मत्त हो नृत्य करने लगा था।[9]

प्रसिद्ध इतिहासकार ओझाजी के शब्दों मे मेवाड़ राज्य मे सूर्यास्त कें अनन्तर रात्रि-भोजन की आज्ञा न थी।[10] कर्नल टांड साहब का कथन है कि कोई भी जैन यति उदयपुर मे पधारे, तो उसे रानी महोदया आदरपूर्वक राजमहल मे लाकर सम्मानपूर्वक ठहराती और आहार का प्रवन्ध करती थी।

आमेर-जयपुर के राजे कछवाहे (कच्छपघात) राजपूत थे।[11]

वर्तमान जयपूर के निर्माण का श्रेय महाराजा सवाई जयसिंह (१६९९–१७४३ ई.) को है। महाराजा जयसिंह की शासन-व्यवस्था मे जैनियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इनके शासन कें उच्च पदों पर अधिकांश जैन थे। जैनियो की अहिंसात्मक संस्कृति जयपुर नगरमे प्रतिबिम्बित हुई है और शासकीय आदेश से जीवहिंसा, वेश्यावृत्ति एवं मद्यपान निषिद्ध रहे हैं।

राजस्थान की इस पावन भूमि के प्रति तथा इस पुण्यभूमि मे जन्म लेकर, या निवास कर, अथवा राजस्थानी भाषा का आश्रय लेकर, प्राकृत व जैन धर्म-दर्शन के क्षेत्र में ज्ञात या अज्ञात रूप से कार्यरत साहित्यकारो व मनीषियों आचार्यो के प्रति भी हमारा यह मस्तक स्वतः श्रद्धावनत हो जाता है।

आचार्य सिद्धसेन (५वीं शती), आचार्य उद्योतनसूरि (८वी शती), आचार्य हरिभद्र (८वी शती), आचार्य सिद्धर्षि (१०वी शती), आ. धनपाल (वि. ११वी शती), पं. आशाधर (वि. १३वी शती), आचार्य समयसुन्दर (१७वी शती), उपाध्याय मेघविजय (१८वी शती), आदि विद्वानो के अतिरिक्त, आचार्यकल्प, पं. टोडरमल (१८वी शती), पं. दौलतराम कासलीवाल (१८वी शती), पं. सदासुखदास (१८-१९वी शती), पं. जयचन्द्र जी छाबडा (१८-१९वी शती) तथा पं. चैनसुखदास जी न्यायतीर्थ (बीसवी शती के नाम अत्यन्त श्रद्धा के साथ स्मरणीय है।

इनके अतिरिक्त भी, अनेकानेक विद्वान हैं जिनका उल्लेख इस छोटे से निबन्ध मे करना सम्भव नही है। जैन श्वेताम्वर तेरापन्थी सम्प्रदाय अपने उद्भव काल से ही संस्कृत व राजस्थानी आदी भाषाओं में प्राकृत व जैन विद्या की सेवा करता आ रहा है, जो हमारे लिए गौरव की बात है।

---

९. रा. रा. वासुदेव गोविंद आपटे, जैन धर्म का महत्व, सुरत, भाग १, पृ. ३७

१०. ओझाजी कृत अनूदित, टांड राजस्थान-प्रथा, पृ. ११।

११. राजस्थान का यह पश्चिमी भाग ढुंढाहड़ देश कहलाता था। नरवर (ग्वालियर) के एक कच्छपघातवंशी राजकुमार सोढदेव ने १०-११वीं शती ई. मे यहां आकर अपना स्वतन्त्र राज्य स्थापित किया और दौसा नामक नगर को अपनी राजधानी बनाया था। तदनन्तर क्रमशः खोह और रामगढ़ को राजधानी बनाया गया और १३वीं शती ई. कें लगभग आमेर (अम्वावती) दुर्ग का निर्माण करकें उसे राजधानी बनाया गया। सवाई जयसिंह द्वारा १७२७ ई. मे जयपुर नगर का निर्माण होने तक आमेर ही राजधानी बना रहा, तदुपरान्त उसका स्थान जयपुर ने ले लिया।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

(ग) जैन विद्वानों द्वारा लिखित संस्कृत अभिलेख-

जैन विद्वानो ने कई संस्कृत अभिलेख भी लिखे हैं। कुमारपाल का चित्तौड़ अभिलेख (११५० ई.), बिजोलिया अभिलेख (११६९ ई.), तथा सून्धा अभिलेख (१३१९ ई.) दिगम्बर विद्वानो द्वारा बस्कृत मे लिखे गये हैं। इस प्रकार के अन्य अभिलेख भी खोजे जा सकते हैं जो न केवल ऐतिहासिक महत्व के हैं अपि तु उनका काव्य पक्ष भी अध्ययन के योग्य हैं।

(घ) जैन ग्रन्थ भाण्डार और संस्कृत साहित्य-

जैन ग्रन्थ भण्डारो की स्थापना मे जैन विद्वानो एवं राजपुरुषों सभी का योगदान रहा हैं। इसके पिछे साहित्य के प्रति जितना प्रेम.था, उतना ही धार्मिक भावना भी रही है । जैन विद्वानों ने ग्रन्थ भण्डारो की स्थापना करने तथा ग्रन्थो की प्रतियां लिखने-लिखवाने कें कार्य को पुण्यप्राप्ति का साधन बना दिया था। इसलिए पश्चिमी भारत मे सैंकडां ग्रन्थभण्डार स्थापित हो सके हैं, तथा उनमे लाखो ग्रन्थ सुरक्षित रहे सके है। इस क्षेत्र मे आचार्यं धर्मघोषसूरि (११३० सं.), सोमसुन्दरसूरि (१४७१), जिनभद्रसूरि (१४७५ सं.), आदि के प्रयत्न उल्लेखनीय है। राजस्थान के जैन ग्रन्थ-भण्डारो का अध्ययन डॉ. कस्तूरचन्द कासलीवाल, मुनि पुण्यविजय, अगरचन्द नाहटा प्रभृति विद्वानो ने किया हैं। अभी तक प्रत्येक भाषा की कितनी पाण्डुलिपियां इन भण्डारो मे हैं, इसका निर्णय नही हुआ है। न केवल राजस्थान मे, अपितु भारत के अन्य-अन्य प्रान्तो के ग्रन्थ भण्डारो मे भी पश्चिमी भारत के जैन-विद्वानो की संस्कृत रचनाएं प्राप्त होती है। अतः जब तक समस्त ग्रन्थ भण्डारो की पांडुलिपियां का भाषा की दृष्टि से विभाजन न हो, तब तक जैन संस्कृत ग्रन्थो की संख्या का पता लगाना कठिन है। इस प्रकार का कार्य विभिन्न भाषाओ के जानकार कर्मठ शोधकर्ता ही कर सकते है।

२. वर्तमान प्रगति-स्थिति का विहंगम-अवलोकन

प्राकृत एवं जैनविद्या के अध्ययन, अध्यापन एवं अनुसंधान की दृष्टि से भारत और विदेशो मे पर्याप्त प्राप्ति हुई है।

(क) भारतीय विश्वविद्यालय एवं शिक्षण संस्थान-

भारतीय विश्वविद्यालयो मे 'प्राकृत एवं जैन विद्या' विषय को स्नातक, स्नातकोतर एवं शोध विषयो के अन्तर्गत (मुख्य एवं गौण रूप से) विश्वविद्यालयो मे स्थान प्राप्त हैं।

इनमे कुछ विश्वविद्यालयो मे तो प्राकृत। जैनविद्या। जैन दर्शन के स्वतन्त्र विभाग भी कार्यरत हैं,, बिहार (वैशाली), उदयपुर, पूना, पंजाबी (पटियाला) एवं सम्पूर्णानन्द संस्कृत (वाराणसी) आदि विश्वविद्यालयो के नाम प्रमुख है। केन्द्रिय शिक्षा-मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान मे कार्यरत एवं विधि-प्रतिष्ठित राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान (दिल्ली) द्वारा संचालित श्री लालबहादुर शास्त्री केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ (नई दिल्ली) में भी जैन दर्शन का विभाग स्वतन्त्र रूप से कार्यरत है। उक्त विद्यापीठ में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं शोध-उपाधि हेतु प्राकृत एवं जैन-दर्शन के अध्ययन, अध्यापन व शोध-मार्गनिर्देशन की व्यवस्था है। इसके अतिरिक्त, इस संस्थान मे प्राकृत व जैन विद्या के क्षेत्र मे गम्भीर व शास्त्रतलस्पर्शी अध्ययन एवं अनुसन्धान करने वाले व्यक्त को 'शास्त्रचुड़ामणि' उपाधि भी दी जाती है जो अपने आप मे अद्वितीय है।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

उक्त विश्वविद्यालयो से सम्बद्ध, या स्वतन्त्र रूप से, अनेक संस्थाए भी प्राकृत एवं जैन विद्या के क्षेत्र मे अनुसन्धान का कार्य कर रही हैं,

इसके अतिरिक्त, कुछ अन्य संस्थाओ मे भी जैनदर्शन व प्राकृत के अध्ययनादि की व्यवस्था है।

(ख) प्रकाशन संस्थाएं–

प्राकृत व जैन साहित्य के प्रकाशन के क्षेत्र मे भी अनेकानेक संस्थाए देश में महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं–

(ग) विदेशी विश्वविद्यालय

विदेशों मे भी अनेक स्थानो मे प्राकृत व जैन विद्या के क्षेत्र मे सन्तोषजनक कार्य हो रहा है।

जैन विद्या व प्राकृत भाषा से सम्बन्धित अनुसन्धान एवं साहित्य-प्रकाशन आदि कार्यों का विस्तृत विवरण देने से पूर्व, प्राकृत व जैन विद्या का ऐतिहासिक सर्वेक्षण करना उचित होगा ताकि उसके प्राचीन वैभव की झांकी मिल सके।

३. प्राकृत व जैन विद्या का ऐतिहासिक सर्वेक्षण

(क) धर्म दर्शन एवं भाषाए–

किसी देश या जाति की विशेषता उसकी, सभ्यता व संस्कृति के कारण होती है। सभ्यता व संस्कृति उस देश या जाति के भौतिक व आध्यत्मिक ज्ञान-विज्ञान को प्रतिबिम्बित करती है। किसी जाति या देश के ज्ञान-विज्ञान की प्रगति का मुख्य आधार है–उस जाति-विशेष के सदस्यो, उस देश-विदेश के नागरिको का चिन्तन एवं विचार। विचार या चिन्तन की अभिव्यक्ति भाषा के माध्यम से ही सम्भव होती है।

भाषा और विचार का मिश्रित रूप साहित्य के रूप में प्रकट होता है।[१३] दूसरे शब्दो मे भाषा और विचार- इन दो तट-बन्धो के बीच साहित्य की धारा प्रवाहित होती है। इसलिए, किसी देश या जाति के चिन्तन के स्तर को समझना हो तो उस देश या जाति का साहित्य एक प्रमुख साधन माना जाता है।

भारतीय अध्यात्म-चिन्तन की गंगा यहां दो प्रमुख धाराओं में प्रवाहित होती रही है– (१) वैदिक और (२) श्रमण। इन दोनो धाराओ ने चिरकाल से भारतीय ज्ञान-विज्ञान को

---

१२. इदमन्धं तमः कृत्स्नं जायेत भुवनत्रयम्। यदि शब्दाह्वयं ज्योतिः, आसंसारान्न दीप्यते (दण्डिकृत काव्यादर्श, १।४) ॥ वाचामेव प्रसादेन लोकयात्रा प्रवर्तते (वही १।३)। न सोऽस्ति प्रत्ययो लोके, यः शब्दानुगमादृते ॥ अनुविद्धमिव ज्ञानं सर्वं शब्देन भासते (वाक्यपदीय, ब्रह्मकाण्ड १२३)।

१३. शब्दार्थौ सहितावेव प्रतीतौ स्फुटतः सदा। सहिताविति तावेव किमपूर्वं विधीयते ॥ (वक्रोक्तिजीवित, १।१६) ॥

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

समृद्ध और जनजीवन को प्रभावित किया हैं। इन दोनो धाराओं नें परस्पर आदान-प्रदान करके हुए भी, अपनी मौलिक विशेषता को सुरक्षित रखा हैं। एक बार इन दोनों धाराओ के बीच एक तीसरी धारा भी उत्पन्न हुई, तब एक पावन 'संगम' तीर्थ का वातावरण बन गया, वह काल था – उपनिषद्-युग। औपनिषदिक विचार-धारा मे इन दोनो धाराओ के मिश्रित रूप का दर्शन होता हैं। दूसरे शब्दो मे, भारतीय संस्कृति व दर्शन के उदात्त पक्ष का समष्टि व मिला-जुला रूप औपनिषदिक साहित्य में प्रतिबिम्बित हुआ है। इस विचार-धारा ने भारतीय चिन्तन को नया आयाम दिया। फलस्वरूप परवर्ती काल में विविध भारतीय दर्शनो का उदय व विकास हुआ।

जैन व बौद्ध-धर्म-दर्शन जहां श्रमण संस्कृति से जुडे हैं, वहां अन्य दर्शन वेद-प्रमाणता को स्वीकार करते हुए वैदिक व औपनिषदिक संस्कृति से अनुबद्ध हैं। कहना न होगा कि इन दर्शनो ने जहां भारतीय दर्शन को समृद्ध किया हैं, वहां भारतीय भाषा को भी समृद्धि व गौरव प्रदान किया हैं।

(ख) भाषा-नारी की स्वच्छन्दता पर अंकुश

काल व क्षेत्र (समय व स्थान के भेद) के निमित्त से यथोचित परिवर्तित होने की नैसर्गिक क्षमता प्रत्येक जन-भाषा में होती हैं। वह एक स्वच्छन्द व उन्मुक्त विचारों वाली किशोरी के समान हुआ करती है। किन्तु जब साहित्यकार उस भाषा को अपनीं साहित्यिक सृष्टि के माध्यम के रूप मे अपनी सहचरी बनाता हैं, तो वह भाषा एक लजीली वधू की तरह अवगुण्ठन मे सिमट जाती है।[14] लौकिक स्त्री के लिए शास्त्रों मे जहां तेज़ चलना वर्जित[15] किया गया, उसी तरह भाषा की गतिशिलता भी नियन्त्रित कर दी गई[16]। अनियन्त्रित व नियन्त्रित भाषा के भेद को स्पष्ट करने हेतु इनका नामकरण क्रमशः 'प्राकृत' व 'संस्कृत' किया गया। जिस प्रकार नीच-जन-सेविनी नारी समाज मे निन्दित होती हैं,[17] उसी प्रकार अशिक्षित।अशिष्ट वर्ग द्वारा सेवित व अमर्यादित जनभाषा को भ्रष्ट (व्याकरण की मर्यादासे च्युत, अपभ्रष्ट, अपभ्रंश) कहा जाने लगा।[18] इसके प्रयोक्ता को महाभाष्यकार (ई. १५० पू.) पतंजलि ने

---

१४. योषितां भूषणं लज्जा (उत्तर पु. ५४।५४)। ण भूसणं भूसयते सरीरं विभूषणं सीलहिरी य इत्थिए। गिरा हि संखारजुया वि संसती अपेसला होइ असाहुवादिणी (बृहत्कल्प-भाष्य ४११८)।

१५. न त्वरितं व्रजेत् (याज्ञवल्क्य स्मृति - १।८७ की मिताक्षरा टीका से उद्धृत शंखमत)।

१६. एतदेव विपर्यस्तं संस्कारगुणवर्जितम्। पाठ्यं नानावस्थान्तरालकम् (भरत-नाट्यशास्त्र १८।२)।

१७. कुस्त्री सज्जनसंगमे न रमते, नीचं जनं सेवते (सुभाषितरत्नभाण्डागार, स्वभाववर्णन २१, पृ. ८४)।

१८. शब्दः संस्कारहीनो यः गौरिति प्रयुयुक्षिते। तमपभ्रंशमिच्छन्ति विशिष्टार्थं निवेशितम् (वाक्यपदीय, ब्रह्मकाण्ड १४८)।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

'म्लेच्छ' तक बताया।[19] गरुडपुराणकार ने 'प्राकृत' सुनने मात्र से द्विज की अधोगति का प्रतिपादन किया है।[20]

(ग) भाषा-विकास की प्रक्रिया

प्रत्येक युग में एक सामान्य-जनप्रचलित भाषा होती है। स्थानादिभेद से उसमे एकरूपता समाप्त होने लगती हैं, और रूपो आदि की विविधता उत्पन्न हो जाति है। विजेता और विजित जाति का पारस्परिक सम्पर्क, जलवायु कीं स्थिति मे परिवर्तन, लोगो का एक देश से दूसरे देश मे स्थानान्तरण, उस अवधि मे अभिव्यति-शैली व संकेत-पद्धति मे सुधार-इन सब कारणों से भाषा मे परिवर्तत होता हैं। उसी के समानान्तर एक साहित्यिक भाषा का जन्म होता है। जो सभ्य एवं सुशिक्षित जनो द्वारा व्यवहित होती है, और सामान्य-जन-भाषा की तुलना मे अधिक परिनिष्ठित, परिमार्जित, मर्यादित, एवं एकरूपता-सम्पन्न होती है। दूसरी तरफ, जनभाषा बराबर बदलती रहती है। कालान्तर मे विद्वान विचारकों के प्रयत्न से रूपवैविध्य-युक्त इस जन-भाषा को पुनः एक परिनिष्ठित रूप देने का प्रयत्न होता है। लोकभाषा के प्रादेशिक मत-भेदो का समन्वय कर किसी एक देश-व्यापी भाषा को सर्वदेशीय प्रतिनिधि भाषा के रूप मे प्रस्तुत किया जाता है। ऐसी स्थिती मे पूर्व साहित्यिक भाषा से पृथक, एक दुसरी साहित्यिक भाषा का अवतरण होता है इसे उच्चारणादि की अशुद्धता से सुरक्षित रखने हेतु, व्याकरण के नियमो मे बांध दिया जाता है। इस प्रकार, यह भाषा सुसंस्कृत, सुसज्जित रूप प्राप्त कर लेतीं हैं। उदारवादी विचारको के प्रयत्न से लोक-प्रचलित उपयोगी अपार शब्द-भाण्डार इस सुसंस्कृत भाषा मे समाहित कर लिया जाता है। इस प्रकार, साहित्यिक सुसंस्कृत भाषा सामयिक लोकभाषा से गुणवत्ता प्राप्त करती रहती है।

किन्तु दूसरी तरफ, धीरे-धीरे, उक्त साहित्यिक सुसंस्कृत भाषा सामान्य जनता कीं अपेक्षा वर्ग-विशेष एवं स्थान-विशेष मे सिमट जाती है। शब्दो के ग्राम्य रूपो के लिए इसमे प्रायः स्थान नहीं होता। सामान्य जन, महिला, एवं अल्प-शिक्षित वर्ग मे उसका व्यवहार धीरे-धीरे समाप्त होतां जाता है। कठिनता से सरलता की ओर अग्रसर होने वालीं सामान्य-जन-भाषा परिवर्तित व विकसित होती हुई, स्वरूप की दृष्टि से साहित्यिक भाषा से कोसों दूर बढ़ जाती है, और असमानता धारण कर लेती है। अभिजात वर्ग के अलावा सामान्य-जन एवं समाज के निचले वर्ग को दृष्टि मे रखकर भी साहित्यिक रचना करते हुए कुछ साहित्यकार आगें आते हैं। वे अपनी सुविधानुसार, किसी प्रादेशिक जनभाषा को साहित्यिक जामा पहना देते हैं। किसी धार्मिक नेता द्वारा यदि किसी प्रदेश-विशेष मे बोली जाने वाली जन-भाषा को उपदेश का माध्यम बनाया जाता है, उस स्थिति मे पुनः एक नई तीसरी साहित्यिक भाषा अवतरित होती है। विविध जन-भाषाओं से इस साहित्यिक भाषा का वैषम्य अधिक न बढे इस दृष्टी से वैयाकरण आगे आता है, और वह लोक-प्रचलित जन-भाषा के विविध प्रादेशिक स्वरूपों मे विकास-

---

१९. तस्माद् ब्राह्मणेन न म्लेच्छितवै, नापभाषितवै, म्लेच्छो ह वा एष यदपशब्दः (महाभाष्य पस्पशाह्निक, १।१।१, प्रयोजनाधिकरण)। न म्लेच्छितव्यं यज्ञादौ:स्त्रीषु नाप्राकृतं वदेत (सरस्वतीकण्ठाभरण, २।८)।

२०. लोकायतं कुतर्कं च प्राकृतं म्लेच्छभाषितम्। न श्रोतव्यं द्विजेनैतद् अधो गच्छति तद् द्विजम् (गरुडपुराण-पूर्व. ९८।१७)।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

प्रवृत्तियों को निश्चत कर, सामान्य नियम प्रस्तुत करता हैं। किन्तु भाषा का विकास रुकता नही। शब्दो का व्याकरण द्वारा निष्पन्न होना एक बात है, और लोक मे प्रयोग दुसरी बात। व्याकरण द्वारा भाषा को बांधने का उक्त प्रयत्न धीरे-धीरे शिथिल होता जाता है, और जन-भाषा नैसर्गिक गति से प्रवाहमान रहती है, क्योंकि प्रकृति की हर वस्तु की तरह भाषा भी ज्ञान व सभ्यता कें विकास के साथ-साथ, परिवर्तन-शील है। जब तक कोई भाषा अपने समय के समाज तथा लोक तत्त्वों से प्रेरणा ग्रहण कर जीवन्त रहती है, तब तक वह प्रचार-प्रसार का सशक्त माध्यम बनी रहती हैं। लेकिन ज्यों ही उसे व्याकरण के नियमों से जकड़ दिया जाता हैं, उसका विकास अवरूद्ध हो जाता हैं, और उसी भाषा का अर्वाचीन रूप कालान्तर मे लोकभाषा के तत्वो की प्रमुखता को अन्तर मे समेटता हुआ, नई भाषा के रूप मे प्रकट हो जाता हैं।

यह क्रम बार-बार घटित होता रहा हैं, जिसके फलस्बरूप, वैदिक संस्कृत लौकिक संस्कृत, प्राकृत, पाली, शौरसेनी, महाराष्ट्री, अपभ्रंश एवं अन्य वर्तमान भारतीय भाषाएं (हिन्दी राजस्थानी, पंजाबी, गुजराथी, मराठी, बंगाली सिन्धी आदि) साहित्यिक भाषा के रूप मे प्रतिष्ठित होती रही हैं। उक्त सभी साहित्यिक भाषाएं अपने पूर्ववर्ती काल मे जनभाषा ही थी। किन्तु समयानुसार शिष्ट व अभिजात वर्ग की परिष्कार भावना से तथा तत्कालीन साहित्यकारों के व वैयाकरणो के प्रयत्न से, मर्यादित, अलंकृत एवं परिनिष्ठित रूप प्राप्त कर, साहित्यिक क्षेत्र मे गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त करती रही हैं।

(घ) संस्कृत-प्राकृत आदि भारतीय भाषाएं : (वैदिक व ब्राह्मण युग)–

प्राचिन भारतीय आर्य भाषा के अन्तर्गत 'संस्कृत' भाषा का प्राचिनतम रूप हमें वैदिक साहित्य के रूप मे प्राप्त होता हैं। आजकल पढ़ाई जा रही संस्कृत भाषा के स्वरूप में वैदिक संस्कृत से अनेक रूपो मे भिन्नता हैं, अतः दोनो को अलग-अलग नामो से–(१) वैदिक संस्कृत (छान्दस), और (लौकिक (या साहित्यिक) संस्कृत भाषा पुकारा जाता हैं। चारों वेद ब्राह्मण, और प्राचिन उपनिषदो की भाषा वैदिक संस्कृत के अन्तर्गत हैं, और रामायण, महाभारत अदि महाकाव्यों की भाषा लौकिक संस्कृत के रूव में प्रसिद्ध हैं। वैदिक भाषा का प्राचीनतम रूप जो ऋग्वेद के प्रथम ब दसवे मंडल को छोडकर, अन्य मण्डलो में मिलता हैं वह उस समय की साहित्यिक भाषा का प्रतिनिधित्व करता हैं। विद्वानो के मत मे ऋग्वेद की भाषा तत्कालीन पुरोहिती ओर राजाओं की भाषा हैं, जबकि अथर्ववेद में मूल 'जन-भाषा' का रूप देखा जा सकता हैं।

वेद मे स्पष्ट संकेत है कि उस ससय विविध धर्म एवं विविध भाषाएं विद्यमान थी[21]। इस साहित्यिक भाषा (वैदिक छान्दस भाषा) एवं तत्कालीन जन भाषाओं के मध्य विषमता बहुत अधिक नहीं रही होगी। वैदिक भाषा मे भी जन-भाषा की तरह व्याकरणीक रूपों की विविधता दृष्टीगोचर होतो हैं। महाभाष्यकार पतंजली ने छान्दस भाषा कीं स्वछन्दता का संकेत भी किया हैं।[22]

---

२१. जनं बिभ्रती बहुधा विवाचसं, नानाधर्माणं पृथिवी यथौकसम्। (अथर्व १२।१।४५)

२२. योगविभागः कर्तव्यः। छन्दसि सर्वे विधयो भवन्तीति। सुपां व्यत्ययः। तिङां व्यत्ययः। वर्णव्यत्ययः। लिङ्गव्यत्ययः। पुरुषव्यत्ययः। कालव्यत्ययः। आत्मनेपदव्यत्ययः। परस्मैपदव्यत्ययः इति। (पाणिनिसूत्र-३।१।८५ 'व्यत्ययो बहुलम्' पर महाभाष्य)

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

ऐतिहासिकों का कहना है कि ऋग्वेद उस समय की रचना है जब आर्य सप्तसिन्धु-प्रदेश के आसपास विचरण करते थे। बाद में, आर्यजन मध्यदेश के मार्ग से होते हुए पूर्वी प्रदेश (वर्तमान बंगाल व बिहार आदि) तक पहुंचे। इस बीच, आर्यों का अनेक अनार्य कबीलो से सम्पर्क हुआ। अनार्यों ने आर्यो की छान्दस भाषा को सीखा तो ज़रूर लेकिन वे उसका शुद्ध उच्चारण न कर पाते थे, और वे आर्य-भाषा के शब्दो को तोड़-मरोड़ कर-विकृत रूप मे ही बोल पाते थे। आर्य लोगो ने अनेक स्थलो पर इस बात के प्रति अपना रोष प्रकट किया है कि आर्य भाषा के सरलतम शब्दो को भी अनार्य लोग बडी कठिनता से बोल पाते हैं[23]। ऐसे समय देश मे दो वर्ग ऐसे होंगे जिनमे एक तो शुद्ध उच्चारण का अभ्यस्त, एवं कट्टरवादिता का समर्थक था। और दुसरा, शिथिलता-अशुद्ध उच्चारण का सहज समर्थक। पहले वर्ग मे उदीच्य (उत्तरी प्रदेश = आधुनिक पंजाब, पश्चिमोत्तर प्रदेश अर्थात अफगाणिस्थान तक का भूभाग) के निवासी थे, और दूसरे वर्ग में थे प्राच्य देश (वर्तमान बिहार व बंगाल के निवासी)। कौषीतकी ब्राह्मण में स्पष्ट उल्लेख है कि उदीच्च प्रदेश के लोग शुद्ध उच्चारण करने मे अभ्यस्त हैं, दक्ष है, अन्य प्रदेश के लोग भाषा का शुद्ध उच्चारण सीखने हेतु उदीच्च लोगों के पास ही आते है, और जो उनके पास सही उच्चारण सीख कर आता है, उसका उच्चारणादि सुनना चाहते हैं।[24]

स्पष्ट है कि वैदिक युग मे छान्दस भाषा के अवांछित विकास (विक्रिया) को रोकने की ओर ऋषियों और विद्वानों का ध्यान था, किन्तु फिर भी, निश्चित व्याकरण के अभाव मे परिवर्तन होता रहा। इस स्वल्प परिवर्तन को वेद से लेकर ब्राह्मणो तक की भाषा मे देखा जा सकता है। 'ब्राह्मण' ग्रन्थो का प्रणयन ऋषियों द्वारा परस्पर की बोलचाल की, एवं अध्ययनाध्यापनादि मे प्रयुक्त भाषा-जो ऋग्वेदिक साहित्यिक भाषा की तुलना मे अधिक विकसित रूप वाली थी-में किया गया माना जाता है। सम्भव है कि ब्राह्मणग्रन्थो के प्रणेता ऋषि भाषानीति में कुछ उदारवादी रहे हो और प्राचीन शब्दो को अपनाने मे हिचकिचाहट न करते हो। कुच भी हो, छान्दस भाषा मे दिन-प्रतिदिन ग्राम्य बोलियो के शब्दों एवं निपातो का प्रवेश होने लगा, जिससे भाषा मे विकल्पो (रूप-भेदो) की अधिकता बढ़ती गई और (व्याकरण-सम्मत) नियमों की शिथिलता घर करती गई।

पाणिनियुग–

पाणिनि (ई. पू. ४००) के समय तक आते-आते समाज मे चिन्तन-धारा भी काफी विकसित हो चुकी थी। लोकायतिक, नास्तिक-आस्तिक, नियतिवाद आदि दृष्टियां (दर्शन) चर्चा की विषय थी। (बृहदारण्यकादिक रूप मे) औपनिषदिक विचारधारा भी अस्तित्व मे आ चुकी थी। साहित्यिक संस्कृत पहले की अपेक्षा अधिक व्यापक व प्रतिष्ठित हो गई थी। जन-भाषा के दो रूप बन गए थे–(१) उदक् (उदीच्य), और (२) प्राक् (प्राच्य)।[25] प्राच्य भाषा में तत्कालीन द्रविड़ व मुण्डा भाषा का प्रभुत्व था।

---

२३. अदुरुक्तं वाक्यं दुरुक्तमाहुः, अदिक्षिताः दीक्षितवाचं वदन्ति। (ताण्डचब्राह्मण १७।४)

२४. तस्माद् उदीच्यां दिशि प्रज्ञाततरा वाग् उद्यत, उञ्च उ एव यन्ति वाचं शिक्षितुं, यो वा तत आगच्छति, तस्य वा शुश्रूषन्त इति (कौषीतकिब्राह्मण, ७।६, एवं शांखायनब्राह्मण)।

२५. इरावती (शरावती) के पश्चिमोत्तर की भाषा उदक् थी, और दक्षिण-पूर्वी प्रदेश की भाषा

(*Continued on next page*)

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

अभिजात वर्ग मे जो भाषा प्रचलित थी या समादृत था, वह 'उदीच्य' थी। यही उस समय की परिनिष्ठित व शुद्ध भाषा मानी जाती थी। इस भाषा की शुद्धता की कीर्ति सर्वत्र व्याप्त थी प्रायः समाज के सभी लोग इसे बोलते-समझते थे। यही भाषा आगे 'चलकर, लौकिक संस्कृत' पद पर प्रतिष्ठित हुई। इसी भाषा को लक्ष्य कर यह कहा जाता है कि पाणिनि के समय मे 'संस्कृत' लोकप्रचलित भाषा थी।[26] वास्तविकता यह है कि इसका व्यवहार प्रमुख रूप से ब्राह्मण-वर्ग मे अधिक था। क्षत्रियादि मे इसका प्रयोग कुछ कम था, किन्तु वे अधिकांशतः इस भाषा को अच्छी तरह समझते थे, कुछ-कुछ बोल भी लेते थे। शूद्र वर्ग बोलने में सक्षम न भी हो, पर वह प्रायः टूटा-फूटा अर्थ समझ लेते थे। निचले (शूद्र–) वर्ग मे अपेक्षाकृत जनभाषा (प्राकृत) का व्यवहार प्रचलित था।[27] सामान्य जनता मे जो भाषा प्रचलित थी, वह 'प्राकृत' कहलाई। इस भाषा मे भी प्रादेशिक स्तर पर विविधता आने लगी थी।

प्राच्य प्रदेश के लोगो ने अपनी देशी भाषा के आधार पर, कालान्तर मे, जिस साहित्यिक भाषा (रूप) का निर्माण किया, वह 'मागधी प्राकृत' के नाम से विशिष्ट स्थान बना सकी। यें प्राच्य-भाषा (मागधी)-भाषा लोक (तथाकथित अनार्य या म्लेच्छ। असुर) छान्दस भाषा के 'र' के स्थान पर 'ल' का उच्चारण करते थे, और इस प्रवृत्ति के प्रति उदीच्य वालो का घोर आक्रोश था (यद्यपि बाद मे 'रलया' : डलयोरभेद : कहकर अनार्य-प्रवृत्ति से समन्वय हुआ है)। महाभाष्यकार पतंजलि ने लिखा है कि 'असुर' लोग 'अरयः' के स्थान पर 'अलयः' बोलते हैं। अतः ब्राह्मण लोग इस प्रकार का अशुद्ध उच्चारण कर म्लेच्छत्व के भागी न बने।[28] यास्क (वि. पू. ८००) के समय तक छान्दस भाषा इतनी अधिक विकसित हो चुकी थी कि वैदिक मन्त्रो का अर्थ समझना दुरुह हो गया था। भगवान महावीर और बुद्ध (ई. पू. छठी शती) के समय तक उक्त प्राच्य-भाषा छान्दस तथा ब्राह्मण-ग्रन्थो कीं भाषा से इतनी दूर चली गई कि उदीच्य प्रदेश से आने आने वाले व्यक्ति के लिए इसे समझना कठिण हो गया था। इसी

(*Continued from previous page*)

प्राक्।प्रागुदंची विभजते हंसः क्षीरोदके यथा। विदुषां शब्दसिद्धचर्थम्, सा नः पातु इरावती (काशिका–१।१।७५)॥ व्याकरण-शास्त्र मे शब्द-रूपो के भेद को व्यवत करने के लिए प्राच्य-उदीच्य का विचार इरावती (शरावती) नदी से किया जाता था। देशोऽयं भारतं वर्षं शरावत्यास्तु योऽवधेः। देशः प्राग्दक्षिणः प्राच्यः उदीच्यः पश्चिमोत्तरः (अमरकोश २।१।६–७)॥ शरावती सम्भवतः अम्बाला जिले की घग्घर नदी है।

२६. दूर से पुकारने (दूराद्धूते च–८।२।८४), अभिवादन का उत्तर देने (प्रत्यभिवादेऽशूद्रे ८।२।८३); प्रश्नोत्तर (पृष्टप्रतिवचने ८।२।९३), अथवा डांट-फटकार (भर्त्सने (८।२।९५) आदि व्यवहार के लिए पाणिनि व्याकरण कें सूत्रों मे नियम निर्धारित है, जिनसे यह सिद्ध होता है कि उस समय संस्कृत, सामान्यतः, लोग-भाषा थी।

२७. द्रष्टव्य, पाणिनि-सूत्र्-अशूद्रस्त्र्यसूयकेषु, भो राजन्यविशां च। (८।२।८३)

२८. तेऽसुरा हेलयो हेलय इति कुर्वन्तः परावभूवुः। तस्माद् ब्राह्मणेन न म्लेच्छितवै, नापभाषितवै। म्लेच्छो ह वा एष यदपशब्दः (महाभाष्य, पस्पशाह्निक)। शतपथब्राह्मण मे भीं कहा है - तेऽसुरा आत्तवचसो हे अलयो हे अलय इति वदन्तः पराबभूवुः तस्मान्न ब्राह्मणो म्लेच्छेत्। असुर्या हि एषा वाक्।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

दृष्टि से, भगवान महावीर और भगवान बुद्ध, दोनो ने ही अपने उपदेश लोक भाषा प्राकृत-पाली मे ही दिए। इस प्रकार, जैन और बौद्ध धर्मों के प्रवर्तन से भी प्राकृत को बल मिल रहा था। जो भाषाएं अब तक प्राकृत जनो मे व्यवहृत थी, वे अब संस्कृत समाज मे भी छा जाने का उपक्रम करने लगी। संस्कृताभिमानी लोगों पर इसकी प्रतिक्रिया स्वाभाविक थी। फलस्वरूप शिष्ट भाषा को अपभ्रंष से सुरक्षित करने हेतु सीमा-बन्ध के रूप मे 'व्याकरण'-निर्माण की अनिवार्यता उत्पन्न हुई, और इसकी पूर्णता पाणिनि की 'अष्टाध्यायी' की रचना के रूप मे हुई।[29]

आ) पाणिनि ने प्रत्येक प्रत्येक प्रान्त व प्रदेश मे प्रचलित संस्कृत के विशिष्ट रूपो को यथा सम्भव, स्वीकृत करने का यत्न किया।[30] उन्हे योग-प्रमाण व संज्ञा-प्रमाण दोनो पक्ष स्वीकार थे और उन्होने लोक मे प्रचलित रूढ सज्ञा को भी प्रमाण माना।[31] इस प्रकार पाणिनि ने संस्कृत का एक देशव्यापी रूप उपस्थापित किया।

इस समय नए-नए ग्रन्थ, अध्ययन के विषय, एवं शब्द जन्म ले रहे थे। गद्य और पद्य की एक नूतन भाषा-शैली उद्भूत हो रही थी। संस्कृत भाषा कें विस्तार का क्षेत्र उत्तर मे कम्बोज-प्रकण्व (पामीर परगना) से लेकर पश्चिम कच्छ-काठियावाड, दक्षिण मे अश्मक (गोदावरी-तट का प्रदेश), और पूर्व मे कलिंग एवं सूरमस (असम की सूरमा नदीं का पर्वतीय प्रदेश) तक विस्तृत था, ऐसा अष्टाध्यायी के भौगोलिक उल्लेखो से ज्ञात होता है। (इसके अतिरिक्त स्थानीय बोलियां तो थी हीं।)

कहने की आवश्यकता नही कि उक्त व्याकरण की रचना करते समय आ-पाणिनि ने (जो स्वयं उत्तरीं भाग मे तक्षशिला के पास स्थित 'शालातुर'[32] नामक स्थान के थे) उदीच्य प्रदेश की भाषा को मौलिक आधार बनाया। जैसे कि उदिच्य भाषा की शुद्धता की चर्चा पहले की जा चुकी है, पाणिनि का ऐसा करना उपयुक्त भी था। स्वच्छन्दता से बिगड़ती जा रही भाषा को आ-पाणिनि ने पष्क्रितता के सांचे मे स्थीर कर दिया, इसलिए इस भाषा को संस्कृत कहा जाने लगा। पाणिनि से पूर्व भी, शब्दविद्या के अन्य आचार्यों ने इस भाषा को नियमबद्ध

---

२९. द्र.-समवायांग सूत्र, ९८, आदिपुराण-२८।२५०, चुल्लवग्ग-५।३३।११, धर्मबिन्दु-प्रकरण-३३

३०. संस्कृत के प्राच्य व उदीच्य रूपो मे थोड़ा-बहुत भेद यास्क के समय से चला आ रहा था। बह्वर्थक वैदिक धातुओ के किसी अर्थ का प्रचार एक प्रदेश मे था और किसी अर्थ का दूसरे प्रदेश मे। यास्क ने भी कहा है कि 'शव' धातु गति अर्थ मे केवल कम्बोजो मे प्रचलित थी, आर्यं जनपदो मे वह विकार अर्थं मे प्रयुक्त होती थी। 'दा' धातु काटने अर्थ मे प्राच्य देश मे व्यवहृत थी। उदीच्य जनपदो मे संज्ञा शब्द 'दात्र' काही प्रयोग प्रचलित था। शवतिर्गतिकर्मा कम्बोजेष्वेव भाष्यते। विकारमस्यार्येषु भाषन्ते शव इति। दातिर्लवनार्थे प्राच्येषु दात्रमुदीच्येषु (निरुक्त-२।२।८) महाभाष्य पस्पशाह्निक, पृ. ६२

३१. अनिर्दिष्टस्यापि गुणस्य भवति लोके सम्प्रत्ययः (महाभाष्य २।१।५५ पर तथा-द्रष्टव्य म. भा. २।१।५३)।

३२. यह स्थान सिन्धु-कुभा संगम के कोने मे ओहिन्द से चार मील पश्चिम मे था। वर्तमान मे यह 'लहुर' है।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

करने के प्रयत्न किये थे, पर वे एकांगी थे। उन सबमे पाणिनि व्याकरण विस्तार व गाम्भीर्य की दृष्टि से सर्वोत्तम (सीरमौर) सिद्ध हुआ। डॉ. सुनितिकुमार चटर्जी के शब्दो मे वैदिक भाषा और ब्राह्मण ग्रन्थो की साहित्यिक भाषा के पश्चात भारतीय आर्यभाषा का तिसरा रूप-साहित्यिक-संस्कृत-प्रतिष्ठित हुआ। फलतः यह उदिच्य बोलियो पर आधारित था, और मध्यदेश पूर्व तथा दक्षिण के भी अखिल ब्राह्मण जगत् ने इसे सहर्ष स्वीकार कर लिया।[33]

रामायण-काल–

पाणिनि के उक्त महनीय प्रयत्न के बावजूद, प्राकृत (जनभाषा) का प्रवाह अवरुद्ध नहीं हुआ। रामायण-काल (ई. पू. २००) तक आते-आते संस्कृत केवल द्विजाति-ब्राह्मण-वर्ग की भाषा बनकर रह गई।[34] संस्कृत की शुद्ध प्रयोग के प्रति व्याकरण की उपयोगिता अब भी मान्य थी।[35] व्याकरण के नौ सम्प्रदाय उस समय तक प्रसिद्ध थे।[36]

पतंजलि-काल–

आचार्य पतंजलि (१५० ई. पू.) के समय तक संस्कृत का प्रचार पाणिनि के समय की अपेक्षा कम हो गया। स्त्रियों मे संस्कृत का व्यवहार प्रायः उठ गया था।[37] क्षत्रियों व वैश्यों में भी संस्कृत का व्यवहार कम हो गया था, यद्यपि वे संस्कृत को पूर्णतया समझ लेते थे। इन सबके बावजूद, संस्कृत शिष्ट[38] समाज को परस्पर बांधने वाली एकमात्र 'सम्पर्क-भाषा' थी। इसका शब्दकोष भी पूर्वापेक्षया अधिक समृद्ध हो गया था। कल्पसूत्र, धर्मशास्त्र आदि की रचना हो चुकी थी। वेदांगसाहित्य उन्नति पर था। महाभारत का भी बृंहित संस्करण अस्तित्व में था। यज्ञीय संस्कृति के पुनरुत्थान का युग प्रारम्भ हो रहा था। यह सब था, किन्तु जनभाषा (प्राकृत) के विकास की गति अवरुद्ध नहीं थी, और हो भी कैसे सकती थी, क्योंकि भाषा का विकास सर्वशक्तिशालिनी 'प्राकृत' के अधीन है। पतंजलि के समय मे एक-एक शब्द के कई-कई जनभाषाई (अपभ्रंश) रूप प्रचलित थे। जैसे, 'गो' शब्द के गावी, गोणी, गोता, गोपोतलिका आदि प्राकृत रूप व्यवहार मे थे।[39]

---

३३. द्र.-भारतीय आर्यभाषा और हिन्दी, पृ. ७७

३४. यदि वाचं प्रदास्यासी द्विजातिरिव संस्कृताम्। रावणं मन्यमाना मां सीता भीता भविष्यति (वा. रामा. सुन्दरकाण्ड, ५।१४)। हनूमान् की उक्ति-यदि मैं संस्कृत में बोलूंगा तो सीता मुझे रावण (ब्राह्मण) समझ कर डर जाएगी।

३५. नूनं व्याकरणं कृत्स्नमनेन बहुधा श्रुतम्। बहु व्याहरताऽ नेन न किञ्चिदपभाषितम् (वा. रामा. किष्किन्धा, ३।२९)॥

३६. हनूमान् को 'नवव्याकरणार्थवेत्ता' (वा. रामा निष्किन्धा, २।२९) कहा गया है।

३७. अभिवादे स्त्रीवन्मा भूमेत्यध्येयं व्याकरणम् (महाभाष्य, पस्पशाह्निक, प्रयोजनाधिकरण)। प्राकृतम्-बालमहिलादिसुबोधं ... वचनमुच्यते (रुद्रट काव्यालंकार २।१२ पर नमि-साधु)।

३८. अस्मिन्नार्यावर्ते निवासे ये ब्राह्मणाः कुम्भीधान्याः अलोलुपाः अगृह्यमाणकारणाः-तत्र भवन्तः शिष्टाः। शिष्टाः शब्देषु प्रमाणम्। (महाभाष्य, ६।३।१०९)

३९. एकैकस्य शब्दस्य बहवोऽपभ्रंशाः, तद्यथा गौरित्यस्य शब्दस्य गावी, गोणी, गोता, गोपो-तलिका-इत्यादयो बहवोऽपभ्रंशाः (महाभाष्य, पस्पशाह्निक, वा. ६)।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

पतंजलि द्वारा निर्दिष्ट गावी, गोणी आदि रूप तत्कालीन प्राकृत (जनभापा) के ही हैं। गावी, गोणी शब्दों का प्राकृत मे प्रयोग विशेषावश्यक भाष्य' (ई. ६ठी-७वीं शती), तथा उस पर रचित कोटचाचार्यकृत वृत्ति (वि. ८वीं शती) में प्राप्त होता है।[40]

प्राकृत भाषाएं भी साहित्य-रचना मे प्रयुक्त होने लगी थी। साहित्य मे प्रयुक्त प्राकृत शब्द संस्कृत भापा मे भी प्रविष्ठ होने लगे थे, जिससे संस्कृत की अशुद्धता का भय वैयाकरणों को होने लगा था। शिष्ट जन भी व्यवहार मे व्याकरण के नियमो के प्रतिकूल प्रयोग कर जाते थे।[41] प्राचीनकाल मे भी, वैदिक भाषा में अनेक देशी रूप घुल-भिल गए थे। जैसे, वैदिक भाषा के विकृत, किंकृत, निकृत, दन्द्र - इनके जनभाषाई विकट, कीकट, निकट, दण्ड आदि रूप वैदिक भाषा मे (शुद्ध रूप मे) मान्य हां हो गए थे। 'ट' आदि मूर्धन्य ध्वनियां भारत-जर्मनिक परिवार की किसी भाषा के सम्पर्क से संस्कृत मे समाविष्ट हुई-ऐसा भाषाविदों का मत है। यही कारण था कि लौकिक संस्कृत मे कथासमय शब्द-भण्डार बढ़ता गया। उदाहरणार्थ, भद्रं ते, गोपेन्द्र - आदि शब्दो के प्राकृत रूप भदन्त व गोविन्द भी लौकिक संस्कृत मे प्रतिष्ठित हो गए। नूतन और नूत्न ये दोनों शब्द लौकिक संस्कृत में प्रचलित हैं। निश्चय ही इन दोनों मे एक दूसरे का प्राकृत रूप है। विदेशियों के आक्रमण के समय अरबी व तुर्की आदि के शब्द भी संस्कृत मे समाविष्ट हो गए। अनेक संस्कृत शब्दों का प्रचलन समप्त होकर, उनके सत्सदृश शब्दो का प्रचलन प्रारम्भ हो गया था।[42]

'जाने' के अर्थ मे सुराष्ट्र मे 'हम्म धातु का, मगध मे 'रंह' धातु का, और आर्य जनपदो मे 'गम' धातु का प्रयोग होता था।[43]

गति अर्थ मे 'शव' धातु का व्यवहार कम्बोजों मे ही सीमित हो गया, किन्तु आर्य लोग 'विकार' अर्थ मे ही इसका प्रयोग करते थे। प्राच्यों मे काटने के अर्थ मे 'दाति' शब्द का प्रचार था, तो उदीच्य देशो मे 'दात्र' का।

---

४०. भग्गनिविट्ठं गोणि (विशेषावश्यक भाष्य, १४३८)।
शिष्याचार्ययोर्गोण्युदाहरणम्। एगस्स धुत्तस्स सव्वावयवसुंदरा गावी कहिंचि भग्गा (विशेषावश्यक भाष्य- १४३७ पर कोटचाचार्यकृत वृत्ति)।

४१. उदाहरणार्थ, 'सारथि' अर्थ मे व्याकरण-सम्मत प्रयोग था-प्रवेता। किन्तु लोक मे 'प्राजिता' का प्रयोग ही प्रचलित था। आजकल भी अनेक व्याकरण-विरुद्ध प्रयोग प्रचलित हैं-जैसे अन्तर्राष्ट्रीय आदि। (द्र. -महाभाष्य-२।४।५६)

४२. 'ऊष' के अर्थ मे उषित, 'तेर' के अर्थ मे तीर्ण, 'चक्र' के अर्थ मे कृतवत् और 'पेच' के अर्थ मे पक्ववत् शब्द चल पडे थे। (यदेषां शब्दानामर्थेऽन्यान् शब्दान् प्रयुञ्जते। तद्यथा उषेत्यस्य शब्दस्यार्थे 'क्व यूयमुषिताः'। तेरेत्यस्यार्थे 'क्व यूयं तीर्णाः'। चक्रेत्यस्यार्थं 'क्व यूयं कृतवन्तः'। पेचेत्यस्यार्थं 'क्व यूयं पक्ववन्त' इति (महाभाष्य, पस्पशाह्निक, पृ. ६०)

४३. शवतिर्गतिकर्मा कम्बोजेष्वेव भाषितो भवति। विकार एनमार्याः भाषन्ते शव इति। हम्मतिः सुराष्ट्रेषु, रंहतिः प्राच्यमध्येषु, गमिमेव त्वार्याः प्रयुंजते। दातिर्लवनार्थे प्राच्येषु, दात्रमुदीच्येषु। (म. भा. पस्पशाह्निक, पृ. ६२)

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

संस्कृताग्रही ब्राह्मण एवं प्राकृत-समर्थक श्रमण-परम्परा मे विरोध के बीज का वपन होता जा रहा था।[44] ऐसी स्थिति मे भाष्यकार पतंजलि ने महाभाष्य की रचना कर भाषा की अशुद्धता से वेद की रक्षा के लिए ब्राह्मणों के लिए निष्काम भाव से व्याकरण के अध्ययन की प्रेरणा दी। उन्होंने साधु शब्दों के प्रयोग से धर्म व अभ्युदया, तथा अशुद्ध प्रयोग सें अधर्म व विनाश का भय भी प्रतिपादित किया।[45] उन्होंने शुष्क व्याकरण-सिद्धान्तो को लोक-व्यवहार के आधार पर सर्वजनग्राह्य बनाया। उसके प्रयत्न से प्राकृतो के बढ़ते प्रवाव पर कुछ अवरोध उत्पन्न हुआ। किन्तु व्याकरण की तुलना मे लोक-प्रयोग की प्रभुसत्ता, एवं जनभाषा की नैसर्गिक स्वच्छन्दता का मान उन्हे भी था। (यहां तक कि पाणिनिकृत तथाकथित पातालविजय (या जाम्बवतीविजय) मे भी ११वीं शती के नमि साधु (रुद्रटकृत काव्यालंकार के टीकाकार ने 'सन्ध्यांवधूं गृह्य करेण भानुः' इस पद्य को उद्धृत कर व्याकरण-विरुद्ध 'गृह्य' पद के प्रयोग पर ध्यान आकृष्ट किया है।) उक्त दृष्टि से आचार्य पतंजलि ने शास्त्र की रचना करते हुए भी यही कहा कि शास्त्र तो व्यवस्था करनेवाला है,[46] बह तो साधु शब्दों के निर्माण से परिचित करा कर, लोग के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है।[47] लिंगादि के प्रयोग का अधिकार तो लोकाश्रित ही है।[48]

महाभाष्यकार पतंजलि ने पाणिनि-व्याकरण की जों महत्ता स्थापित की, वह चिरस्थायी हो गई। यही कारण था कि कालान्तर मे, जबकि अष्टाध्यायी (पाणिनि) के पठन-पाठन की परम्परा ह्रास-शील हो गई थी,[49] बौद्धों व जैनों ने भी संस्कृत व्याकरणों की रचना की। बौद्धाचार्य चन्द्रगोमी (ई. ५वीं शती) ने 'चान्द्र व्याकरण'[50] लिखा। जैन विद्वान पूज्यपाद देवनन्दी (ई- ५वीं शती) ने भी जैनेन्द्र व्याकरण के अतिरिक्त पाणिनि व्याकरण पर 'शब्दावतार' नामक न्यास (अनुपलब्ध)[51] की रचना की। शाकटायन ने (शक सं. ७३६-८५) शाकटायन (संस्कृत) व्याकरण की, तथा आचार्य हेमचन्द्र (१२वीं शती ई.) ने सिद्धहैमशब्दानुशासन (संस्कृत व्याकरण की रचना की। इन सबके पीछे उद्देश्य स्वपरम्परा के लोगों के लिए

---

४४. येषां च विरोधः शाश्वतिकः इत्यस्यावकाशः-श्रमणब्राह्मणम्। (महाभाष्य-२।४।९)

४५. दुष्टः शब्दः स्वरतो वर्णतो वा मिथ्याप्रयुक्तो न तमर्थमाह। स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति यथेन्द्रशत्रुः स्वरतोऽपराधात् (महाभाष्य, पस्पशाह्निक, प्रयोजनाधिकरण)।

४६. शास्त्रेण नाम व्यवस्थाकारिणा भवितव्यम् (महाभाष्य-३।१९१)। साधुत्व-ज्ञानविषया सैषा व्याकरण-स्मृतिः (वाक्यपदीय, ब्रह्मकाण्ड, १४२)।

४७. संस्कृत्य संस्कृत्य पदान्युत्सृज्यन्ते (महाभाष्य-१।१।१)।

४८. लिङ्गमशिष्य लोकाश्रयत्वातू लिंगस्य (महाभाष्य-२।१।३६)।

४९. देशान्तरादागमय्य व्याचक्षाणान् क्षमापतिः। प्रावर्तयत विच्छिन्नं महाभाष्यं स्वमण्डले (राजतरंगिणी-४।४८८) ॥ नष्टो व्याकरणागमः। काले स दाक्षिणात्येषु ग्रन्थमात्रे व्यवस्थितः (वाक्यपदीय-२।४८९)।

५०. चन्द्राचार्यादिभिर्लब्ध्वा देशं तस्मात्तदागमम्। प्रवर्तितं महाभाष्यं स्वं च व्याकरणं स्मृतम् (राजतरंगिणी, तरंग-१, श्लो. १७६)।

५१. जैनेन्द्रं निजशब्दभोगमतुलं...आख्यातीह स पूज्यपादमुनिपः पूज्यो मुनीनां गणैः (श्रवणवेल्गोल शिलालेख, क्रम सं. ४०, शक सं. १०८५)।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

सरल व संक्षिप्त पध्दति का प्रस्तुतीकरण तथा भारतीय चिन्तन-धारा से जुडे रहने की प्रवृत्ति प्रतीत होती है।

(ड) प्राकृत भाषाओं का स्वर्णयुग :

इस प्रकार, संस्कृत व्याकरणकारों ने भाषा को 'असूर्यंपश्या राजदारा' की तरह जब मर्यादित कर दिया, वह (संस्कृत-भाषा) जनसामान्य से धीरे-धीरे सिमटती गई। दूसरी ओर, प्राकृत भाषाएं साहित्यिक रूप ग्रहण करने लगी थीं। देखा जाय तो सब भाषाओं की मूल 'प्राकृत' (जन-भाषा) ही है। भाषा का मूल-स्रोत तो जन-सामान्य ही होता है, और वही भाषा को समर्थ रूप प्रदान करता है। प्रत्येक भाषा की प्रारम्भिक अवस्था 'देशी' कही जाती है, क्योंकि उसका मुख्य प्रवाह देश, लोग, समाज मे रहता है। पुनः वह विशिष्ट जनों द्वारा संबरती हुई, परिनिष्ठित व साहित्यिक बनकर, समाज मे विशिष्ट भाषा का स्थान ग्रहण करती है। राजशेखर (ई. ९वीं शती) ने उक्त दृष्टि से ही प्राकृत को संस्कृत का मूल कहा है।[52] वाक्पतिराज (ई. ७६०) ने भी प्राकृत को भाषा-रूपी नदियों का उद्गम-स्रोत बताया है।[53] नमि साधु (११वीं शती ई.) ने इसे 'सकलभाषानिबन्धनभूतवचन' कहा है।[54] यही कारण है कि परवर्ती विद्वान ने 'प्राकृत' को नाटकों मे अप्रबुद्ध जनसमुदाय व महिला-वर्ग की भाषा के रूप मे ही निरूपित किया है।[55]

वैदिक युग मे कोई जन-भाषा थी, जिससे 'छान्दस' (वैदिक) भाषा विकसित हुई। इस छान्दस को भी अनुशासित, तथा इसमे से विभाषा के तत्व को निष्कासित कर देने पर 'संस्कृत' भाषा अस्तित्व मे आई। किन्तु संस्कृत व्याकरण के दुरूह नियमो से अपरिचित जन-सामान्य भाषा के स्वतन्त्र रूपों का निर्माण करता रहा। इस विकसित अर्वाचीन भाषा को जब साहित्यिक रूपता प्राप्त हुई तो वह प्राकृत (पालि, अर्द्धमागधी, शौरसेनी, महाराष्ट्री आदि) के रूप मे अस्तित्व मे आई। प्राकृत नामकरण से इसकी 'स्वाभाविक रूप से विकसित होने की स्वतन्त्र प्रवृत्ति' द्योतित होती है।[56]

---

५२. यद् योनिः किल संस्कृतस्य (बालरामायण, ४८)।

५३. सयलाओ इमं वाया विसंति, एत्तोय णेंति वायाओ। एंति समुद्दं चिय णेंति सायराओ च्चिय जलाइं (गउडवहो-६३)।

५४. क) बालानपि सद्बोधकारिणी कर्णपेशला। तथापि प्राकृता भाषा (सिद्धर्षिकृत उपमिति-भवप्रपञ्चकथा, ई. १०वीं शती)। प्राकृतं बालमहिलादिसुबोधं (काव्यालंकार २।१२ पर नमिसाधु)। बालस्त्रीमन्दमूर्खाणां नृणां चारित्रकांक्षिणाम्। अनुग्रहार्थं तत्वज्ञैः सिद्धान्तः प्राकृतः कृतः (हरिभद्रसूरिकृत धर्मबिन्दुप्रकरण, ३३, ई. ८वीं शती, तथा दशवैकालिवृत्ति-२०३)।

ख) द्र.-भरतनाटचशास्त्र १८।३०–३३, दशरूपक-२।६४–६६

५५. स्त्रीषु नाप्राकृतं वदेत्। संकीर्णं नाभिजातेषु नाप्रबुद्धेषु संस्कृतम् (सरस्वतीकण्ठाभरण, २।८, ई. ११वीं शती)। द्र.-भरतनाटचशास्त्र-१८।३०–३३; दशरूपक-२।६४–६६

५६. प्रकृति यानी सहज भाषा-व्यवहार। उससे उत्पन्न भाषा को 'प्राकृत' नाम दिया है। अथवा, प्राक्+कृत, अर्थात् संस्कृत की अपेक्षा पूर्ववर्ती भाषा-प्राकृतेति सकलजगज्जन्तूनां

(*Continued on next page*)

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

भ. महावीर और भ. बुद्ध इसी भाषा मे उपदेश देते थे।[57] जैनों मे लोकभाषा के प्रति इतना प्रेम था कि साधु के लिए विभिन्न देशों की भाषा (बोलियों) का ज्ञान होना अपेक्षित कहा गया।[58] मलधारी हेमचन्द्रसूरी (ई. ११वीं शती) ने कहा है कि जो देश-भाषाओं को नहीं जानता, वह धूर्तों द्वारा पद-पद पर वंचित हो जाता है।[59] अस्तु, प्राकृत रचना का श्रीगणेश ई. पू. ५०० के लगभग प्रारम्भ हो गया, भले ही उसका लिखित रूप बाद मे आया हो। प्रारम्भ मे प्राकृत के दो ही मुख्य रूप थे-पूर्वी (मागधी) और पश्चिमी (शौरसेनी)।

पूर्व की बोलियों मे साहित्य का नया जीवन प्रस्फुटित हुआ। पश्चिम की बोलियों मे साहित्य का श्रीगणेश कुछ बाद मे हुआ। मध्यदेश मे संस्कृत का प्रभाव बना रहा। प्राचीन और उदीच्य (संस्कृत) के मध्य भी एक ऐसी बोली थी जो न तो पश्चिमोत्तर उदीच्य की भांति रुढ़िबद्ध रही होगी, और न पूर्व की प्राच्या की तरह शिथिल व स्खलित ही। मध्यदेशीय इस बोली से अन्य प्राकृत-पाली-का उद्भव हुआ। इस पाली का परवर्ती रूप 'शौरसेनी' प्राकृत के रूप मे सामने आया। कुछ भाषावैज्ञानिक महाराष्ट्री को इस शौरसेनी का ही पश्चाद्वर्ती रुप मानते है। उक्त दोनो प्रदेशों के मध्य जन-साधारण मे एक अन्य बोली का भी प्रचलन था जिसमें मध्यदेशीय प्राच्या के तत्त्व मिश्रित थे। इस बोली का साहित्यिक रुप 'अर्धमागधी' नाम से पुकारा गया। बाद मे महाराष्ट्री का जन्म हुआ जो काफी समय तक एक परिनिष्ठित उच्च-स्तरीय साहित्यिक ललित भाषा के रूप मे प्रतिष्ठित रही।

लोकाश्रय के साथ-साथ, राज्याश्रय के भी प्राप्त होने से, प्राकृत को और भी बल मिला। सम्राट अशोक ने प्राकृत मे ही राज्यादेश उत्कीर्ण कराये। कलिंग के राजाओं के शासन मे भी प्राकृत को प्रतिष्ठा मिली, सम्राट खारवेल (ई. पूर्व १६६–१५२) ने हाथीगुम्फा (उडीसा प्रदेश के भुवनेश्वर से कुछ दूर उदयगिरि पर्वत पर बने एक गुफा मन्दिर) मे इतिहासप्रसिद्ध शिलालेख उत्कीर्ण कराया, जो प्राकृत मे ही है। खारवेल के युग मे ही लेखन कला का प्रचार हुआ, और जैन आगमों को लिपिबद्ध करने का सूत्रपात हुआ (जैन आगमो मे ब्राह्मी लिपी को श्रद्धा से नमस्कार किया गया है)[60]।

यही नहीं, वैदिक धर्मावलम्बी आन्ध्र-वंशी राजाओं ने भी प्राकृत को पूर्ण संरक्षण व संवर्धन प्रदान किया, और प्राकृत के अनेक कवियों को आश्रय दिया। सामान्य-जन मे भी प्राकृत भाषा रसिक चर्चा का माध्यम थी, जिसका निदर्शन 'गाथासप्तशती' (संग्रहकार आन्ध्रवंशी

(*Continued from previous page*)

व्याकरणादिभिरनाहितसंस्कारः सहजो वचनव्यापारः प्रकृतिः, तत्र भवं सैव वा प्राकृतम्। ... प्राक् पूर्वं कृतं प्राक्कृतं बालमहिलादिसुबोधं सकलभाषानिबन्धनभूतं वचनमुच्यते (रुद्रटकृत काव्यालंकार-२।१२ पर नमिसाधु, ११वीं शती)।

५७. समवायांग-३४।१११, औपपातिकसूत्र ३३, भगवतीसूत्र-५।१।९०, प्रज्ञापना सूत्र-१।७१

५८. बृहत्कल्पभाष्य (द्र. प्राकृत सा. का. इतिहास-जगदीशचन्द्र जैन, पृ. २२२)

५९. न मुणेइ देसभासा देसायारं न नीइ-विन्नाणं। ततो धुत्तहि पए पए य वंचिज्जए अबुहो (भवभावना-आ. हेमचन्द्र, ई. १२वीं शती)।

६०. णमो बम्भीए लिविए (द्र.-भगवतीसूत्र, अनगारधर्मामृत-४।१५।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

राजा शातवाहन-'हाल', ई. प्रथम शती) और 'वज्जालग्गं' (संकलनकार श्वेताम्बरमुनि जयवल्लभ, ई. ४थी शती व परवर्ती) मे देखा जा सकता है। आन्ध्रवंशी राजा शातवाहन (ई. २०–२४) के अन्तःपुर मे प्राकृत ही बोली जाती थी।[61]

शातवाहन राजा 'हाल' की विद्वत्-सभा के कवि पादलिप्तसूरि (विक्रम सम्वत १५१–२१९) ने 'तरंगवती' जैसी श्रेष्ठ प्राकृत कथा-कृति (अनुपलब्ध) की रचना कर परवर्ती साहित्यकारों के लिए मार्ग-निर्देशन प्रस्तुत किया (इस कृति का संक्षिप्त रूप नेमिचन्द्र गणि (१५वीं शती) कृत 'तरंगलोला' प्राप्य है)। आन्ध्रवंशीय शिलालेखों के अलावा, लंका, नेपाल, कांगडा, मथुरा आदि स्थानों मे प्राचीन शिलालेख प्राप्त हुए हैं जिनसे प्राकृत की जन-भाषा के रूप मे स्थिति प्रमाणित होती है। अजमेर (राजस्थान) से चालीस किलोमीटर दूर वारली ग्राम से एक प्राकृत अभिलेख प्राप्त हुआ है जो ई. पूर्व ४४३ का है। इसी के समकालीन दूसरा बौद्ध-शिलालेख बस्ती जिले (उत्तरप्रदेश) के पिपरहवा ग्राम से प्राप्त हुआ है। ई. पूर्व तीसरी शती का भी (राजा धर्मपाल का) एक सिक्का मिला है जो प्राकृत लेख से संयुक्त है। भारत के बाहर भी चीनी, तुर्किस्तान आदि मे, ब्राह्मी व खरोष्ठी लिपियों में प्राकृत लेख प्राप्त होते है जो तीसरी शती ई. के हैं।

आचार्य विमलसूरि (ई. १-२ शती) नें 'पउमचरियं' नामक जैन रामायण की रचना कर, प्राकृत भाषा को साहित्यिक काव्य-विधा के क्षेत्र मे जो सन्मान दिया वह उल्लेखनीय है। ई. चौथी शती मे संघदास गणी एवं धर्मदास गणी ने 'वसुदेवहिंडी' जैसी प्राकृत कथा की रचना प्रस्तुत कर, विश्वकथासाहित्य को समृद्ध किया है।

वाकाटकवंशी नरेश प्रवरसेन (ई. ४४०) तो स्वयं ही एक श्रेष्ट प्राकृत कवि थे। अनेक प्राकृत कवियों ने उनकें यहां सम्मानित पद पाया था। कन्नौज के राजा यशोवर्मन (ई. आठवीं शतीं) के आश्रित 'वाक्पतिराज' कविने प्रसिद्ध 'गउडवहो' महाकाव्य की रचना की। इसी राज्य ने प्राकृत-सट्टक 'कर्पूरमंजरी' आदि के निर्माता राजशेखर जैसे विद्वान (ई. ९-१० शती) को प्रश्रय दिया था।

इस प्रकार, साहित्यिक क्षेत्र मे संस्कृत व प्राकृत भाषाए समान रूप से प्रतिष्ठित हो गयीं। दोनों मिलकर समाज के सभी वर्गो को अनुरंजित करने लगीं। यही कारण है कि महाकवि कालिदास ने कुमारसम्भव में सरस्वती के मुख से संस्कृत व प्राकृत-दोनों भाषाओं द्वारा क्रम-क्रम से, 'वागर्थ-साहित्य' रूप शिव-पार्वती की स्तुति करायी है।[62] भरत कृत नाटचशास्त्र (ई. पूर्व ३ री शती से तीसरी शती ई. तक) में भी प्राकृत व संस्कृत दोनों के लोकमान्य होने का संकेत किया है।[63]

---

६१. श्रूयते च कुन्तलेषु सातवाहनो नाम राजा, तेन प्राकृतभाषात्मकमन्तःपुर एवेति समानं पूर्वेण (राजशेखर का काव्य-मीमांसा; पृ. ५०)।

६२. द्विधा प्रयुक्तेन च वाङमयेन सरस्वतीं तन्मिथुनं नुनाव। संस्कारपूतेन वरं वरेण्यं वधू-मुखग्राह्यनिबन्धनेन ॥ (कुमारसम्भव-७।४०)

६३. प्राकृतं संस्कृतं चैव चातुर्वर्ण्य-समाश्रमम् (नाटचशास्त्र-१८।२८)।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

'पाणिनि-शिक्षा' मे भी, संस्कृत-प्राकृत दोनो के वर्णो को ब्रह्मवाणी के रूप में निरूपित किया गया है।[64] इसी कथन में स्वर से स्वर मिलाकर, जैन शास्त्रो मे भी प्राकृत व संस्कृत को ऋषिभाषित कहकर दोनो को समान आदर दिया गया है।[65]

प्राकृत भाषा की सहज सरसता व शृंगाररसोचितता के कारण, प्राकृत काव्यरचनाएं समाज के शिक्षित-अशिक्षित दोनों वर्गों में लोकप्रिय हो गयी। कवि व विद्वान मुक्तकण्ठ से प्राकृत के गुणगान करने लगे।

(च) प्राकृत का यशोगान

गाथा सप्तशती (ई. १।४ शती) के अनुसार अमृतसम माधुर्यसम्पन्न प्राकृत भाषा को छोड़कर, अन्य किसी भाषा के माध्यम से, प्रणय व सौन्दर्य-चित्रण आदि कामचर्चा मे प्रवृत्त होने वाले को स्वयं पर लज्जित होना चाहिए।[66]

जयवल्लभ (ई. ४थी शती) के मत मे, मधुर व ललित वर्णो वाली शृंगारोचित प्राकृत भाषा में रचित काव्यों के रहते हुए, संस्कृत काव्य को कौन पढ़ना चाहेगा?[67] आठवीं शती के वाक्पतिराज कें अनुसार, सृष्टि के प्रारम्भ से ही नूतन-नूतन अर्थों से युक्त सुन्दर कृतियां यदि कहीं हैं तो प्राकृत में ही।[68] राजशेखर (ई. ९वीं. शती) ने कहा कि प्राकृत के सामने संस्कृत भाषा कटु (कड़वी) प्रतीत होती है,[69] तथा जितना अन्तर स्त्रियों व पुरुषों की वाणियों मे मधुरता की दृष्टि से होता है, उतना ही अन्तर प्राकृत व संस्कृत में स्पष्ट है।[70]

आर्यासप्तशती-कार (१५वीं शती) गोवर्द्धनाचार्य की दृष्टि में प्राकृत ही शृंगार-रस की रचना के लिए उपयुक्त है, संस्कृत के साथ शृंगार-रस को जोड़ना एक तरह से बल-प्रयोग ही है।[71]

---

६४. प्राकृते संस्कृते चापि स्वयम्प्रोक्ताः स्वयम्भुवा (पाणिनि शिक्षा, ३)।

६५. सक्कया पायया चेव भणिईत्यो होंति दोंण्णिया। एरमंडलम्मि गिज्जंते पसत्था इसिभासिया (अनुयोगद्वार सूत्र, वि. दूसरी शती, सूत्र-१२६, गाथा-११, द्रष्टव्य-सुत्तागमो भा. २, पृ. १११७; तथा स्थानांग सूत्र-७।४८।१०-व्यावर प्रकाशन, पृ ५८७)

६६. अमिअं पाइअकव्वं पढिउं सोउं अ जे ण जाणंति। कामस्स तत्ततत्ति कुणंति ते कहं ण लज्जंति (गाथा-सप्तशती-१।२)॥

६७. ललिए महुरक्खरए जुवईजणवल्लहे ससिंगारे। संते पाइयकव्वे को सक्कइ सक्कयं पढिउं (वज्जालग्गं)

६८. णवमत्थदंसण-संनिवेससिसिराओ बंधरिद्धीओ। अविरलमिणमो आभुवनबंधमिह णवर-पययम्मि (गउडवहो-६२)॥

६९. यद् योनिः किल संस्कृतस्य सुदृशां जिह्वासु यन् मोदते। यत्र श्रोत्रपथावतारिणि कटुर्भाषाक्षराणां रसः। (बालरामायण-४८-४९)॥

७०. परुसा सक्कयबंधा, पाउअबंधो वि होइ सुउमारो। पुरिसमहिलाणं जेत्तिअमिहंतरं तेत्तिअमिमाणं (कर्पूरमंजरी-१।८)॥

७१. वाणी प्राकृतसमुचितरसा बलेनैव संस्कृतं नीता (आर्यासप्तशती, १।५२)।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

दार्शनिक व धार्मिक क्षेत्र में भी स्वतन्त्र ग्रन्थों का प्रणयन हुआ, जिसमें आचार्य गुणधर कृत 'कसायपाहुड' (ई. ४७–१०१), पुष्पदन्त व भूतवलि कृत षट्-खण्डागम (६६–१५६ ई.) आचार्य कुन्दकुन्द (ई.१–२ शती) कृत प्रवचनसार, समयसार, पंचास्तिकाय, अष्टपाहुड आदि ग्रन्थ शिवार्यकृत भगवती आराधना (ई. प्रथम शती), तथा जिनभद्रगणि क्षमाश्रमण (ई. ६ठी शती) कृत विशेषावश्यक भाष्य आदि के नाम उल्लेखनीय हैं।

इस प्रकार, क्रमशः प्राकृत का भी उन्नयन हुआ, और उसे भी साहित्यिक प्रतिष्ठा प्राप्त हुई। आचार्य भरत ने नाटकों में भी पात्रों के अनुरूप, प्राकृत आदि भाषा के प्रयोग की प्रेरणा दी है।[72]

महाकवि कालिदास (ई. प्रथम शती) अश्वघोष (ई. १–२ शती), भास (ई. ३री शती) शुद्रक (ई. ५वीं शती), तथा विशाखदत्त (६ठी शती उत्त.) आदि कृत नाटकों में प्राकृतों का प्रयोग जन-सामान्य मे प्राकृत के व्यवहार को पुष्ट करने हेतु पर्याप्त हैं।

भरत (ई. पू. ३री शती से ३री शती ई.) कें अनुसार नायक आदि उच्च वर्ग की भाषा संस्कृत होनी चाहिए, किन्तु वे ऐश्वर्य से च्युत हों, या प्रमत्त हों, तो उनकी भाषा प्राकृत होनी चाहिए। भरत ने श्रमण, भिक्षु, स्त्री, बालकों की भाषा 'प्राकृत' निर्धारित की है।[73] अन्तःपुर मे मागधी, राजपुत्रों द्वारा अर्धमागधी, विदुषकादि द्वारा प्राच्या, नायिका-आदि द्वारा शौरसेनी (आवन्ती) का प्रयोग नाटक-शास्त्रोचित है।[74] दशरूपक (ई. ९९४–१०१८) के कर्ता धनंजय के अनुसार, उच्च वर्गो (कुछ जगह महारानी व वेश्या भी) की भाषा संस्कृत, स्त्रियों की सामान्यतः प्राकृत, सामान्य (अवर) वर्ग की भाषा शौरसेनी, तथा अत्यन्त नीच व्यक्तियों की भाषा पैशाची होती है।[75]

(छ) अपभ्रंशादि भाषाएं और जैन साहित्य

संस्कृत की भांति प्राकृत की शुद्धता बनाए रखने हेतु व्याकरण का निर्माण प्रारम्भ हुआ। भरत-कृत नाटचशास्त्र में प्राकृत-व्याकरण के नियम निरूपित किये गए मिलते हैं।[76] चन्द्रकृत (ई. ३–४ शती) 'प्राकृत लक्षण', आचार्य वररुचि कृत (ई. ४–६ठी शती) 'प्राकृत-प्रकाश' आदि स्वतन्त्र प्राकृत व्याकरण लिखे गये। काल-क्रम से, संस्कृत की तरह, प्राकृत भी

---

७२. नाटके सम्प्रयोक्तव्या वेशभाषाक्रियान्वितः (नाटचशास्त्र-२४।८०)। यद्देशं नीचपात्रं स्यात् तद्देशं तस्य भाषितम्। कार्यतश्चोत्तमादीनां कार्यो भाषाव्यतिक्रमः (दशरूपक २।६६)।

७३. नाटचशास्त्र-१८।३०–३३

७४. नाटचशास्त्र-१८।३७–४०

७५. देशभाषाक्रियावेशलक्षणाः स्युः प्रवृत्तयः। लोकादेवावगम्यौताः यथौचित्यं प्रयोजयेत्॥ पाठ्यं तु संस्कृतं नृणामनीचानां कृतात्मनाम्। लिंगिनीनां महादेव्या मंत्रिजा-वेश्ययोः क्वचित्॥ स्त्रीणां तु प्राकृतं प्रायः शौरसेन्याधमेषु च। पिशाचात्यन्तनीचादौ पैशाचं मागधं तथा॥ (दशरूपक २।६३–६६)॥

७६. द्र. नाटचशास्त्र-१८।५–२२

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

जन-भाषा से दूर हटती चली गई। जन-भाषा का विकास जारी रहा। वह जन-भाषा 'अपभ्रंश' रूप में साहित्यिक जगत में प्रतिष्ठित हुई।[77]

ई. छठी शती मे अपभ्रंश भाषा के रूप मे लोग-जीवन को आकर्षित करने लगी थीं। भामह (ई. छठी शती) ने काव्यालंकार में अपभ्रंश का उल्लेख संकृत व प्राकृत के समकक्ष साहित्यिक भाषा के रूप मे किया है।[78] इसके बाद दण्डी (९वीं शती) ने काव्यादर्श में संस्कृत प्राकृत, अपभ्रंश के साथ मिश्र भाषा इस प्रकार चार भाषाओं का निरूपण किया है। उद्योतनसूरि (८वीं शती) ने कुवलयमाला में, आचार्य रुद्रट (९वीं शती) ने काव्यालंकार में भी साहित्यिक प्राकृतो मे अपभ्रंष के प्रति सम्मानपूर्ण भाव व्यक्त किया है। राजशेखर (१०वीं शती) (काव्य-मीमासाकार) के समय तक अपभ्रंष राजसभा व विद्वत्परिषदों में समादृत हो गई थी। सरस्वतीकण्ठाभरण (११वीं शती) मे अपभ्रंष को सुकव्य-अर्थात काव्योपयोगी बताया गया है।[79]

विद्यापति (ई. १४वीं शती) के समय तक आते-आते अपभ्रंश की तुलनामें प्राकृत काव्य भी विद्वज्जन-बोध्य हो गए थे और देशी भाषाएं लोकप्रिय हो गई थीं।[80] काश्यपगोत्रीय ब्राह्मण पुष्पदन्त कवि (ई. १०वीं शती) ने राष्ट्रकुट-शासन मे 'महापुराण' जैसी सरस काव्य की रचना कर, अपभ्रंश को पूर्ण रूप से साहित्यिक क्षेत्र में प्रतिष्ठित कर दिया। कालान्तर में इसका प्रभाव बढ़ता ही गया। स्वयं संस्कृत के विद्वान मनीषी-जिनके पूर्वजों ने कभी इसे 'अपभ्रंश' कहकर तिरस्कृत किया था-इस अंगीकार करने लगे। इस भाषा ने राष्ट्रव्यापि रूप पाया। अपभ्रंष को राष्ट्रव्यापी महत्व दिलाने मे मान्यखेट के जैनधर्मावलम्बी राष्ट्रकूट (७-१०वीं शती), बंगाल के बौद्ध-धर्मानुयायी पाल शासक, तथा गुजरात के सोलंकी चालुक्य राजाओं (ई. ११-१२वीं शती) का प्रमुख हाथ रहा है।

आचार्य पुष्पदन्त (ई. १०-११वीं शती) का यह वर्णन कि भगवान ऋषभदेव ने संस्कृत प्राकृत व अपभ्रंश में रचना कर काव्य का सृजन करना सिखाया[81] इस तथ्य को पुष्ट करता है कि इस काल तक जैन समाज में उक्त सभी भाषाएं समादृत हो गई थी।

समग्र रूप में यह भाषा अपने युग की जातीय भवोन्मेष चेतना का वाहक बनी थी। जब संस्कृत, पालि, प्राकृत मे तर्कजाल, दार्शनिक दुरूहता, पिष्ट पेंषणता, पाण्डित्य-प्रदर्शन, अलंकारिक बोझिलता, अर्थ की कठिनता, चरित्रों की एकरसता का साम्राज्य था तब जनजीवन

७७. प्राकृतमेवापभ्रंशः (रुद्रटकृत काव्यालंकार की नमिसाधुकृत टीका, ११वीं शती)।

७८. काव्यालंकार-१।१६ (काव्यं गद्यं पद्यं च तद् द्विधा। संस्कृतं प्राकृतं चान्यदपभ्रंश इति त्रिधा)। छठीं शती के एक ताम्रपत्र (राजा धांरसेन द्वितीय से सम्बद्ध) में भी तीन भाषओं की चर्चा है (संस्कृत-प्राकृत-अपभ्रंशभाषात्रय-प्रतिबद्धप्रबन्धरचनानिपुणान्तः-करणः)।

७९. सरस्वतीकण्ठाभरण-२।१६

८०. सक्कउ वाणी बहुअ न भावइ। पाउव रस को मम्म न पावइ। देसिल-वअना सब जन-मिट्ठा। तै तैसन जम्पअ अवहट्ठा (विद्यापति)॥

८१. द्र. महापुराण-५।१८

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

के लिए अपभ्रंश एक नई आशा-किरण बनकर आई। उसमे सहजता और सरलता थी। जीवन का नया उत्साह और आवेग था। लोक जीवन का संस्पर्श था। लोक कथा और ग्राम्य गीतों की मधुरता थी। आभीर, गुर्जर आदि लोक-जातियों कीं स्वच्छन्दता और उन्मुक्तता थी। धार्मिक जीवन की उदात्तता के साथ जीवन के सरस प्रवाह की एकतानता थी। चरित्रों में वास्तविक जीवन का यथार्थ था।

अपभ्रंश जब साहित्य में जडीभूत और अवरुद्ध हो गई तों उसमे स्थानिय लोकतत्त्वों का समावेश अनिवार्य हो गया। परिणामस्वरूप स्थानीय भेद से विभिन्न नव्य भारतीय आर्य-भाषाओं - हिन्दी, गुजराती, मराठी, बंगाली, उड़िया, असमिया आदि का उदय हुआ। इस प्रकार अपभ्रंश का विकार या विकास ही हिन्दी अथवा अन्य भाषाएं हैं।

इस प्रकार, भारतवर्ष में जन-भाषा के विविध रूप अंकुरित, पुष्पित व परिर्वधित होते रहे हैं। तत्कालीन आचार्य यथासमय उनका आकलन व मूल्यांकन करते रहे हैं। संस्कृत प्राकृत अपभ्रंश आदि प्रमुख साहित्यिक भाषाओं के अतिरिक्त, उनके समानान्तर कई देशी भाषाएं भी अस्तित्व में रही है। ये सभी भाषाएं मिलकर वाङमयात्मक के काव्यपुरुष के विविध अंगो का निर्माण करती हैं, अर्थात प्रत्येक भाषा का, शरीर में अंगो की तरह, अपना-अपना वैशिष्ट्य हैं। इसीलिए आचार्य राजशेखर (ई. नौवीं शती) ने शब्दार्थात्मक, रसात्मक 'काव्यपुरुष' का मुख संस्कृत को बताते हुए, प्राकृत को बाहु, अपभ्रंश को जघन, पैशाची को पाद, मिश्र भाषा को जघन बताया है।[८२]

भरतमुनि (ई. पू. ३री शती से ३री शती ई. प. तक) कृत नाटचशास्त्र में शौरसेनी, अर्धमागधी, वाल्हीका, दाक्षिणात्या - इन सात भाषाओं का उल्लेख है। वररुची कृत प्राकृत प्रकाश (ई. ४–६ शती) में प्राकृत, पैशाची, मागधी, शौरसेनी, रुद्रट (ई. ६वीं शती से पूर्व) कृत 'काव्यालंकार'[83] मे प्राकृत, संस्कृत, मागधी, पैशाची, शौरसेनी, अपभ्रंश और राजशेखर (ई. १०वो शती) कृत काव्यमीमांसा मे संस्कृत, प्राकृत अपभ्रंश, पैशाची - इन भाषाओं का नामोल्लेख प्राप्त होता है। इसके अतिरिक्त, आचार्य यतिवृषभ (ई. ५४०–६०९) कृत तिलोयपण्णत्ति मे,[84] तथा निशीथचूर्णी में, और कुवलयमाला (ई. ८वीं शती) मे १८ देशी भाषाओं का उल्लेख प्राप्त होता है।

उक्त सभी जन-भाषाओं मे जैन मनीषियों ने भारतीय वाङमय के विविध विषयों - जैसे धर्म, दर्शन, न्याय, आचार, नीति, कथा, काव्य, तन्त्र-मन्त्र आदि - पर अपनी लेखनीं चलायी है, और भारतीय साहित्य को समृद्ध किया है।

आचार्य हेमचन्द्र और महापराक्रमी गुर्जरेश्वर जयसिंह सिद्धराज की प्रतिभासम्मिश्रण से गुजरात की सांस्कृतिक उन्नति चरम सीमा पर पहुंची। सिद्धराज युद्धविजेता थे, तो हेमचन्द्र वैराग्य व अध्यात्मचिन्तन के धनी थे। इन दोनों का संगम गुजरात के लिए अकृतपूर्व सांस्कृ-

---

८२. शब्दार्थौ ते शरीरम्, संस्कृतं मुखम्, प्राकृतं बाहुः, जघनमपभ्रंशः, ... पैशाचं पादौ उरो मिश्रम् ... रस आत्मा (काव्यमीमांसा, अ. ३, पृ ६)

८३. काव्यालंकार २।१२

८४. तिलोय-पण्णत्ति ४।२२६७

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

तिक अभ्युदय का कारण माना जाता है। कुमारपाल जैसे सातों व्यसनों के सेवक एवं ऐश्वर्य के विलासमय जीवन में डूबे राजा को आचार्य हेमचन्द्र ने परमधार्मिक बनाकर अहिंसा की सीमा विस्तीर्ण की, और लोगों मे उज्वल आचार-भूमिका का निर्माण किया। संक्षेप में गुजरात की प्रसुप्त सांस्कृतिक चेतना को जगने वाले आचार्य हेमचन्द्र ने गुजरात मे एक नये युग का निर्माण किया।

इसी तरह, मराठी वाङ्मय में जैन विद्वानो की कृतियों का ढेर है। जैन आचार्यों ने मराठी भाषा मे मौलिक ग्रन्थो का तो निर्णय किया ही, साथ ही संस्कृत के ग्रन्थो का अनुवाद भी किया।

आचार्य हेमचन्द्र ने संस्कृत और जैन संस्कृति का प्रचार गुजरात मे किया, उसी तरह सुप्रसिद्ध दार्शनिक आचार्य विद्यानन्द के साहित्यिक कार्यों और जैन शासन का प्रचार-क्षेत्र मैसूर राज्य रहा है। आ. विद्यानन्द (ई. ७७५–८४०) गंगनरेश शिवमार द्वितीय, और राचमल्ल सत्यवाक्य प्रथम के समकालीन थे। आचार्य विद्यानन्द की प्रतिमा दर्शनजात मे सर्वविदित है। उन्होने (तत्त्वार्थ श्लोकवार्तिक मे) घोषणा की कि ब्राह्मणत्व आदि जातियां सम्यग्दर्शनादि गुणों तथा मिथ्यात्वादि दोषों से व्यवस्थित है, न कि जन्मगत अधिकार से। कोई भी जाति नित्य और अनादि नहीं है। इस तरह के उदार विचार देश के सांस्कृतिक एकता की स्थापना के लिए महत्त्वपूर्ण है।

दक्षिण भारत मे जैन आचार्यों ने सांस्कृतिक एकता का प्रसार किया। मि. फ्रेर ने 'भारत के साहित्यिक इतिहास' नामक ग्रन्थ मे लिखा है कि यह जैनो के ही प्रयत्नो का फल था कि दक्षिण मे नये आदर्शो; नये साहित्य और नये भावं का संचार हुआ। रामस्वामि अय्यंगार के मत मे तमिल भाषा मे संस्कृत शब्दो का उपयोग पहले-पहले सबसे अधिक जैनो ने ही किया। संस्कृत शब्दो को उच्चारण की सुगमता की दृष्टि से यथेष्ट रूप मे परिवर्तित किया। तमिल साहित्य भी जैनो के संरक्षण मे ही विकास की चरम सीमा पर पहुंचा।

कन्नड़ साहित्य का ई. ६वीं शती से लेकर १२वीं शती तक का इतिहास जैनो के ग्रन्थो से ही पूर्ण है। इस काल मे सभी प्राचीन व श्रेष्ठ कृतियां जै कवियों की ही हैं। महाकवि अग्गल (ई. ११८६) जैसे कवियों ने सर्वप्रथम संस्कृत भाषा के बहुमूल्य सुन्दर भूषणों को पहना कर कन्नड़ सरस्वती को सजाया। यह सब जैन आचार्यों और विद्वानों के इस क्षेत्र मे विचरण और उनकी जन-सम्पर्कवृत्ति का प्रभाव है।

ऊपर के विवेचन से स्पष्ट है कि लोकभाषा के प्रति लगाव और उसकी सुरक्षा जैनधर्म का बहुत बड़ा प्रदेय (योगादान) है; दूसरे, उसने प्रत्येक युग के भाषा-साहित्य को पुरी प्रामाणिकता के साथ सुरक्षित रखा, जो भारतीय भाषा और साहित्य की निरन्तरता और विकास को समझने में बहुत सहायक हैं; तीसरे, लोकभाषा को धर्म का माध्यम बनाने पर बल देकर उसने धर्म चेतना और जनता के बीच जीवित सम्पर्क रखा। इसका फल यह हुआ कि मध्ययुग में राजनैतिक रूप से पराजित होने पर भी, भारत सांस्कृतिक दृष्टि से अपराजेय रहा। इतना ही नही, इस चेतना से उसने पुन: राजनीतिक स्वतंत्रता प्राप्त करने की प्रेरणा ली; जैन धर्म भी इस लोक-चेतना की उपेक्षा नहीं कर सका।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

(ज) देववाणी प्राकृत

जैन धर्म एक सर्वोदय धर्म है।[85] सामान्य जनता से लेकर उच्चवर्ग तक, वह सुख व शान्ति का उपदेश प्रदान करता है।[86] इसलिए, जैन साहित्य की रचना बहुमान्य लोकभाषा में ही हुई। भगवान् महावीर ने अपने विहार-क्षेत्र की लोकभाषा 'अर्धमागधी' प्राकृत में ही अपने उपदेश दिये।[87]

जिस प्रकार वैदिक संस्कृति में संस्कृत को देववाणी का दर्जा प्राप्त था,[88] उसी तरह जैन संस्कृति में प्राकृत को परमेष्ठी देव की वाणी होने के कारण, 'देववाणी' की संज्ञा प्राप्त हुई।[89]

अर्धमागधी-प्राकृत व ब्राह्मी लिपि व्यवहार करने वालों को जैन शास्त्रों में 'भाषार्थ' की संज्ञा दी गयी।[90]

(झ) जैनोंद्वारा संस्कृत व संस्कृति की सेवा

भारतीय इतिहास मे ई. पू. १८४ में शुंग वंश के पुष्यमित्र ने मौर्य वंश का अन्त कर मगध का शासन स्वायत्त किया। यह पुष्यमित्र ब्राह्मण धर्म का अनुयायी और श्रमण धर्म का विरोधी था। अतः इसके राज्यकाल मे प्राकृत की अवहेलना और संस्कृत भाषा का पुनरुत्थान हुआ। इसी समय, पतंजलि ने महाभाष्य की रचना की। गृह्य-धर्म-श्रौतसूत्रोंका रचना काल भी यही है। महाभारत का संस्करण भी तभी हुआ माना जाता है। धीरे-धीरे, संस्कृत भाषा तार्किकों के लिए एक अमोघ अस्त्र बन गई। इस स्थिति में जैन आचार्यों को भी अपने विचारों को व्यक्त करने के लिए संस्कृत भाषा का आश्रय लेना पड़ा।

---

८५. सर्वापदामन्तकरं निरन्तं सर्वोदयं तीर्थमिदं तवैव (युक्त्यनुशासन, ६१)।

८६. उच्चावचजनप्रायः समयोयं जिनेशिनाम्। नैकस्मिन्पुरुषे तिष्ठेत् एकस्तम्भ इवालयः (यशस्तिलक-आ. ८)॥ चतुर्वर्णफला सार्था चतुर्वर्गसमाश्रया (हरिवंश पुराण-जैन ५८।३)। सर्वार्धमागधीया भाषा मैत्री च सर्वजनताविषया (नन्दीश्वरभक्ति-४२)।

८७. उद्गमागहा भाषा-तेसिं सव्वेसिं आरियमणारियाणं अप्पणो समासाए परिणामेणं परिणमइ (औपपातिक सूत्र-३३, सुत्तागमो-१, भाग, पृ. ३४५-४६)। समवायांग ३४, सुत्तागमो-१ भाग, पृ. ३४६

८८. संस्कृतं नाम दैवी वाग्, अन्वाख्याता महर्षिभिः (दण्डीकृत काव्यादर्श-१।३३)। संस्कृतं स्वर्गिणां भाषा शब्दशास्त्रेषु निश्चिता (वाग्भटकृत काव्यालंकार-२।२)। विन्देम देवतां वाचम् अमृतामात्मनः कलाम् (उत्तररामचरित)। देवाद्याः संस्कृतं प्राहुः, प्राकृतं किन्नरादयः (सरस्वतीकण्ठाभरण, २।९, ११वीं शती)॥

८९. दिव्यभाषा तवाशेषभाषाभेदानुकारिणी (आदि पुराण-३३।४८)। त्वन्मुखात् प्रसूता वाणी दिव्या (वही-१।१८९)। नानाभाषात्मिकां दिव्यभाषामेकात्मिकामपि (वहीं, ३३।१२०)। आरिसवयणे सिद्धे देवाणं अद्धमागहा वाणी (रुद्रटकृत काव्यालंकार-२।१२)। त्वद्-दिव्यवाक् (आदि पु. २३।१५४)।

९०. भासारिया जे णं अद्धमागहीए भासाए भासंति। जत्थ वि यं बंभी लिवि पवत्तई (पन्नवणा सुत्त-५९)।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

जैन व बौद्ध-दोनो ने प्रारम्भ मे, लोक भाषा की तुलनां मे संस्कृत को कम आदर दिया। भ. बुद्ध ने अपने शिष्यों को अपनी-अपनी भाषाओं में ही उपदेश प्रसारित करने की अनुज्ञा दी थी।[91] जब संस्कृत भाषा का प्रभाव देश मे बढ़ा और शुंग वंश के शासन मे राज्याश्रय भी प्राप्त हो गया, ऐसी स्थिति मे जैनों ने भी प्राकृत के साथ-साथ संस्कृत में भी स्वतन्त्र ग्रन्थ रचनें का सूत्रपात किया।

जैन आचार्यो मे संस्कृत मे स्वतन्त्र ग्रथों की रचना का श्रेय आचार्य उमास्वाती को है। ये सम्भवतः (१-२ शती) पहले विद्वान है जिन्होने विविध आगम ग्रन्थो मे बिखरे हुए जैन तत्वज्ञान को योग, वैशेषिक आदि दर्शन ग्रन्थो के समान सूत्रबद्ध किया और उसे तत्त्वार्थाधिगम या अर्हत्प्रवचन के रूप में सामने रखा। इन्होने सर्वप्रथम यह अनुभव किया कि विद्वत्समाज की भाषा संस्कृत बन रही है, इसलिए जैन दर्शन, संस्कृत में लिखे जोने पर ही, विद्वानों का ग्राह्य विषय बन सकेगा। चुंकि ये ब्राह्मण कुल में उत्पन्न हुए थे, इसलिए संस्कृत का अभ्यास होने के कारण इस भाषा मे ग्रन्थनिर्माण करना उनके लिए सहज था। वाचक उमास्वाती आगमिक विद्वान् थे। अतः उनकी सभी रचनाएं आगम-परिपाटी को लिए हुए हैं। उमास्वाती का तत्त्वार्थसूत्र जहां जैन तत्वज्ञान का आदिम संस्कृत ग्रन्थ है, वहां जैन धर्म व आचार का निरूपण करने वाला उनका 'प्रशमरतिप्रकरण' ग्रन्थ भी अपनी श्रेणी का एक विशिष्ट ग्रन्थ है।

किन्तु जहां तक प्राकृत आगमों की व्याख्या का सम्बन्ध था, इसके प्रति रूढ़िवादी जैनो ने प्रारम्भ मे संस्कृत को स्वीकार करने में अपनी सहमति या विरोध प्रदर्शित किया। आचार्य सिद्धसेन की घटना सर्वविदित है ही। आचार्य सिद्धसेन बचपन से ही संस्कृत के अभ्यासी थे। एक बार उन्हों ने प्राकृत सिद्धान्तो को संस्कृत भाषा मे अनुदित करने का अपना विचार संघ के समक्ष व्यक्त किया। इस पर रूढ़िवादी स्थविरो की प्रतिक्रिया यह हुई कि उन्होंने सिद्धसेन को उक्त विचार प्रकट करने का प्रायश्चित्त करने को कहा। प्रायश्चित्त यह बताया गया कि सिद्धसेन अपना जैन वेश छिपाकर, और गच्छ का परित्याग कर, बारह वर्ष पर्यन्त दुष्कर तप करे। यदि इस १२ वर्षो की अवधि में सिद्धसेन द्वारा कोई महान् प्रभावना हो सके तो अवधि पूर्ण होनेसे पूर्व भी वास्तविक पद पर सिद्धसेन को पुनः आरूढ़ किया जा सकेगा। आचार्य सिद्धसेन को उक्त प्रायश्चित्त रूप मे वेश छिपा कर परिभ्रमण हेतु प्रस्थान करना पड़ा।

अुन्होने उज्जयिनी कें मन्दिर मे कल्याणमन्दिर स्तोत्र द्वारा शिव-लिंग का स्फोटन कर पार्श्वनाथ तीर्थंकर का विम्व प्रकट कर विक्रमादित्य राजा को जिन-शासन के प्रति अनुरक्त किया, और इस प्रचार धर्म-प्रभावना का चमत्कारी उदाहरण प्रस्तुत किया था।[92] कालान्तर में वे पुनः जैन संघ में समादृत स्थान पा सके।

इस घटना का वास्तविक स्वरूप जो हो, इतना तो स्पष्ट ही है कि आचार्य सिद्धसेन (वि. ५वीं शती, कुछ लोग ६-७ शती) के समय तक एक रूढिवादी परम्परा विद्यमान थी, जो आगमों की व्याख्या या अनुवाद करना शास्त्र विरूद्ध एवं दुःसाहस समझती थी।

---

९१. अनुजानामि भिक्खवे सकाय-निरुत्तिया बुद्ध-वचनं परियापुणितुं। (चुल्लवग्ग ५।३३।११)

९२. द्र.-पट्टावली-समुच्चय।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

इन्ही रूढ़िवादियो को लक्ष्य कर, आचार्य सिद्धसेन ने कहा था 'पुरानी रूढ़ि को ढोने के लिए मे पैदा नहीं हुआ हूं, भले ही मेरे दुश्मनो की संख्या बढ़ती जाए'।[93] अस्तु आचार्य सिद्धसेन जैसे क्रान्तिकारियो के प्रयत्न से संस्कृत के प्रयोग को बढावा मिला।

श्वेताम्बर आगमो पर सर्वप्रथम चूर्णियों मे प्राकृत के साथ संस्कृत[94] का प्रयोग किया गया। चूर्णिकर्ताओं मे अगस्त्यसिंह स्थविर (वि. ३री शती) तथा जिनदास गणी महत्तर (ई- ६ठी शती) के नाम उल्लेखनीय हैं। आगमों की संस्कृत टीकाएं लिखने का श्रेय आचार्य हरिभद्र सूरि (७०५-७७५ ई.), इनके १०० वर्ष पश्चात आचार्य शीलांकसूरि, शान्तिसूरि, नेमिचन्द्र सूरि (११वीं शती), मलयगिरि, अभयदेव सूरि (१२वीं शती), द्रोणाचार्य मलधारी हेमचन्द्र, क्षेमकीर्ति (ई. १२७५), शान्तिचन्द्र (१५९३ ई.) आदि को हैं। इन टीकाओं में भी कथा सम्बन्धी अंशो को प्राकृत मे ही ऊपनिबद्ध किया गया।

दिगम्बर परम्परा मे षट्खण्डागम की धवला टीका (८१६ ई) भी संस्कृत-प्राकृत मिश्रित भाषा में है। वीरसेन कृत इस टीका मे कर्म सिद्धान्त का प्रतिपादन प्राकृत मे ही किया गया है। दर्शन व न्याय विषयक विवेचन में संस्कृत का आश्रय लिया गया है।[95]

डॉ हीरालाल जैन के मत में धवलाकर के समय तक कर्मसिद्धान्त के व्याख्यान मे तो प्राकृत का ही माध्यम चलता था, किन्तु दर्शन व न्यायविषयक विवेचन के लिए संस्कृत का माध्यम जैन परम्परा मे भी स्वीकृत हो चुका था, जैसा कि तत्कालीन जैन साहित्य से भी सिध्द होता है।

संस्कृत काव्य-निर्माण की दृष्टि से पहले जैन कवि आचार्य समन्तभद्र (वि. २-३री शती) हैं जिन्होने 'स्वयम्भूस्तोत्र' जैसे स्तुति काव्य का सृजन कर जनों के मध्य संस्कृत काव्य-परम्परा का श्रीगणेश किया। 'यह एक सर्वमान्य तथ्य है कि संस्कृत भाषा मे काव्य का प्रदुर्भाव स्तुति या भक्ति साहित्य से हुआ है। यों जैन संस्कृत काव्यो की मूल आधार-शिला द्वादशांगवाणी है।' जैन न्याय का वास्तविक प्रारम्भ भी आचार्य समन्तभद्र के ग्रन्थो (आप्त मीमांसा आदि) से होता हैं। आचार्य समन्तभद्र ने इष्टदेव की स्तुति के व्याज से एक ओर हेतुवाद के आधार पर सर्वज्ञ की सिध्दि की, दुसरी ओर विविध एकान्तवादो की समीक्षा करके अनेकान्तवाद की प्रतिष्ठा की। उन्होने जैन परम्परा मे सर्वप्रथम न्याय शब्द का प्रयोग करके एक ओर 'न्याय' शब्द दिया तो दूसरी ओर न्यायशास्त्र मे स्याद्वाद को गुम्फित किया है।

परवर्ती आचार्यों ने विपुल साहित्य रचकर जैन संस्कृत साहित्य के भण्डार को पूर्ण किया। जब बौध्द दर्शन मे नागार्जुन, वसुबन्धु, असंग तथा बौध्दन्याय के पिता दिग्नाग का

---

९३. पुरातनैर्या नियता व्यवस्थितिः तथैव सा किं परिचिन्त्य सेत्स्यति। तथेति वक्तुं मृतरूढ-गौरवात् अहं न जातः प्रथयन्तु विद्विषः॥ (सिद्धसेन द्वात्रिंशिका - ६।२)

९४. प्राकृत-मिश्रित संस्कृत (चूर्णि) का उदाहरण द्रष्टव्य है - एगो पसुवालो प्रतिदिनं मध्याह्न-गते रवौ अजासु महान्यग्रोध-तरु-समाश्रितासु तथुत्ताणओ निवन्नो वेणुविदलेण अजोद्गीर्ण-कोलास्थिभिः तस्य वटस्य छिद्रीकुर्वन् तिष्ठति (-उत्तराध्ययन चूर्णि)।

९५. द्र. भिक्षुस्मृति ग्रन्थ मे डॉ. हीरालाल जैन का 'षट्खण्डागम' शीर्षक लेख, पृ. ५१ (द्वितीयखण्ड)।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

उदय हुआ, और दार्शनिक जगत में इन बौध्द दार्शनिको के प्रबल तर्कप्रहारों से खलबली मच रही थी, तो जैन दार्शनिको के सामने प्रतिवादियो के आक्षेपो का खण्डन कर स्वदर्शन की प्रभावना करने का महान उत्तरदायित्व आ पड़ा। सातवी सदी मे आए ह्युएन्त्संगके के अनुसार वाद-विवाद में बौध्द केवल संस्कृत का ही प्रयोग करते थे। इस स्थिति मे भाषा की संकीर्णता को स्थान देना अनुचित था। अन्य दार्शनिको का खण्डन उन्हीं की भाषा मे करना उचित समझा गया, और इस प्रकार संस्कृत को गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त करने मे आगे का मार्ग प्रशस्त होता गया।

गुप्तकाल तक संस्कृत को पूरे भारत मे सम्मानित स्थान प्राप्त हो गया था। जैन साधु-साध्वी समाज संस्कृत भाषा मे भी परिनिष्ठित होने लगा। कहते हैं, 'सिध्दसेन दिवाकर' (ई. ५वीं शती) की मृत्यू के बाद, विशाला (उज्जयिनी) में एक वैतालिक (चारण-भाट) ने सिध्दसेन की बहन, जो जैन साध्वी थी, के समक्ष अनुष्टुप छन्द के दो चरण कहे :

स्फुरन्ति वादिखद्योताः साम्प्रतं दक्षिणापथे।

उक्त जैन साध्वी ने तुरन्त आगे के दो चरण कहकर उक्त छन्द को पुरा किया—

नूनमस्तंगतो वादी सिध्दसेनो दिवाकरः ।।[96]

जैन आगम की टीकाओ में भी इसके उदाहरण मिलते हैं, जिनसे संस्कृत के व्यवहार-भाषा होने का प्रमाण पुष्ट होता है।[97]

सिध्दर्षि (प्रथम संस्कृत कथाकार) के समय (ई. ९०५) तक संस्कृत ने इतनी लोकप्रियता प्राप्त कर ली थी कि प्राकृत भाषा को भूलकर लोग संस्कृत रचनाओं में अपेक्षाकृत अधिक आनन्द अनुभव करते थे।[98]

---

९६. वैतालिक का कहना था कि आजकल दक्षिणापथ मे वादी रूपी जुगनूं इधर-उधर मंडरा रहे हैं। जैन साध्वी ने कहा-इससे यह निश्चित होता है कि सिध्दसेन दिवाकर इस संसार मे नही रहे। (अन्यथा किसी वादी को स्वपाण्डित्य प्रदर्शित करने का साहस नही होता)।

९७. हरिभद्र सूरि की आवश्यक टीका में एक कथा है, जिसके अनुसार एक इभ्यपुत्र दासियो के जरिये रानी के पास (एक पुड़िया में सामान रखने के बहाने) एक पद्य लिखकर भेजता है 'काले प्रसुप्तस्य जनार्दनस्य मेघान्धकारासु च शर्वरीषु मिथ्या न भाषामि विशालनेत्रे ते प्रत्यया ये प्रथमाक्षरेषु। इभ्यपुत्र का सन्देश था-'कामेमि ते' (अर्थात में तुझे चाहता हूं)। रानी ने भी उत्तर मे एक पद्य लिखा, जो निम्न प्रकार है-नेह लोके सुखं किंचिच्छादितस्यांहसा भृशम्। मितं च जीवितं नृणां तेन धर्मे मतिं कुरु ॥ रानी के सन्देश का रूप था-'नेच्छामि ते' (अर्थात में तुझे नही चाहती)।

९८. संस्कृता प्राकृता चेति भाषे प्राधान्यमर्हतः। तत्रापि संस्कृता तावद् दुर्विदग्धहृदि स्थिता। बालानामपि सद्बोधकारिणी कर्णपेशला। तथापि प्राकृता भाषा न तेषामभिभाषते ॥ उपाये सति कर्तव्यं सर्वेषां चित्तरंजनम्। अतस्तदनुरोधेन संस्कृतेयं करिष्यते ।। (उपमितिभवप्रपंचकथा, १।५१–५२)

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

जैन न्याय के क्षेत्र में आचार्य समन्तभद्र (वि. २-३ री शती) आचार्य अकलंक (७३०-७८० ई.) आचार्य विद्यानन्दि (ई. ७७५-८४०), माणिक्यनन्दि (१०-११वीं शती ई.), प्रभाचन्द्र (१२वीं शती), आचार्य मल्लिषेण (१२८२ ई. लगभग) आदि के अतिरिक्त नव्यन्याययुग के प्रवर्तक महान तार्किक-शिरोमणि न्यायाचार्य उपा. श्री यशोविजय (ई. १८वीं शती) का नाम स्वर्णाक्षरो में लिखित है।

संस्कृत रचना की होड़ ने १३वीं शती तक कठिन से कठिन बन्धनो को भी तोड़ डाला। जैन मुनियो के लिए नाटक आदि विनोदों मे भाग लेना वर्जित समझा गया है। नाटक आदि की रचना का तो प्रसंग ही कैसे उठसकता था ? किन्तु एक ऐसा समय आया कि जैन आचार्यों ने संस्कृत में नाटक लिखने प्रारम्भ कर दिये।

संस्कृत के प्रति प्रेम की भावना ने संस्कृत-रचना की परम्परा को निरन्तर कायम रखा। कहा जाता है कि एक बार सम्राट अकबर की विद्वत्सभा मे जैनो के 'समत्थसुत्तस्य अणन्तो अत्थो' (समस्त आगमसूत्रो के अनन्त अर्थ है) वाक्य का किसी ने उपहास किया। यह बात महामहोपाध्याय समयसुन्दर जी को बुरी लगी और उन्होंने राजा को 'राजानो ददते सौख्यम्' इस ८ अक्षरी वाक्य के १० लाख २२ हजार चार सौ सात अर्थ किये। समयसुन्दर की यह कृति 'अष्टलक्षी' नाम से संस्कृत साहित्य की शोभावृद्धि कर रही है, किन्तु अभी वह अप्रकाशित है।

जैन संस्कृत साहित्य के अध्ययन से हमे इस देश की लोक संस्कृति के विविध रूपों का परिचय प्राप्त होता है। तत्कालीन सामाजिक, दार्शनिक व राजनीतिक, आर्थिक आदि स्थितियो का विशद चित्र हमारी आंखो के सामनें स्पष्ट हो जाता है। अनेक ऐतिहासिक तथ्यों का भी उद्घाटन होता है। अनेक विद्वानो ने जैन संस्कृत साहित्य के आधार पर सांस्कृतिक स्वरूप का चित्र प्रस्तुत करनें का प्रयास किया है।

देश व विदेशो के विभिन्न ग्रंथागारो और विशिष्ट व्यक्तियं के स्वामित्व मे विद्यमान् समस्त ग्रन्थो और प्राचीन हस्तलिखित पाण्डुलिपिया की गणना की जाय तो जैन आचार्मों व विद्वानो द्वारा रचित संस्कृत कृतियों की संख्या एक लाख के आसपास पहूंच जाती है। भारत सरकार को चाहिए कि वह ऐसे अप्रकाशित ग्रन्थो के प्रकाशन मे सहयोग दे और साथ ही उन समस्त ग्रन्थो की सूचियां (Catalogue) प्रकाशित करावे ताकि अभितक प्रकांश मे न आई हुई कृतियो का परिचय विश्व के अनुसंधित्सु एवं विद्वानो को प्राप्त हो सके।

संक्षेप मे विगत दो-ढाई हज़ार वर्षों के अन्तराल मे भारतीय विद्या के क्षेत्र मे जैनो का योगदान अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उन्होने ज्ञान-विज्ञान का कोई ऐसा क्षेत्र न छोड़ा, जिसमे लेखनी न चलाई हो। उनकी न्याय, प्रमाण-शास्त्र, कथा, काव्य, अलंकार नाटक, कोश, गणित, ज्योतिष व्याकरण, तन्त्र-मन्त्र, नीति व आचार, योग-अध्यातम आदि विविध विषयो पर उत्कृष्ट कृतियां प्राप्त होती है।

जैन आचार्यों और विद्वानो ने जन-जीवन के जितने अंग होते है, उन सब पर विशिष्ट साहित्य रचा। उनकें साहित्य से प्रत्येक विषय को नई चेतना और नया जीवन प्राप्त हुआ है। जैन आचार्य होने के नाते यह स्वाभाविक था कि उनकी रुचि जैन सिद्धान्तो के प्रचार-प्रसार मे

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

अधिक हो, किन्तु वे इसमे लिप्त न रहे। जीवनोत्थान कें हर विषय को उन्होनें महत्त्व देकर अपनी सशक्त लेखनी द्वारा विपुल साहित्य का निर्माण किया।

अकेले आचार्य हेमचन्द्र ने इतना अधिक साहित्य रचा कि उन्हे लोग 'ज्ञान को महान् सागर' कहने लगे। उनकें समकालीन सोमप्रभ सूरि ने हेमचन्द्र कीं सर्वांगीण प्रतिभा पर विस्मयमुग्ध होकर कहा था —

क्लृप्तं व्याकरणं नवं, विरचितं छन्दो नवं, द्वयाश्रया-
लंकारौ प्रथितौ नवौ, प्रकटितं श्रीयोगशास्त्रं नवम्।
तर्कः संजनितो नवो, जिनवरादीनां चरित्रं नवम्,
बद्धो येन न केन केन विधिना, मोहः कृतो दूरतः॥

४. भारतीय संस्कृति एवं विद्या के आराधक जैन

उपर्युक्त समग्र निरूपण से यह सिद्ध हो जाता हैं कि जैन धर्म व जैन संस्कृति भारतीय जन-जीवन को अनुप्राणित करते रहें हैं। अध्यात्म विद्या के प्रवर्तक 'श्रमण' ही थे। भागवत पुराण में श्रमणो को 'अध्यात्मविद्या विशारद' बताते हुए[99] ब्रह्म-प्राप्ति के योग्य बताया है।[100] वही आदितीर्थंकर ऋषभ को प्रमुख अवतारो मे वर्णित करते हुए,[101] उनकी तपःपूत कठिन योग-चर्चा का[102] बडे आदर के साथ वर्णन किया गया हैं। भारतीय संस्कृति के प्रेरणा-स्तम्भ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम ने जिस शबरीं के जूठे बेर खाए थे, वह शबरी 'श्रमणी' (श्रमण विचारधारा की अनुयायिनी) थी, ऐसा वाल्मीकि रामायण से ज्ञात होता है।[103] भगवान राम के भोजनालय मे श्रमणों (जैन साधुओं) को भोजन-दान किये जाने का वर्णन वाल्मीकि ने किया है।[104] इतना ही नहीं, भगवान राम ने (योगवासिष्ठ-ग्रन्थानुसार), अपनी हार्दिक इच्छा व्यक्त की थी कि मैं 'जिन' (जैन धर्म के तीर्थंकरादि जीवन्मुक्त) की भांति आत्म-शांति प्राप्त करूं।[105] वास्तव में भगवान राम का जीवन जैन समता-धर्म[106] का

---

९९. भागवत पु. ११।२।२० (श्रमणा वातरसना अध्यात्मविद्याविशारदाः)।
१००. भागवत पु. ११।६।४७
१०१. भागवत पु. ५।३।२०
१०२. भागवत पु. ५।५–६ अध्याय
१०३. स चास्य कथयामास शबरीं धर्मचारिणीम्। श्रमणां धर्मनिपुणाम् अभिगच्छेति राघव (वा. रामा. १।१।५६–५७)। द्र.- वही - ३।७४।७–९
१०४. तापसा भुंजते चैव श्रमणाश्चैव भुंजते (वा. रामा. १।१४।२२)
१०५. नाहं रामो न मे वाञ्छा भावेषु च न मे मनः।
शान्तिमाधातुमिच्छामि स्वात्मनींव जिनो यथा॥
(योगवाशिष्ठ-वैराग्य-प्रकरण - १५।८)॥
१०६. चारित्तं खलु धम्मो, धम्मो जो सो समो त्ति निद्दिट्ठो (प्रवचनसार - १।७)

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

उदाहरण प्रस्तुत करता है।[107] श्रीमद्भगवद्गीता 'समता'[108] धर्म का जो उपदेश प्रस्तुत करती है, वह, बहुत-कुछ, जैन संस्कृति का अनुवाद प्रतीत होता है।

वेद के 'एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति' (ऋग्वेद १।१६४।४६) मे हम 'बहुधा वदन्ति' वाक्य में जैनो के स्याद्वाद-सप्तभंगी का संकेत पाते है, तो गीता के सदसच्चाहमर्जुन (गीता-९।१९) कथन में अनेकान्तवाद (सत्+असत्) का, तथा वही अन्य पद्य मे[109] जैन सम्मत मोक्ष-मार्ग-रत्नत्रय (सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्-चरित्र) का प्रतिबिम्ब दिखाई पड़ता है। जैनो द्वारा पानी छान कर पीये जाने का जो नियम है, वह मनुस्मृति आदि मे सामान्य धार्मिक नियम के रूप में वर्णित है।[110] जैनविचारधारा ने भारतीय संस्कृति को जो दिया उस पर तो बहुत कुछ लिख जा सकता है। किन्तु आज जो सभी धर्म व दर्शन भारत की भूमि पर फल-फूल रहे है, वह 'अनेकान्तवाद' की, तथा उसके द्वारा प्रदर्शित समन्वय व सापेक्ष भावना का, देन है।

जैन लोग सरस्वती के उपासक रहे है।[111] अब तक की जो प्राचीनतम मूर्ति (२री शती ई., कुशाणकालीन, मथुरा के कंकाली टीले से प्राप्त) मिली है, वह जैन आचार्य नागहस्ती द्वारा प्रस्थापित है। अपने ज्ञान-भण्डार के ह्रास या विनाश की आशंका होने पर उसे पुनः सुरक्षित व प्रतिष्ठित करने के प्रति जैन यथासमय सजग रहे है। मुनि-संघ-सम्मेलन, वाचना आदि कार्यक्रमो का आयोजन वे कई बार उक्त दृष्टि से करते रहे हैं। उदारवादी जैन मनीषियों ने परकीय 'अजैन' सिद्धान्तों को जानने के लिए अनुयायियों को प्रेरित कर ज्ञान-विज्ञान की प्रगति मे सदा योगदान दिया हैं।[112] आचार्यं की विशेषता मे पर समयविज्ञता (परसिद्धान्तज्ञता) समाहित है।[113] आदिपुराण मे उत्तम संस्कारों को जागृत करने हेतु व्याकरण, न्याय, ज्योतिष गणित आदि शास्त्रों का अध्ययन करना ब्रह्मचारी के लिये उचित बताया गया है।[114] वास्तव मे जैनों के लिये कोई सिद्धान्त एकान्त रूप से स्वकीय व परकीय नहीं रहा है, हां जो अबाधित-

---

१०७. प्रसन्नतां या न गताभिषेकतः| तथां न मम्लौ वनवासदुःखतः। मुखाम्बुजश्री रघुनन्दनस्य मे, तथास्तु सा मञ्जुलमङ्गलप्रदा (रामचरितमानस, अयोध्याकाण्ड, २ श्लोक)॥

१०८. समत्वं योग उच्यते (गीता-६।१९)। द्र.-गीता-१२।१३-१९

१०९. श्रद्धावांल्लभते ज्ञानं तत्परः संयतेन्द्रियः। ज्ञानं लब्ध्वा परां शान्तिमचिरेणाधिगच्छति (गीता-४।३९)॥ यहां 'संयतेन्द्रियता' सम्यक् चारित्र को व्यक्त करती है।

११०. दृष्टिपूतं न्यसेत्पादं वस्त्रपूतं जलं पिबेत् (मनुस्मृति-६।४६)। यही श्लोक भागवतपुराण ११।१८।१६, तथा वृद्ध चाणक्य १०।२ में है।

१११. जयउ सुयदेवदा (धवला-१।१।१, पृ. ६९)। सुयदेवी बारहअंगंगी (वसुनन्दि श्रावकाचार ३९१, देवी सरस्वती (अमितगतिकृत सामायिक-पाठ १०)। वाग्देवी सरस्वती (आदि. पु ३४।१४९)। वाग्देवीं संविदे नः स्यात् (षड्दर्शनसमु.३)।

११२. ज्ञेयः परसिद्धान्तः स्वपदाबलनिश्चयोपलब्ध्यर्थम् (सिद्धसेन-द्वात्रिंशिका-८।१९)।

११३. सग-परसमयविदण्हू (आचार्यभक्ति प्राकृत-२)।

११४. आदि पु. ३८।११९-२०

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

सिद्धान्त हो, उनके लिए ग्राह्य तो वही रहा है ।[115] जैनों नें सभी भारतीय दर्शनों को एक सूत्र मे पिरोई हुई माला कें फूल के रूप मे ही देखा है । आचार्य सिद्धसेन तथा उपा. यशोविजय जी आदि ने जैन तर्क-भाषा में प्रत्येक दर्शन को 'नय-विशेष' के रूप में बताकर उनमे परस्पर समन्वय की आवश्यकता को इंगित किया है ।[116] इसमे सन्देह नहीं कि जैन मनीषी सदा से ही भारतीय ज्ञान-विज्ञान की प्रगति मे सहयोगी रहे है । उनकी यह प्रवृत्ति आज भी उनके कार्यकलापों मे व्यक्त होती है ।

५. प्राकृत व जैनविद्या की प्रगति : देश-विदेश में

इस सम्बन्ध मे देश-विदेश से पत्रव्यवहार करने के अनन्तर जो सामग्री एकत्रित हुई, वह इतनी अधिक थी कि उसे इस भाषण में समग्र रूप से समाहित करना कठिन है ।

(क) साहित्य-प्रकाशन

(१) आगम प्रकाशन समिति, (जैन स्थानक, पीपलिया बाजार, पो. ब्यावर-राजस्थान) के प्रकाशन–

अ. भा. वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रमण संघ के युवाचार्य पं. र. श्री. मिश्रीमल जी 'मधुकर' जी के मार्गनिर्देशन व प्रधान सम्पादकत्व में इस संस्था द्वारा आगमो के अत्यन्त उपयोगीं एवं शुध्द संस्करणों का प्रकाशन किया जा रहा है । गम्भीर तलस्पर्शी विद्या के धनी विद्वानो का सहयोग लेकर, मूलपाठ, हिन्दी अनुवाद, संक्षिप्त विवेचन, अपेक्षित परिशिष्ट आदि के साथ आगमो का प्रकाशन सचमुच एक महनीय कार्य है । इससे भी अधिक प्रशंसनीय कार्य यह है कि इनका मूल्य बहुत कम-लागत मात्र रखा गया हैं । प्रत्येक आगम-ग्रन्थ के साथ विद्वत्तापूर्ण प्रस्तावना ग्रन्थ का मूल्य और भी बढ़ा देती हैं । संस्था ने १९८१–८२ वर्ष में पांच आगम ग्रन्थ प्रकाशित किये हैं–

(२) संपूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय (वाराणसी-उ. प्र.) द्वारा 'परमागमसारो' (श्रुत मुनि रचित १३वी शती), का प्रकाशन किया गया हैं ।

(३) वीर सेवा मन्दिर ट्रस्ट (१।१२८, डुमराव कॉलोनी, अस्सी, वाराणसी) द्वारा डॉ. गोकुलचन्द्र जैन के सम्पादन मे डॉ. दरबारीलाल कोठिया की कृति 'जैन दर्शन और प्रमाण-शास्त्र-परिशीलन' प्रकाशित हुई है । इसमे जैन न्याय व प्रमाणशास्त्र विषय पर अभी तक विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित निबन्धो को यथाक्रम संजोग कर, अनुसन्धाताओ के लिए एक ही कृति में 'गागर मे सागर' प्रस्तुत करने का प्रयास किया है । सभी प्रकरण शोधपूर्ण व समीक्षात्मक हैं ।

---

११५. आत्मीयः परकीयो वा कः सिध्दान्तो विपश्चिताम् । दृष्टेष्टाबाधितो यस्तु युक्तस्तस्य परिग्रहः ।। (योगबिन्दु, आ हरिभद्रसूरी ५२५) ।।

११६. सन्मतितर्क-३।४७, विशेषावश्यक भाष्य-२२६५, जैनतर्कभाषा-२।११, स्याद्वादमंजरी-का. १४

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

(४) वीर सेवा मन्दिर (२१ - दरियागंज, नई दिल्ली - २) द्वारा आलोच्य अवधि मे सर्वाधिक महत्वपूर्ण कार्य किया गया हैं-जैन बिब्लियोग्राफी (Universal Encyclopaedia of Jain References) का प्रकाशन।

(५) जैन दर्शन समिति (१६-सी, डॉअर लेन, कलकत्ता-२९) द्वारा श्री. श्रीचन्द चोरडिया के सम्पादन में 'वर्धमानजीवनकोष' कृति का प्रकाशन हुआ हैं।

(६) भारतीय ज्ञानपीठ (बी-४५।४७, कनाट प्लेस, नई दिल्ली-१) द्वारा मूर्तिदेवी ग्रन्थमाला के अन्तर्गत जैन विद्या विषयक ग्रन्थ प्रकाशित किये जाते हैं । इसमें (१) श्रावक-प्रज्ञाप्ति (२) दिल्ली जैन ग्रन्थावलि प्रकाशित हुवे। इसकें अतिरिक्त, इसी संस्था से पूर्वप्रकाशित-(१) षड्दर्शन-समुच्चय (आचार्य हरिभद्र), तथा (२) तत्वार्थराजवार्तिक (आचार्य अकलंक) आदि ग्रन्थो के द्वितीय संस्करण भी प्रकाशित किये गए हैं।

उपर्युक्त मूर्तिदेवी ग्रन्थमाला के अन्तर्गत विविध भारतीय भाषाओं के अप्राप्य व अप्रकाशित ग्रन्थो का अनुसन्धान एवं आधुनिक पध्दती से सम्पादन कर अब तक १०० से अधिक उपयोगी ग्रन्थ प्रकाशित किये गये हैं। डॉ ज्योतिप्रसादजी जैन, तथा सिध्दान्ताचार्य पं. कैलासचन्द्र शास्त्री जैसे लब्धप्रतिष्ठ विद्वानों कें सम्मादन-निर्देशन मे संस्था का प्रकाशन-कार्य अत्यन्त उच्चकोटी का हुआ हैं जिससे भारतीय संस्कृति व वांङ्गमय का भण्डार समृध्द हुआ हैं।

(७) श्री. लालभाई दलपतभाई भारतीय संस्कृति विद्यामन्दिर (नवरंगपुरा, अहमदाबाद-९) के प्रकाशन

१९५७ ई. मे संस्थापित यह संस्थान अब तक अनेक उच्चस्तरीय ग्रन्थो का प्रकाशन कर चुका हैं। मुर्धन्य विद्वान पं. दलसुख मालवणिया जी तथा डॉ. नगीन जे. शाह के योग्य निर्देशन मे यह संस्थान देश का अप्रतिम अनुसन्धान-प्रकाशन-केन्द्र बन चुका हैं। १९८०-८२ के दौरान ईस संस्था द्वारा नौ ग्रन्थो का प्रकाशन हुआ हैं-

(८) श्री महावीर जैन विद्यालय (अगस्त क्रान्ति मार्ग, बम्बई-३६) द्वारा 'जैन आगम ग्रन्थमाला' के अन्तति जैन आगमों को मूल रूप में प्रकाशित किया जा रहा हैं।

(९) दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र-श्री महावीर जी (महावीर भवन, चौड़ा रास्ता, जयपुर-३) द्वारा श्री कैलाशचन्द्र बाड़दार की 'जैन योगानुशीलन' कृति प्रकाशित हुई हैं।

(१०) 'तारक गुरु जैन ग्रन्वमाला (शास्त्री सर्किल, उदयपुर) द्वारा अब तक २०० से अधिक जैन ग्रन्थो का प्रकाशन किया जा चुका हैं।

(११) भगवान बाहुबलि मस्तकाभिषेक के अवसर पर ग्रन्थ-प्रकाशन

गत फरबरी १९८१ में कर्नाटक के श्रवणबेलगोला स्थित भ. बाहुबलि की उत्तुंग विश्वप्रसिध्द मूर्ति का (प्रतिष्ठापना-सहस्राब्दी) महामस्तकाभिषेक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अनेकानेक साहित्य (पत्र-पत्रिकाओं) के विशेषांक, काव्य, नाटक, निबन्ध स्मरणिकाएं आदि-आदि प्रकाशित किए गए।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

अभिनन्दन-ग्रन्थो का प्रकाशन

विगत दो वर्षों मे कई अभिनन्दन ग्रन्थ प्रकाशित हुए हैं जिसमे अनेक उपयोगीं शोध-सामग्री संचित हुई हैं।

(ख) स्वतन्त्र शोध-कार्यं

(ग) शोध-उपाधि प्राप्त। शोध प्रबन्ध स्वीकृत

(घ) शोध-कार्य-संलग्न

(ङ) शोध-प्रबन्ध-प्रस्तुति

(च) शोध-संस्थाओं की स्थापना

(छ) पुरस्कार की प्रवर्तना। घोषणा

(ज) व्याख्यान-माला। संगोष्ठियों का आयोजन

दिल्ली विश्वविद्यालय में राजकृष्ण जैन मेमोरिअल व्याख्यानमाला के अन्तर्गत डॉ. टी. जी. कालघाटगी ने जैन न्यायतर्कशास्त्र (जैन लाजिक) विषय पर (१९८१) व्याख्यान दिया।

(फ) विदेशों में प्राकृत व जैन विद्या सम्बन्धी कार्यं

(१) स्वतन्त्र शोध-कार्य

(२) अध्ययन व पीएच. डी. हेतु शोधकार्यं

(३) साहित्य-रचना

(४) संगोष्ठियों का आयोजन

(५) साहित्य प्रकाशन

(६) उपसंहार

उपर्युक्त विवरण को जैन विद्या सम्बन्धी प्रगति कां निदर्शन मात्र समझना चाहिए। अनेक विवरण अज्ञात रह गए है, और अनेक स्थानाभाव व समयाभाव के कारण इस भाषण मे समाहित नहीं हो पाए हैं।

जैन समाज तथा जैन मिद्या के अनुरागी व्यक्तियों व विद्वानों से मेरा विनम्र अनुरोध हैं कि इस प्रगति को और भी अधिक परिष्कृति। उत्साह। उदारता के साथ आगे बढ़ाये। जैन ग्रन्थ भण्डारों में विद्यमान अप्रकाशित कृतियों का प्रकाशन। सम्पादन करावे, जैन प्राचीन ज्ञान-विज्ञान के प्रति युवा पीढी को प्रोत्साहित करे, और वैज्ञानिक पृष्ठभूमि मे जैन सिध्दान्तो की समीक्षा-हेतु विद्वानों-अनुसन्धाताओ को यथाशक्ती प्रेरणा। आर्थिक अनुदान आदि दे। तभी जैनेन्द्र धर्मचक्र की प्रवर्तना मूर्त रूप ले सकेगी।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

HISTORY SECTION

PRESIDENTIAL ADDRESS

By

N. P, RAVAL

It is my special privilege to be elected the President of the History Section of the Session for which I express my hearty thankfulness to you all and specially the Executive Committee of the 30 th Conference of A. I. O. C.

While expressing my gratiutude to you, I would I like to draw your attention to in appropriateness of the name given to this Section as the History Section. I would like to suggest that it may be properly renamed as Social Science Section; for it covers topics of History, Geography, Economics as well as aspects of Sociology and so on.

So for as ancient 'Bharatiya' literature is concerned it is one of the earliest and richest literature in the world although much of the thought and matter of this literature is still a mystery to the world on account of gaps in its hoary traditions.

Though on the eventful ancient history a great deal of research work has been doneyet the political and social background of the age is still not decisively clear to the world as is the beauty of the literature. It is, therefore, my humble request to the fellow delegates whom I respect as the cream of scholarship to work in this direction with this in mind. By way of a pointer I herewith give a short sketch of the ancient Bharatiya politics, with the hope that the scholars will try to have a p.ep into the hidden treasure and make it available to the world.

With the advent of man on the surface of the earth from the stage of a loner mankind gradually developed to the group-living stage. The groups which at first were wandering in search of food and shelter settled at one place, as such villages and town came into existenc after a long encampment at one place. In search of livelihood they invented technique of cultivation and handicrafts and due to that they had to provide for exchange of commodities and safety of life and property. They learnt to build houses, and established hamlets, villages and cities. At this juncture for mutual benefit and general order they thought of forming rules to regulate life and thus

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

administrative principles evolved which gave birth to the state. With the development of the state the science of ruling came into existence. That scienee was called Political Science.

सर्वज्ञता की प्राप्ति शीघ्र ही करनें कें इच्छुक प्रेक्षावानों को यह जानना चाहिये कि जिस के उद्देश्य अनिवार्यतः हेतुप्रत्ययों पर आश्रित है, उन्हे भी अभ्रान्त तथा सम्पूर्ण हेतु प्रत्ययों का सेवन करना चाहिये। फल रूपी सर्वज्ञता के मुख्य हेतु प्रत्ययों महाकरुणा, बोधिचित्त तथा भूतप्रत्यवेक्षण अर्थात सम्यक् दृष्टि इन तीनों की शिक्षा लेनी चाहिये। बुद्ध के अवशेष धर्मो का मूल महाकरुणा ही होने के कारण सर्वप्रथम उसकी ही भावना करनी चाहिये। त्रिलोक में विवरण-करनें वाले सभी सत्व विविध दुःखों से यथानुकुल दुःखी ही है, इस प्रकार से सभी सत्त्वों की भावना करनी चाहिये। नारक, प्रेत, तिर्यंक्, मनुष्य, देव आदि के क्रम से अपने-अपने दुःसह अविच्छिन्न, दीर्घकालिक तथा तीव्र दुःखो की स्थिति सोचकर इन सभी दुःखो से मुक्त कराने की इच्छा वाली महाकरुणा तथा सभी सुखों से युक्त कराने की इच्छा वाली मैंत्री की भावना को महत्त्व प्रदान करते हुये निरूपण किया गया हैं।

इस प्रकार महाकरुणा की भावना के बल से सभी प्राणियों कों अनुत्तरसम्यक् सम्बोधि में स्थापित करने की प्रतिज्ञा लेकर जगत हित के लिए अनुत्तरसम्यक् सम्वोधि को प्राप्त करने की इच्छा वाले बोधिचित्त को उत्पन्न करना चाहिए। इसके बाद षट्पारमिता आदि बोधिसत्त्व-चर्या की शिक्षा होनीं चाहिए विशेष रूप से समस्त आवरणों का प्रहाण करने के लिए भूतप्रत्य-वेक्षण अर्थात सम्यग्-दृष्टि का अवबोध होना अत्यन्त आवश्यक है। जिसके बारे में तीनों भावना-क्रमो में ध्यान के स्वभाव वाले शमथ तथा प्रज्ञा के स्वभाव वाली विपश्यना की भावना करने के बारे मे विस्तार पूर्वक वर्णन हुआ है।

शमथ की तों चित्त के बाह्य विषयों मे विक्षेप का प्रशमन करके अभ्यन्तर आलम्बन में दीर्घकाल तक अनायास रूप से प्रवृत्ति होती हैं। काय तथा चित्तप्रश्राब्धियों से युक्त आलम्बन पर एकाग्रता चित्त को 'शमथ' कहते हैं। उसके बल से निर्वायु मे रखे प्रदीप की भांति विकल्प-वायु से चित्त की चंचलता नही हो सकती हैं। उसी शमथ का आलम्बन करते समय जो तत्त्व का विचार है वही विपश्यना है। उसके बल से अन्धकार मे सूर्योदय की भांति सभी धर्मों की वस्तुस्थिति तत्त्व का यर्थावत् अवबोध होने के कारण सभी कुदृष्टि-जालो का प्रहाण हो जायेगा।[3]

---

२. क-श्रुति, चिन्तन, तथा भावना के माध्यम से नैरात्म्य मे निर्णय किया गया धर्म किस प्रकार का हो?।
ख-इसके अर्थ की एकाश्रय मे भावना करने की इच्छा हो तो कैसे की जायेगी?।
ग-इसकी भावना से किस प्रकार का फल होता है?।

३. तस्मात् सकलावरणप्रहांणयिनीं शमथविपश्यने सेवनीये। शमथबलेन स्वालम्बने चित्तम् अप्रकम्प्यं भवति निवातस्थितप्रदीपवत्। विपश्यनया यथावद् धर्मतत्वागमात् सम्यग् ज्ञापनालोकः समुत्पद्यते। ततः स्वसमा आवरणं प्रहीयते। अंधकारवद् आलोकोद्यात्। द्र- भा. क्र. तृ. जी. टूची. (खण्ड ३ पृ. १)

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

चित्त-सन्तति ये सर्वप्रथम शमथ तथा उस के बाद विपश्यना उत्पन्न करनी चाहिए। इन दोनों के सिद्ध हो जाने पर दोनो की एक साथ भावना कराने वाली समाधि उत्पन्न होती है, जिसको "शमथ-विपश्यनायुगल-समाधि" कहा जाता है। यह स्थिति अत्यन्त महत्त्वपूर्ण होती है। इस अवस्था में किये गये कुशल कर्म अत्यन्त बलवान होते हैं, तथा महाफल देने वाले होते हैं। श्रावक, प्रत्येकबुद्ध एवं बोधिसत्त्व इन तिनो यानो में जितने भी गुण कहे गये हैं, वे सब शमथ तथा विपश्यना की भावना के फल है,[4] इससे पंचमार्ग तथा दश-भूमियों को क्रम से निष्पन्न करके अन्त में दोनो सबीज आवरणों का उन्मूलन तथा शीघ्रता से दोनों सम्भारो की परिनिष्पत्ति करके फलरूपी चार काय तथा पञ्च ज्ञान से युक्त अनुत्तर सम्यक् सम्बोधि के परम पद को प्राप्त किया जा सकता है। इस लिये प्रेक्षवानों को सर्वगुणो के आकारभूत भगवान बुद्ध में श्रद्धा उत्पन्न करके उसके गुणों को परिनिष्पन्न करने के लिए सभी तरह से प्रयत्नशील होना चाहिए।

"इस ग्रंथ में निर्दिष्ट मतों का महत्त्व-साधना-और खण्डन की दृष्टियों से"

यह ग्रंथ चार प्रकार की बौद्ध परम्पराओं में से मध्यमक पर आधारित है। मध्यमकों के भी स्वतान्त्रिक तथा प्रासांङिगक दो भेदो में से यह ग्रंथ स्वतांत्रिक माध्यमक दृष्टि के दो नैरात्म्य आदि का वर्णन करता है। तृतीय भावना-क्रम में ह्वशङ की विपरीत दृष्टी "न किन्चिच्चिन्तयितव्यम्"[5] अर्थात् अकर्मण्यता का आचार्य कमलशील नें सम्यग्युक्तियों से जोरदार शास्त्रार्थ करके उन्मूलन किया।

"पूर्वपक्षी ह्वशङ् की मान्यता"[6]

ह्वशङ ने अपने पक्ष के समर्थन में कहा था कि सभी सत्त्वाचित्तके विकल्प से उत्पन्न होने वाले शुभ तथा अशुभ कर्मो के कारण स्वर्ग आदि फल भोगते हुये संसार मे घुमते रहते हैं, किन्तु जो कुछ भी नही सोचते, कुछ भी नही करते वे संसार से मुक्त हो जाते है। इस लिए कुछ भी सोचना नही चाहिए। दान आदि कुशलचर्या भी नही करनी चाहिए। दान आदि कुशलचर्या का निर्देश तो मुर्ख पुरुषो के लिये किया गया है"।

"उत्तरपक्षी-आचार्य कमलशील की मान्यता"

इसके उत्तर में आचार्य कमलशील ने कहा था कि-"इस प्रकार कुछ भी न सोचने, कुछ भी मनस्कर न करने के लिए कहेंगे तो इस से समस्त महायान प्रतिक्षिप्त हो जायेगा। सभी यानो का मूल तो महायान है, इस लिए उसे प्रतिक्षिप्त करने पर समस्त यान प्रतिक्षिप्त हो जायेगे। समस्त धर्मो के स्वभाव वाले विशुद्ध धर्म धातु का भूतप्रत्यवेक्षण करने वाली प्रज्ञा के द्वारा अवबोध करना पड़ता है। सम्यग् ज्ञान का मूलता प्रत्यवेक्षण-प्रज्ञा है, उसे प्रतिक्षिप्त करने

---

४. आर्यसंधिनिर्मोचने यथा-मैत्रेय! योऽपि श्रावकाणां, बोधिसत्त्वानां तथागतानां वा सर्वोऽपि लोकिक-लोकोत्तर कुशलधर्मः शमथविपश्यनाफलः वेदितव्य इति। (द्वि.-भा. क्र. में उद्धृत है) (दे-गे पृ. ४४)

५. भावनाक्रम तृतीय जी. टूच्ची (खण्ड-३ पृ. १४)

६. ह्वशङ के मत तथा उसके निराकरण के विषय में द्रष्टव्य (भावनाक्रम तृतीय-"स्दे-दृगे" बूस्टन-ग्यूर संस्करण "कि" पृ. ६१।)

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

से मूलोच्छेद की भांति लोकोत्तर-ज्ञान का प्रतिक्षेप हो जायेगा। प्रत्यवेक्षण प्रज्ञा के बिना योगी किस उपाय के द्वारा यथार्थं को बोध करेगा? । किस प्रकार से निर्विकल्प ज्ञान में स्थित हो सकेगा? ।

यदि सभी धर्मं अस्मरण तथा अमनसिकार है तो हम सभी अनुभवों के स्मरण तथा मनसिकार मे असमर्थं हो जाएगे। "मैं किसी भी धर्म का स्मरण नही करूंगा, मनसिकार नही करूंगा" ऐसा सोचते रहना भी निश्चित रूप से ही स्मरण तथा मनसिकार है। अस्मरण तथा अमनसिकार मात्र से निर्विकल्प ज्ञान होना असम्भव है क्योकि अभाव का हेतु होना अनुचित है, यदि स्मरण आदि के अभाव-मात्र से निर्विकल्प ज्ञान होता है तो मुर्च्छा की दशा में भी स्मरण न होने से निर्विकल्प ज्ञान की प्रवृत्ति का प्रसङ्ग, होने लगेगा। कुछभी सोचे समझे विना सभी आवरणो का प्रहाण तथा सर्वज्ञता की प्राप्ति कैसे हो सकेगी? इत्यादि।

आचार्य कमलशील अपने गुरु की भांति नालन्दा के एक अद्भुत विद्वान थे। आचार्यं शान्तरक्षित के ५००० श्लोको के दार्शनिक ग्रंथ "तत्त्वसंग्रह" पर इन्होने एक विद्वत्तापूर्ण पंजिका लिखि है। इसके अतिरिक्त मध्यमकअलंकार की पंजिका, मध्यमकालोक, आर्यं वज्रछेदिका की टीका, आर्य शालिस्तम्ब की टीका आदि लगभग तीस ग्रंथो को लिखा। इनमे से भावनाक्रम कीं भाषा सरल तथा सुबोध होने के कारण तथा प्रतिपाद्य विषयो के साधनागम्य होने के कारण ही संभवतः इस पर भारत तथा भोट दोनो में टीका टिप्पणियां नही लिखी गयी। तत्त्वों के साक्षात्कार के लिए जिज्ञासुपण गुरुजनो के चरणों की सेवा करके ही बांधि प्राप्त करते रहें। सौभाग्य से भोट देश में इस ग्रंथ की पूर्णतः सुरक्षित रखा जा सका और साधको मे प्रचलन अक्षुण्ण रहा।

इस महत्त्वपूर्णं ग्रंथकी उपयोगिता तथा महत्त्व को देखते हुये मैं इसके संस्कृत भाषा मे अप्राप्त अंश का तिब्बती सें संस्कृत में उद्धार कर चुका हू। तीनो खण्डो का देवनागरी लिप्यन्तरण, हिन्दी अनुवाद तथा भोट भाषा का संशोधित संस्करण लगभग पूरा कर चुका हूं। आशा है कि एक वर्ष के भीतर ही यह ग्रंथ मुद्रित होकर सुधीजनो को प्राप्त हो सकेगा।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

भोट वाङ्मय पर काव्यादर्श की छाप

समदोङ् रिनपोछे

महाराज सोङ छेन् गम्पो के शासनकाल में, शास्त्रीय भोट भाषा के जन्म कालसेंहीं, थोन्मि सम्भोट तथा उनके सहयोगियों ने भोट भाषा को संस्कृत के समकक्ष समृद्ध करने का हर सम्भव प्रयास किया। अतः व्याकरण के नियम भी सस्कृत की रूपरेखा पर अंकित किये गये। प्रत्येक संस्कृत-शब्द के लिए तिब्बती भाषा में भी प्रचलित अथवा दूसरी भाषाओं सें गृहीत नये तुल्यार्थक शब्दों की संरचना की जाने लगी और महाकाव्यों सहित विविध विषय के संस्कृत ग्रंथो के भाषान्तरण भी प्रारम्भ कर दिये गये तथा काव्यशास्त्र के ग्रंथ भी उन विद्वानो से अछूते न रहे। थोन्मि सम्भोट ने जब तिब्बती भाषा की लिपि और व्याकरण की रचना के नमूने के रूप में जो एक श्लोक लिखकर राजा के पास भेजा था, वह दुष्कर काव्य के स्वरनियतलक्षण सें युक्त था। इससें ऐसा प्रतीत होता है कि थोन्मि सम्भोट स्वयं अलंकारशास्त्रों सें मात्र रुचि हीं नही लेते थे, अपि तु उसके अच्छे ज्ञाता भी थे। परन्तु धर्म-दर्शन के ग्रंथ कें अनुवाद को प्राथमिकता देने के कारण अलंकार-शास्त्रो की ओर ध्यान नही जा सका।

यह बात नही कि भोट मे कोई स्तरीय मौलिक साहित्य अथवा शास्त्र नही था, बल्कि साक्या पण्डित कुङ्गा ग्यलछन् तक भोटीय विद्वान् द्वारा लिखित अथवा भारतीय या किसी विदेशी विद्वान् का अनूदित साहित्य नही था, क्योंकि इसके पूर्व हिमवत्प्रदेश के कुलपुत्रों की भावनाये और विचार उन्मुक्त एवं निर्बंध कल्लोल करते थे। पंख लगाकर स्वच्छन्द उड़ते थे। साक्या पण्डित कुङ्गा ग्यलछन् (११८१–८२ सें १२५१ ई.) ने सर्वप्रथम भोटसाहित्य के लिये गम्भीर शास्त्र की आवश्यकता का अनुभव किया जिससें सभी प्रकार सें संस्कृत के बराबर लाया जा सके। उन्होने स्वयं भी पद्यो की रचना संस्कृत काव्यशास्त्र तथा छन्दःशास्त्र के नियमो के अनुरूप की। इसके अतिरिक्त उन्होने एक महत्वपूर्ण ग्रंथ "खेम्पा-जगपइ-गो"-'विद्वत्तावतारं" की रचना की जहां उन्होने "छेद् छोद् छोम् सुम्-व्याख्यान, शास्त्रार्थ एवं लेखन के नियमों को बद्ध किया। इस पण्डित ने यत्र तत्र 'सरस्वतीकण्ठाभरणम्' को तथा प्रचुरतया 'काव्यादर्श' को उद्धृत किया है। इन्होने "काव्यादर्श" का काफी भाग भोट भाषा मे अनूदित भी किया, किन्तु अन्त के अंश का अनुवाद यह कह बन्द कर दिया कि तिब्बती विद्वान् काव्यशास्त्र की रचना मे बहुत रुचि नही लेते। इनके "विद्वत्तावतार" ने परवर्ती देशी विद्वानों को ध्यान इस ओर आकृष्ट किया और आवश्यकता का अनुभव किया कि "जागर के"-भारतीय भाषा-के आधार पर काव्यशास्त्र के नियमों की रचना की जानी चाहिये।

कुछ ही समय बाद महान् भारतीय पण्डित लक्ष्मीकर तता लोचावा दोर्जे ग्यलछन ने पूरे "काव्यादर्श" का तिब्बती भाषा में अनुवाद सम्पन्न किया, और शोङ लोचावा ने मूल कारिकाओं पर संक्षिप्त टिप्पणी की रचना की। उनके बाद पोङ लोचावा लोडो तेम्पा नें रत्नश्री की टीका के साथ "काव्यादर्श" का अध्ययन किया। यह निःसन्देह विशेष प्रशंसा के भाजन हैं क्योंकि इन्होनें रत्नश्री की टीका के कुछ अंशो का तिब्बती में अनुवाद किया और स्वयं भी

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain, Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

आंशिकरूप सें अपनी टीका लिखी और तिब्बतीं भाषा की द्वितीय टीका का प्रणयन किया। इन्होनें लोचावा दोर्जे ग्यलछन के अनुवाद का संशोधन तथा पुनर्मूल्यांकन करने का परिश्रम सहा। ये दोनो ही टीका में परवर्ती विद्वानं के द्वारा पूर्णतः अधिकारिक तथा अत्यन्त महत्त्वपूर्ण समझीं गयीं।

इतनें साहित्य के प्रकाश में आनें के बाद "काव्यादर्श" को पूरे तिब्बत में असाधारण महत्त्व एवं जनप्रियता मिलीं और इसको टीकाएं, टिप्पणियां, सारांश, व्याख्यायें और उदाहरण बर्षाकालीन विटपं की भांति अंकुरित होने लगे। परवर्ती विद्वानं में ऐसे कम ही मिलेंगे जिन्होनें किसी न किसी रूप में 'काव्यादर्श' का स्पर्श न किया हो। सबसे अधिक आश्चर्यंजनक तो यह है कि 'काव्यादर्श' का प्रत्येक नियम तिब्बतीं वाङमय के लिए आदर्श हीं नही बना अपि तु पूर्णतः लागू भी हो गया, जब कि सामान्यतः एक भाषा के नियम को किसी सर्वथा भिन्न भाषा मे पूर्णतः लागू कर पाना असंभव होता है। यहां तक कि तिब्बती कवि 'काव्यादर्श' की पद्धति के दुष्कर काव्य चित्रालंकारों के विविध भेद, श्लेष और यमक के अनेक प्रकारों के उदाहरणो की रचना करनें लग गये। आचार्य चोङ खा-पा नें अनेंक दुष्कर महाकाव्यो की रचना की जिनमें अनुलाम, विलोम तथा अनुलोमविलोम यमकों का अद्‌भुत दर्शन होता है।

वस्तुतः सा-क्या पण्डित ने जब अलंकार-शास्त्रो की ओर भोट विद्वानो का ध्यान आकृष्ट किया, तब एक नये युग का उदय हुआ। "काव्यादर्श" के अनुवाद के बाद से जो भोट भाषा में कविता के प्रति एक नयी अभिरुची जगी, उससे नागानन्द, लोकानन्द, मेधदूत, अवदान-कल्पलता जंसे ग्रंथो का भी अनुवाद हुआ। इसके प्रभाव से तिब्बती काव्य रचनाओं नें एक नया मोड लिया। गद्य और पद्य दोनो में रचना की परम्परा तो प्रारम्भ से ही रही, परन्तु रस, अलंकार और शैली की दृष्टी से 'काव्यदर्श' के अनुवाद से पूर्व तथा बाद में लिखे गये तिब्बती वाङमय मे एक स्पष्ट अन्तर-रेखा दिखायी पड़ती है। तिब्बती भाषा में महाकाव्यो की रचना की परम्परा भी इसके बाद ही मिलती है। जिन विद्वानो ने महाकाव्य रचा, उन्होनें स्वरचित कविता को महाकाव्य की संज्ञा देने की दृष्टी से "काव्यादर्श" के प्रथम परिच्छेद में निर्दिष्ट महाकाव्य के लक्षणो का अक्षरशः पालन करनें का प्रयास किया। इसके कारण कविता में कृत्रिमता प्रधान हो बयी। अलंकारो तथा रसों का सन्निवेश ठूंस-ठूंस कर किया गया। इससे सारा काव्य बोझिल हो गया। अनूदित काव्यो में सें 'अवदान कल्पलता' 'मेधदूत' और 'नागानन्द' को खूब प्रसिद्धि मिली, परन्तु "बुद्धचरितम्" उतनाप्रख्यात नहीं हो पाया। अन्य अनेंक तिब्बती विद्वानो नें "अवदान-कल्लता" को "काव्यराज" की संज्ञा दी। तिब्बती भाषा में जितना सहज यह लगता है, उतनीं अन्य कोई भी नहीं। इसलिये अधिकतर तिब्बती साहित्यकारों नें इसी की शैली को अपनानें का प्रयास किया। अनूदित शैली की कविताओं और काव्यादर्श के अलंकार-नियमों के पालन कीं यथाशक्ती चेष्टा की जानें पर भी भोट भाषा की अपनी विशेषता तथा मौलिकता अनेकशः अनायास झलक आती रही। इस मौलिकता को दोष समझकर विद्वानों ने उसे यथा॰ संभव दबाने की चेष्टा की। अतः कभी-कभी ऐसा भी लगता है कि अनूदित साहित्य के अनुकरण की होड़ मे भोटभाषा के अपनें सहज विकास मे बाधा पडी। आधुनिक भोट विद्वान "गुद्रुन छोफेल" नें अपनी साहित्यक रचनाओं मे काव्यदर्श के नियमों की उपेक्षा करनें की भी यथाशक्ति चेष्टा कीं है।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

सारी जनप्रियता तथा समादर प्राप्त करनें पर भी "काव्यदर्श" को असुविधाओ का भी सामना करना पड़ा। "काव्यादर्श" की कोई भी महत्त्वपूर्ण संस्कृत टीका पूरी की पूरी तिब्बती में अनूदित नही हुई जब कि प्रायः अन्य सभी विषयो के ग्रंथो पर एक सें अधिक टीकाओं का तिब्बती अनुवाद प्राप्त होता हैं। फलतः तिब्बती विद्वानों की टीकाओं मे अनेक त्रुटियां घुस गयी जो प्रथम परिच्छेद मे प्रचुर है। बहुत दिनों के बाद १६९९–१७०० सें १७७४ ई. में एक महान् संस्कृततज्ञ तिब्बती विद्वान् सि-तुपण-छेन् को दो संस्कृत टीकाएं मिली-एक थी रत्नश्रीं की तथा दूसरी थी वाचस्पति (बौद्ध) की। उन्होनें काव्यदर्शं का अध्ययन इन दोनो टीकाओं के माध्यम सें किया और एक व्याख्या की रचना अपनें प्रधान शिष्य छोड्कि भिमा (धर्मसूर्य) सें करायी जिसमे मध्यकालीन तिब्बती टीकाकारो की समस्त भ्रान्तियां का उन्मूलन कर दिया। उन्होने व्याख्या तो लिखायी ही, द्विभाषीय तिब्बती-संस्कृत-संस्करण भी अत्यन्त परिशोधित रूप मे तैयार किया। जो बाद में विद्वानो नें ज्यो का त्यो स्वींकार कर लिया।

संक्षेप मे भोट देश मे यही काव्यादर्श की कहानी है।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

RELATIONSHIP OF MIND AND MATTER AS DEPICTED IN ABHIDHAMMA PHILOSOPHY

By

K. B. L. SHUKLA

The relationship which exists between the mind and matter has remained a target of philosophical thinking since a very long time. Almost every eminent tradition of Indian philosophy has tried to examine it and worked hard to provide a logical solution to this mystery. The mystery deepens when we see around us a person dying, food taken by us and being convered into calories of energy or a particular scenery of our choice providing immense pleasure and a question arises in our minds as to how it happens ? Why a living person's all the activities are ceased after his death ? How the food taken in the gross form is converted into energy which is subte ? How a beautiful scenery existing outside creates a feeling of joy inside us ? Philosophical traditions like that of Buddhism has tried to answer these questions by saying that it happens so because of the peculiar relationship which exists between mind and matter, where Mind has been termed as subtle and conscious and matter as gross and unconscious. With this answer there arises a further question as to what is mind and what is matter as also how they are related to each other ? Buddha has tried to provide a very systematic and logical answer to this qnestion by way of his most profound teachings categorised as Abhidhamma and contained in the two famous books named as *Dhammasaṅgaṇī* and *Paṭṭhāna*. The same are being examined here to find out the answer of the question refered to above out of these two books. *Dhammasaṅgaṇī* deals with the nature of mind and matter while the other one named as *Paṭṭhāna* exclusively defines their mutual relationship. Let us examine that one by one.

Dhammasaṅgaṇī presents a detailed analysis of mind by dividing it into two parts technically called as 'citta' (consciousness) and chētasikā (psychic factors) wherin chētasikās have been defined as a type of Dhamma (reals) which are always associated with *citta*. The *citta* has been further subdivided as *Kāmāvacarā*, *Rūpāvacarā*, *Arūpāvacarā*, *Apariyāpannā* according to the plane in which it rests and as Kusalā, Akusalā Vipāka and Kiriyā etc according to it's value. The statement of the types of citta invariably opens with a question 'Katmē dhammā kusalā or Akusalā or Abyākatā?' The answers to there questions are rendered as under–

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

"Katamē dhammā kusalā? Tīṇi kusala mūlāni alobhō, adōsō, amóhō, tam sampayutto vēdanākkhandho, saññākkhandhō saṃkhārakkhandho, viññāṇakkhandho tam samuṭṭhānam kāyakammam, vacikammam manōkammam imē dhammā kusalā."[1]

Here it is said that there are three kusala (moral) roots Alōbhō, Adōsō, and Amōhō and a citta arising in association with them alongwith respective chētasikā vēdanā and saññā as also related Physical and mental actions are called as kusalā Dhammā.

The next reply related to Akusalā Dhammā (immoral) has been enumerated as under-

"Katamē dhammā akusalā ? Tīṇi akusala mūlāni Lōbhō, Dōsō, Mōhō tadekaṭṭhā ca kilesā, tam sampayuttō vēdanākkhandho saññākkhandho, saṃkhārakkhandho, viññāṇakkhandhō, tam samuṭṭhānam kāyakammam vacikammam, manokammam imē dhammā akusalā."[2]

This means that Akusala roots are of three kinds-Lōbhō, Dōso Mōho, and fetters (kilesa) and a citta arising in association with them alongwith respective chetasikā, vēdanā saññā as also the related physical, vocal and mental actions are called Akusalā Dhammā.

The third reply is related to Abyākatā Dhammā as presented in the undermentioned words-

"Katamē dhammā abyākatā ? kusalā kusalānam dhammānam vipākā kāmāvacarā rūpāvacarā, arūpāvacarā, apariyāpannā vēdanākkhandho, saññākkhandho, saṃkhārakkhandho, viññaṇakkhandho yē ca dhammā kiriyā nēva kusalā nākusalā na ca kammavipākā sabbam ca rūpam asankhatā ca dhātu imē dhamma abyākatā."[3]

The above quoted definition of Abyākatā Dhammā tells us that the resultants of Kusala kāmāvacarā, Rūpāvacarā, Arūpāvacarā, Apariyāpannā (Lokuttara) and Akusala kāmāvacara deeds vedanā, saññā, saṃkhāra and viññāṇa khandha (aggregates) all these and kiriyā which are neither moral (kusala) nor immoral (akusala) and which are not the resultants of the actions all kinds of rūpa and Nibbāna (Asaṃkhatā ca Dhātu) are called as Abhyākatā dhammā.

In the above description certain concepts like kiriyā, Asaṃkhatā ca Dhātu and rūpa deserves special attention. Here kiriyā and citta denote a type of conseiousness which yields no resultants. This type of consciousness

1. *Dhamma Sangaṇi* – Page 230, Nav Nālanda Mahavihar edition 1960, edited by Bhikkhū J. Kashyap.
2. *ibid* Page 23,
3. *ibid* Page 230.

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

is found only in an Arahant (emancipated being). The second concept 'Asaṃkhatā ca Dhātu' means Nibbāna. It is called so as it is of an indescribable nature. Howeuer Nibbāna is not discussed at length as it falls beyond the purview of our present paper. The third concept Rūpa means material qualities. It if to be discussed at length because it is a technical name given to the matter which is an important point of our present diseussion.

Rūpa has been classified in two categories in *Dhamma Saṅgaṇī* as under–

"Tattha katamam sabbam rūpam? cattāro ca mahābhūta catunnam ca mahābhūtānam upādāya rūpam - idam vuccati sabbam rūpam."[4]

In the above lines it has been mentioned that all kinds of rūpa have been divided into types of Mahābhūta (basic elements) and Upādāya Rūpa (generated material qualities) which are 23 in member. Thus the total number of rupa have been said to be of 27 types.

Thus the above giren analysis of mind and matter as presented in *Dhammasaṅgaṇī* can be summarised in the conclusion that the Mind which is conscious and technically called as NĀM is a combnation of citta and cētasika or of vēdanā saññā, saṃkhāra and viññāna khandhas (aggregates) and the matter which is unconscious and technically termed as Rūpa is a combination of Mahābhūta and Upādāya Rūpas. Rūpa is also termed as Rūpa khandha (matter aggregate). This is the nature of mind and matter as depicted in *Dhammasangaṇī*. The latter Abhidhammic texts explained the mind and matter into a more specifie way. As in Vibhāvanī citta has been defined 'ālaṃbanam cintēti iti cittam'[5] means the dhamā (reals) which thinkṣ about the obiect is called as citta. In the same way Abhidhammattha sangahō defines cētasikās as under–

Ekuppāda nirōdhā ca
Ekālambana vatthukā
Cētoyutā dvipaññās
Dhammā cētasikā matā."[6]

This means that the dhammas which share the common base and common obiect and arise with citta as also cease with it–those which are fully attached with citta–such 52 types of Dhammas are called as cētasikās. This Gātbā of Abhidhammathasaṅgahō gires a clear cut exposition of the Cetasika Dhammās. The exact expression to the concept of Rūpa given by *Vibhavani* is also very precise and specific which reads as 'ruppatīti rūpam'

4. *ibid* Page 148.
5. *Vibhavani* Page 18.
6. Abhidhammattha Sangahō–Ācārya Aniruddha–Commentry by Bhadanṭa Sumangala Swāmi ed. 1965, Page 40.

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

means the material qualities which are subject to decay are termed as rūpa. In this way the first part of our question related to the nature of the Mind and Matter has been replied in a very systematic and analytical way by the Abhidhamma philosophy.[7]

Now, the second part of the question as to how the mind and matter coexist into a harmonious way at the same place and effeet each other is to be examined. Buddha has paid considerable attention to this probelm and the results of his endevour are collected into another important book of Abhidhamma called as Paṭṭhāna. The name of the book itself is very suggestive. It suggests that the subject matter of the book deals with the kinds of relation. This particular sense of the title of the book can be easily derived by analysing the word 'Paṭṭhāna etymologically. The word Paṭṭhāna is a compound of prefix 'pa' and 'thāna' wherin pa denotes 'kinds' and 'thāna' means 'relation'. So the book which deals with the kiuids of relation has been named as Paṭṭhāna kepeing in view this meaning of the word 'Paṭṭhāna has been defined as a Nānāppakārāni thānāni ēthāti Paṭṭhānam".[8] Thus it becomes crystal clear that Paṭṭhāna is a book which deals with the kinds of relations. It will be obvious to conclude here that these relations are explained in terms of Mind and Matter. Paṭṭhāna explains the relationship of Mind and Matter be with the technical name as Paccaya which are 24 in number. Before proceeding towards their analysis lat us examine the way in which Paccayas have been given exposition in Paṭṭhāna. Paccaya has been explained with the help of two other components technically called as Paccaya Dhamma and Paccayuppanna Dhamma. Here Paccaya Dhamma is the cause and Paccayuppanna Dhamma is its effect. The name of tne Paccayas is based upon the nature of the Paccaya Dhammas, which are said to be of 24 types as has already been deseribed above. The same are examined here as under–

(1) *Hetū Paccaya* – A type of relationship in which the Paccaya Dhamma is either of one or two 6 hetus and Paccayuppanna dhamma are the consiousness psychic factors associated with them as also the types of material qualities generated due to it the same is called as Hētu Paccaya. It has been defined in Paṭṭhāna as Hetu hētusampayuktakānam dhammānam tam samuṭṭhānānam ca rūpānam hetupaccayēna paccayo." [9]

(2) *Ālambana Paccaya* – It is the name of a type of relation where the Paccaya Dhamma is an object and the paccayuppanna dhammas is the consciousness and psychic factor which arises due to that. In the words of

---

7. Vibhāvanī – Page 13
8. Abhidhammattha Sangaho Tikā Part II, by Bhadant Rēvat Dhamma
9. Patthāna Pāli – Nav Nālandā Mahāvihar edition 1961 edited by Bhikkhu J. Kashyap Page 3.

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

Paṭṭhāna "yam yam dhammam ārabbha yē yē dhammā upajjanti citta cētasikā dhammā, tē tē dhammā tēsam dhammānam ārammaṇapaccayēna paccayō." [10]

(3) *Adhipati Paccaya* – A type of relation wherein an object which exercises dominating influence is the paccaya dhamma and paccayuppanna dhamma is the consciousness and psychic factors associated with it such a relation is called Adhipati Paccaya. Paṭṭhāna defines it as under yam yam dhammam garum katvā yē yē dhammā upajjanti citta cētasikā dhammā tē tē dhammā tēsam tēsam dhammānam adhipati paccayēna paccayo." [11]

(4) *Anantara Paccaya* – The relationship in which exists a sequence between the preceding and succeeding dhammas such a relation is termed as Anantara Paccaya. In Paṭṭhāna it has benn enumerated as. " yēsam yēsam dhammānam anantarā yē yē dhammā upajjanti citta cētasikā dhammā, tē tē dhammā tēsam tēsam dhammānam anantara paccayēna paccayo." [12]

(5) *Samanantara Paccaya* – In such a relation paccaya dhamma being a preceding factor immediately succeeds the paccayuppanna dhamma so it is called as samanantara paccaya. Paṭṭhāna defines it as-yēsam yēsam dhammānam samanantarā yē yē dhammā upajjanti citta cētasikā dhammā, tē tē dhammā tēsam tēsam dhammānam samanantara paccayēna peccayo." [13]

(6) *Sahajāta Paccaya* – Sahajāta paccaya is the name of relation in which the paccaya dhamma and the paccyuppanna dhamma are simultaneously born. Becauae of there such simultaneous birth there develops a relation due to which they naturally help each other. Paṭṭhāna defines it as wit an example as " rūpinō dhammā arūpinam dhammānam kincikāle sahajāta paccayēna paccayō." [14]

(7) *Aññamañña paccaya*-A relation in which the paccaya dhamma and paccayuppanna dhamma are interdependent on each other is called as Aññamañña paccaya. To quote Paṭṭhāna this relationship can be illustrated as under-" cattāro khandhā arūpino aññamaññam paccayēna paccayo." [15]

(8) *Nissaya paccaya* :- This is a relation in which the paccaya dhamma functions as a ground for paccayuppanna dhamma as ground for the tree. Paṭṭhāna describes it as " cattārō khandhā arūpino aññamaññam nissaya paccayēna paccayo." [16]

(9) *Upanissaya Paccaya*-It is a relation in which the paccaya dhamma works as a sufficing condition to the paccayuppanna. It has been explained

---

10. *ibid* Page 4
11. *ibid* Page 4
12. *ibid* Page 4
13. *ibid* Page 6
14. *ibid* Page 6
15. *ibid* Page 6
16. *ibid* Page 7

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

as "purimā purimā kusalā dhammā pachhimānam Pachhmānam kusalānam dhammānam upanissaya paccayēna paccayo."[17]

(10) *Purējāta Paccaya* – This relation has been defined as the relation of Pre-existence in which paccaya dhamma exists as a pre-condition for the existence of paccayuppanna. For example six organs, as well as the five sensible objects are related to the corresponding kinds of consciousness (eyeconscio-usness, ear-consciousness etc) by way of this relation. It has been enumrated in Paṭṭhāna as under : manoviññāṇadhātuyā tam sampayuttānam ca dhammānam kincikālē purējāta paccayēna paccayo."[18]

(11) *Pachhājātapaccaya* – It has been termed as a relation of post existence. It has been explained in Paṭṭhāna as pachhājātā citta cetasikā dhammā purējātassa imassa kāyassa pachhājāta paccayēna paccayo."[19]

(12) *Āsēvana Paccaya* – A type of relationship in which repetition of the Paccayadhamma strengthens the paccayuppanna dhamma is called as Āsēvana Paccaya. It has been exemplified in Paṭṭhāna as purimā purimā kusalā dhammā pachhimānam pachhimānam kusalānam dhammānam āsēvana paccayēna paccayo.[20]

(13) *Kamma Paccaya* – The relationship in which an action functions as paccaya dhamma and it's resultant as paccayuppanna dhamma is known as kamma paccaya. It has been explained as "kusalā kusalam kammam vipāsa kānam khandhānam katatta ca rūpānam kamma paccayēna paccayo."[21]

(14) *Vipāka Paccaya*–The relation in which there exists different types of resultants like love and hatred, greed and sacrifice, being of diverse nature to each other–remains on our psychic level without any conflict each other is callad as vipāka paccaya. To quote Paṭṭhāna it can be explained as "Vipākā cattāro khandhā arūpiṇo aññamaññam vipāka paccayēna paccayo."[22]

(15) *Āhāra Paccaya* – The relationship through which food being a paccaya dhamma nourishes our body as paccayupanna dhamma is called as Āhāra Paccaya. Paṭṭhāna while illustrating this relation informs as under kavalīkāro āhāro imassa kāyassa āhārapaccayēna paccayo."[23]

(16) *Indriya Paccaya*–This relation can be explained by three different kinds as co–existence, pre-existance and physical life of these–the paccaya dhammas of the first kind are the 15 co–existent faculties viz. psychic life,

17. *ibid* Page 7
18. *ibid* Page 8
19. *ibid* Page 8
20. *ibid* Page 8
21. *ibid* Page 9
22. *ibid* Page 9
23. *ibid* Page 9

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

consciousness, pleasure, pain etc. and the paccayuppanna dhammās are their co-existent properties both mental and material.

The paccaya dhammas of the 2nd kind are the five sentient organs, viz. eye, ear, nose, tongue and body, and the paccayuppanna dhammas are the 5 senses together with their concomitants.

The paccaya dhammas of the 3rd kind is only one i. e. 'physical life itself. And the paccayuppanna dhammas are all the material qualities produced by karma, with the exception of physical life itself. Paṭṭhāna while giving an example of this relation shiptells as under :

"arūpiṇo indriyā sampayuktānam dhammānam tam samuṭṭhānānam ca rūpāṇam indriyapaccayēna paccayo." [24]

(17) *Jhāna Paccaya*-It is a type of relation in which paccaya-dhammas are the five constituents of Jñāna namely Vitakka, Vicāra, Pīti, Somannassa and Ekaggatā and the Paccayuppanna dhammas are all the types of consciousness arising due to these constituents Jhān factors along with the material qualities generated. For instance when 5 Jñāna factors are present as paccaya dhamma. Pathama rūpāvacara jñāna citta arises as a paccayupanna dnamma. Paṭṭhāna explains this relation with the words : ṅānaṅgāni jñānasampayuktakānam dhammānam tam samuṭṭhānānam ca rūpāṇam Jñānapaccayēna paccayo."[25]

(18) *Magga Paccaya* - Here Magga means path which if followed in the right direction leads to Nibbāna. Here in this relation the 12 constituents of the Magga arts as paccaya-dhamma and the consciousness arising due to association with them alongwith the psychic factors and generated material qualities are called paccayuppanna dhamma. In Paṭṭhāna Magga Paccaya has been defined as "maggaṅgāni maggasampayuktakānam dhammānam tam samuṭṭhānānam ca rūpāṇam maggapaccayēna paccayo." [26]

(19) *Sampayutta Paccaya* - All the types of consciousness associated with the psychic factors due to the existence of this type of relation in between.

(20) *Vippayutta Paccaya* - In this type of relation the paccaya dhamma is dissociated with paccayuppann dhamma.

(21) *Atthi Paccaya* :- It has been defined as a relation in which the paccaya-dhamma exists with the existence of paccayupanna dhamma.

(22) *Natthi Paccaya*-is the name of the relation in which the paccaya-dhamma must be absent when the paccayuppana exists.

---

24. *ibid* Page 9
25. *ibid* Page 9
26. *ibid* Page 9

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

(23) *Avigata Paccaya* – In this relation also the paccaya-dhamma exists with the existence of paccayuppanna dhamma.

(24) *Vigata Paccaya* – In this type of relation paccaya dhamma remains absent when the paccayuppanna dhamma exists.

With the exposition of the above quoted 24 types of relation Buddha has made an attempt to ıeply the question as to how the Matter is related to Mind.

Thus we find that in the Abhidhamma philosophy of Buddhism a very systemetic attempt has been made to study the relationship of Mind and Matter. But it cannot be said that the exposition of this relationship as given by Buddha was the ultimate. Efforts to unearth this mystery are still being made and thay will be continued till the secret of this relation is not unearthed.

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

तीर्थिक और बुद्धतीर्थिक

नागेंद्रनाथ उपाध्याय

तित्थिया, तीर्थिक अथवा तैर्थिक शब्द का बहुशः प्रयोग बौद्ध साहित्य में उपलब्ध होता है। अंग्रेजी मे इसका अनुवाद प्रायः Heretic शब्द से किया जाता है। वैसे विभिन्न प्रयोगों को देखने से यह ज्ञात होता है कि अंग्रेजी का यह शब्द अधिक व्यापक प्रयोग एवं तद्गत विविध संदर्भो एवं अर्थो से संपन्न है; क्योंकि एक धर्म से भिन्न अन्य किसी दूसरे मत अथवा संप्रदाय के समर्थक अथवा सिद्धान्तानुयायी को संबोधित करने के लिए प्रायः इस अंग्रेजी शब्द का प्रयोग विद्वानों ने किया है। इसे हम भारतीय भाषा मे परधर्मानुयायी कह सकते हैं; जब कि यह भी सत्य है कि बौद्धो के द्वारा ही तीर्थिक शब्द का प्रयोग परधर्मावलंबियो अथवा उनके प्रवर्तकों के लिए हेय अथवा निन्दात्मक अर्थ मे किया गया मिलता है। इसी प्रकार इस शोधपत्र मे बौद्धो के द्वारा प्रयुक्त बुद्धतीर्थिक शब्द पर भी विचार किया जा रहा है। इसके संदर्भ बहुत कम हैं, फिर भी अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है।

पालि साहित्य में इस "तित्थिया" शब्द के विविध प्रयोगों और उनके संदर्भो की चर्चा बौद्ध जगत में बहुत अधिक हैं। हम मात्र औपचारिकता के लिए इसके कुछ प्रयोगों की चर्चा करेंगे। विविध संदर्भो की चर्चा से यह स्पष्ट किया गया है कि यह शब्द ऐसे व्यक्ति के लिए प्रयुक्त है जो अपने अनुयायी कां निर्वाण या मुक्तिप्राप्ति का आश्वासन तो देता है; किन्तु वह उन्हे दोषो और भ्रमों की ओर अग्रेसर कर देता है।[1] महायान ग्रंथो में ललितविस्तर और महावस्तु दोनो में तीर्थिको के अनेक उल्लेख हैं जिस मे उन्हे निकृष्ट संप्रदायो के अनुयायियों के रूप मे स्मरण किया गया है। प्रायः संदर्भो मे तीर्थिको के अन्तर्गत ब्राह्मणो को अवश्य ही सम्मिलित किया गया है।[2]

बौद्धोनें वैदिक धर्म या मत अथवा ब्राह्मण धर्म के अनुयायियो के लिए इस शब्द का सामान्यतः प्रयोग किया है। तीर्थं शब्द के मार्ग, घाट, जलस्थान, तीर्थयात्रा के स्थान आदि अर्थ तो बहुप्रचलित है; किन्तु हमारे प्रस्तुत शोधपत्र के लिए 'तीर्थ' शब्द का 'ब्राह्मण अर्थ भी कम महत्त्वपूर्ण नही; क्योंकि आगे के बौद्ध संदर्भों में मुख्य रूप से ब्राह्मण धर्मोपदेशकों, उनके अनुयायियों या उनके आचार्यों को ही तीर्थिक शब्द से लक्षित किया गया है। बौद्धो की दृष्टि में तीर्थिक वे हैं जो वैदिक मार्ग, मत, सिद्धान्त अथवा ब्राह्मण धर्म अनुयायी अथवा समर्थक हैं। उनको दृष्टि मे ये तैर्थिक नित्य, शाश्वत, अमर कहे जाने वाले आत्म तत्व और मृत्यूपरांत जीवन

१. दिव्यावदान ८१; अवदानशतक १.४८, २.२० : विनय. १.५४, ८४, १३६, १५९ इसी प्रकार तित्थियसावक के लिए-विनय. १.१७२; जातक १.९५; विशुद्धि. १७ (पालि इंग्लिश डिक्शनरी, राइज डेविड्स (१९२१), पृ. १२६)।

२. ललितविस्तर ३१३।१९, २५०।१, २९८।१२; महावस्तु ३।४९।१२ (बुद्धिस्ट हाइब्रिड सं. डिक्शनरी, सं. एफ. एडगर्टन (१९७०), पृ. २५४)।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

की सत्ता मे विश्वास करते है ।[3] तैर्थिक यह भी मानते है कि संपूर्ण गोचर का कोई आधारभूत मूल कारण है ।[4] बुद्ध ने ब्रह्मजालसुत्त में वासष्ठ प्रकार के अपधर्मो का उल्लेख किया है;[5] इन्हे मिथ्या दृष्टि कहा गया है । बौद्ध साहित्य में इनका विस्तृत विवरण उपलब्ध नही है ।[6] ब्रह्म-जालसुत्त के उल्लेखों से यह ज्ञात होता है कि उस समय कितने ही ऐसे लोग थे जो ध्यान से या तर्क से यह विश्वास करने-कराने मे लगे थे कि बाह्य जगत् और जीवात्मा दोनो ही नित्य है ।[7]

थेरगाथा, उदान, मज्झिमनिकाय आदि ग्रंथो से यह ज्ञात होता है कि बौद्धो ने किन-किन बातों में तीर्थिको का विरोध किया और उन्हे मृषावादी माना । थेरगाथा स्नान से पाप का अपकर्षण नहीं मानती ।[8] जल से शुद्धि नही होती । वही शुद्ध और यथार्थ ब्राह्मण है जो सत्यवादी है ।[9] सभी मूर्ती के प्रति क्षेमभाव, मृषावाद से विरति, अहिंसा, श्रद्धा मात्सर्य राहित्य का मार्ग उत्तम बताया गया है ।[10] अंगच्छेद, जलाग्निप्रवेश, पर्वतनिपात, अनशन-मरण आदि कष्टप्रद क्रियायों का अनुष्ठान श्रमण-भिन्न लोग करते हैं ।[11] ऐसा करनेवालों में तीर्थिकादि की गणना की गयी है । आगे चलकर तीर्थिको की इन बातो का विरोध तांत्रिक बौद्धसिद्धों ने भी किया । वेदादिसम्मत कर्मकाण्ड, क्रियाकर्मो का तथा साथ ही उनके अनुयायियों का विरोध तो आस्तिक परम्परा के श्रीमद्भागवतादि ग्रंथों में भी मिलता है, जब कि जैनों तथा बौध्दों को वहां पाखंडी तक कह दिया गया है ।[12] श्रीमद्भागवत की दृष्टि में, इसप्रकार, वैदिक, जैन और बौध्द विधर्मी (तीर्थिक - Heretic) थे । इस तरह की व्यापक प्रवृत्ति भारतीय संप्रदायों के इतिहास में देखी जा सकती है ।

तिब्बती इतिहास लेखकों के ग्रंथ यद्यपि ऐतिहासिक दृष्टि से बहुत विश्वसनीय नहीं हैं तथापि संप्रदायों और धार्मिक समुदाय में प्रचलित एवं मौखिक परम्परा मे जीवित अनुश्रुतियों से सूचनाएं एकत्रित करने के लिए ये ग्रंथ उपयोगी है । तारानाथ के इतिहास से ज्ञात होता है कि प्रसिध्द बौध्द आचार्य धर्मकीर्ति ने चक्रसंवर और वज्रसत्त्व साधना का प्रवर्त्तन करने के उपरांत तीर्थिक मत के रहस्यों क जानने की इच्छा की थी और दासवेष धारण कर दक्षिण देश मे अतिप्रसिध्द तीर्थिक विद्वान् कुमारिल की सेवा की थी । सभी रहस्यों के ज्ञान के बाद उन्होने कुमारिल को ही पराजित किया । इसी प्रकार उन्होने काशी में तीर्थिक विद्वान् शंकराचार्य को भी पराजित किया ।[13] इससे यह स्पष्ट होता है कि धर्मकीर्ति के समय मे पूर्व और उत्तर, दोनों

---

३. ए. हि. इं. फि., दासगुप्ता (१९६९), वा. १, पृ. ६८ पा. टि., पृ. १३८ ।
४. वही, पृ. १५१ ।
५. दीघनिकाय (सोलक्खान्ध-वग्ग, ब्रह्मजालसुत्त) १।१ ।
६. ए. हि. इं. फि., वा. १, पृ. ७८ ।
७. वही पृ. २३६ ।
८. थेरगाथा २३९ ।
९. उदान १, ९ ।
१०. मज्झिम निकाय (सुत्तपिटक), १।३९ ।
११. मज्झिम निकाय (सुत्तपिटक), १।२८१ ।
१२. ए. हि. इं. फि., दासगुप्त, वा. ३ (१९६८), पृ. ५१८ ।
१३. भारत में बौध्द का इतिहास, (तारानाथ), अनु. रिगजिन लुण्डुप लामा, पृ. ९६-९७ ।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

मीमांसाशास्त्रो अथवा मत को तीर्थिकमत के रूप मे बौध्दों ने मान्यता प्रदान की थी। तीर्थिको के अन्तर्गत योगियों की भी गणना की जाती थो जिनके साथ ललितवज्र नाम के बौद्द कीं चमत्कारिक प्रतियोगिता आयोजित हुई थी । राजा देवपाल के समय मे तीर्थिक लोग मंदिरवादी थे । इसी प्रकार नेपाल की तीर्थिक योगिनी का भी उल्लेख तारानाथ ने किया है ।[14] युवान च्वांग के एक उल्लेख से यह सूचना मिलती है कि अवलोकितेश्वर प्राय: पाशुपत तीर्थिक के छद्म वेश मे प्रकट हुआ करते थे ।[15] युवान च्वांग ने अपने 'सिध्दि' नामक ग्रंथ मे विभिन्न तीर्थिक मतो की परीक्षा की है । तीर्थिकों के प्रकारों मे सांख्य, वैशेषिक, निग्रंथ, आजीवक आदि की गणना की है । सुत्तनिपात मे भी तीर्थिको में आजीवको और निग्रंथी की गणना की गयी है ।[16] पूरणकस्सप भी तीर्थिक था जिसने बुध्द को महाप्रतिहार्य के लिए ललकारा था और जो पराजित होने पर लज्जित होकर कंठ मे बालुकाघट बांधकर बावडी में डूबकर मर गया था। यह अक्रियावादी पूरणकस्सप भी बौध्द साहित्य मे तीर्थिक के रूप मे स्वीकृत है ।[17] बुध्दघोष नें अपनी अट्ठकथा में इनके मत को 'नाट्ठिकवाद' कहा है।[18] इस प्रकार सांख्य, वैशेषिक, योग, पाशुपत, पूर्वमीमांसा, उत्तरमीमांसा, आजीवक, निग्रंथ, योगी आदि तीर्थिको में अन्तर्गणित हैं ।

महायानी साहित्य में हीनयानियं को भी इसी प्रकार की दृष्टि से देखा गया है और उनकी आलोचना को गयी है अर्थात् स्वयं बौध्दो द्वारा ही अन्य वौध्द विचारधारा की आलोचना की गयी है । प्राय: महायानवादी हीनयान कीं साधना को तुच्छ समझते हैं। उनकी मान्यता यह है कि श्रावकयान द्वारा निर्वाण नही मिल सकता । शान्तिदेव की गणना केवल वौध्द सिध्दों में ही नही, सिध्दाचार्यो मे भी की जाती है । उनका कथन है कि श्रावकयान की कथा का उपदेश नही करना चाहिए, न उसे सुनता चाहिए, न पढ़ना चाहिए; क्योंकि उससे वलेशी का अन्त न हो सकेगा ।[19] एक दुसरे बौध्दसिध्द और आचार्य आर्यदेव ने अपनी 'चित्तविशुध्दि प्रकरण' नामक संस्कृत रचना में बताया है कि हीनयान पर अधिरुढ़ व्यक्ति के लिए पद-पद पर मृत्यु की शंका रहती है। ठीक इसके विपरीत महायानाधिरुढ़ व्यक्ति की करूणामार्ग पर अग्रसर होने और जगदुध्दारणाशय होनें कें कारण प्रशंसा की गई है ।[20]

तांत्रिक बौध्द साहित्य में तीर्थिक की आलोचना तो हैं हीं, साथ ही वुध्दतीर्थिक की भी आलोचना है। यह शब्द प्रयोग मे विरल होते हुए भी अतिमहत्वपूर्ण है । महायानियों ने जिस दृष्टि से हीनयानिय की आलोचना की है, वैसी ही दृष्टि तांत्रिक बौध्द सिध्दो को भी है । स्थविरवादियों ने जिन दृष्टियों से तीर्थिको की आलोचना की है, उसी का निर्वाह वौध्दसिध्दो ने

---

१४. वही : पृ. १०२, ११२, ११४।
१५. स्ट. बु. क. इं., जोशी, पृ. ४१३।
१६. बौ. ध. द, नरेन्द्रदेव, पृ. ४२९-४३०; सुत्तनिपात (नालन्दा), २।१४।१६१।
१७. ए. हि. इं. फि., दासगुप्त, वा. ३, (१९६८), पृ. ५१९-५२१।
१८. बौ. ध. द., पृ. ११८।
१९. वही : पृ. १०६।
२०. चित्तविशुध्दिप्रकरण आ. व. आर्यदेव, पटेल, (१९४६), पृ. ४, श्लोक ५२-५३
हीनयानाभिरूढानां मृत्युशंका पदे पदे । संग्रामजयचित्तस्तु दूर एव व्यवस्थितः।
महायानाभिरूढस्तु करुणाधर्मवर्मितः। प्रज्ञातन्तुधनुर्वाणां जगदुध्दारणाशयः ।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

भी तीर्थिको की आलोचना मे किया है और उसी प्रकार इन लोगो ने तीर्थिको को भि निन्दा की है यद्यपि कदाचित् इसके पूर्व अपने पूर्ववर्ती बौध्दो को महायानियों ने भी तीर्थिक नही कहा था। बौध्द सिध्दो इस पूर्ववर्ती बौध्दो को तीर्थिक कहे जाने के मूल मे उनके वज्रयानी और सहजयानी सिध्दान्त है जिनका दर्शन हमे महायान में भी नही होता।

आदि सिद्धाचार्य सरहपाद ने गुरुवचन की महत्ता बताते हुए यह निर्देश दिया है कि उनके हृदय मे प्रवेश कर जाने पर तत्व तो हाथ पर रखा जैसा दिखायी पड़ता है; किन्तु जगत् तो मिथ्या में बहाया जा रहा है। मूर्खो द्वारा निजस्वभाव लक्षित नहीं किया जा रहा है।[21] अद्वयवज्र नें इसकी संस्कृत टीका में जगत् के मिथ्या मे प्रवाहित किए जाने के संदर्भ मे स्पष्टत: तीर्थिको का स्मरण किया है और सरह के ही शब्दो में उन्हे मूर्ख कहा है।[22] इसी प्रकार सरह यह मानते है कि निजस्वभाव का कथन अन्य के द्वारा नहीं किया जा सकता। उसका दर्शन तो मात्र गुरुपदेश से ही हो सकता है।[23] सरह के एक दोहे पर टीका करते हुए अद्वयवज्र यह स्पष्ट करते है कि श्रमण सम्यक्ज्ञान से रहित होते है और प्रव्रज्या ग्रहण करते हुए, विनयादि का पालन करते हुए भी उन्हे फल की प्राप्ति नही होती।[24] सरह के दोहों और उनपर की गयी टीका से उपर्युक्त शांतिपाद और आर्यदेवके विचारों का समर्थन मिलता है।

लुइपाद नें अपने चर्यापद में महासुख के परिमापन का उपदेश करते हुए यह कहा कि इसे तो गुरु से पूछकर ही जाना जा सकता है। सकल समाधियो से कुछ नही होता। उसके (महासुख के) अभाव मे सुख-दु:ख के प्रपंच मे पड़कर व्यक्ति निश्चय ही मृत्यु को प्राप्त करता है।[25] इस पर टीका करते हुए मुनिदत्त कहते है कि नयभेद से समाधि में कुशलदशा के परिहार हेतु इन्द्रियनिरोध का निर्देश किया गया है। इसकी आलोचना के लिए श्री समाज को उद्धृत करते हुए टीकाकार ने स्पष्ट किया है कि तीव्र दुष्कर नियमों के पालन से शरीर दु:खित होता है, सूखता है। दु:खादि सें चित्त विक्षिप्त होता है और चित्तविक्षेप से सिद्धि अन्यथा हो जाती है। पुनः इसकी पुष्टि में हेवज्रतंत्र को उध्दृत कर तांत्रिक बौध्दो के प्रबल राग तत्त्व की महिमा गायी है –

(१) 'दुष्करै: नियमैस्तीव्रैर्मूर्ति: शुष्यति दु:खिता।
दु:खाद्धि क्षिप्यते चित्तं विक्षेपात् सिध्दिरन्यथा॥' – श्री समाज से।

---

२१. दोहाकोष, बागची, पृ. १८-जेह गुरु वुत्तउ हिअह पइसइ णिच्चिअ हत्थे ठविअ दीसइ। सरह भणइ जगत वाहिअ आलें। णिअसहाव णउ लक्खिउ वाले॥ ४-सरहपदाय दोहाकोष दो. सं. १८।

२२. वही, सं. टीका, पृ. ८७-८८।

२३. वही, पृ. २३, दो. सं. ३८-'णिअ सहावणउ कहिअउ अण्णे। दीसह गुरु उषएसैं अण्णैं॥'

२४. वही, दो. सं. १९, सं. टी. पृ. ८८-८९-'यदा तेन श्रमणेन सम्यग् ज्ञानहीनेन प्रव्रज्या गृहीता विनयादिलक्षणं शिक्षारक्षणं कृतं वा तेषां फलं न भवति।'

२५. चर्यागीतिकोष:, बागची और शास्त्री (१९५६), च. सं. १-'दिढ करिअ महासुह परिमाण। लुइ भणइ गुरु पुच्छिअ जाण॥ सअल समाहिअ काह करिअह। सुख-दुखेते निचित मरिअह॥'

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

(२) 'रागेण बध्यते लोको रागेणैव विमुच्यते।
विपरीतभावना ह्येषा न ज्ञाता बुध्दतीर्थिकैः ॥' – श्री हेवज्र से।

इन प्रमाणो के आधार पर मुनिदत्त का स्पष्ट कथन है कि महासुख के अवधात से अर्थात् महासुख के राहित्य से बुध्दतीर्थिक बहुत से दुःखों का अनुभव कर जन्मते और मरते है।[26]

हीनयान के अनुसार राग पुनर्जन्मादि की ओर अग्रसर करनेवाला दोष है।[27] कुशल मे चित्त की एकाग्रता ही समाधि है। राग इसमे बाधक है।[28] महायान दर्शन में भी सास्रव धर्मो अथवा पदार्थो के प्रति राग का परित्याग अवश्यकीय माना गया है। प्रतिसंख्यानिरोध और अप्रतिसंख्यानिरोध के संदर्भ में यह द्रष्टव्य है। तृष्णा, इच्छा, राग आदि चित्त के विरोधक है जिससे अन्य अनेक दोष उत्पन्न होते है। तांत्रिक बौध्दो में राग की करुणा तत्त्व का पर्याय मान लिया गया। प्रतीकाथ में यह उपाय का पर्याय हो गया; किन्तु इसका हीनयानगृहीत अर्थ परित्यक्त नहीं हुआ। जैसे चित्त के सावृतिक और पारमार्थिक रूप स्वीकृत थे, उसी प्रकार राग भी दो प्रकार का स्वीकृत हुआ। अद्वयवज्र ने रागकी करुणा के रूप में विस्तृत व्याख्या की है।[29] साधनात्मक राग रंजन करने के कारण ही राग है। यह सांसारिक नहीं हैं, अतः महाराग हैं। श्री हेवज्रतंत्र के राग के दूसरे प्रयोग मे इस अर्थ की व्याप्ति देखी जा सकती है। इसके बिना महासुखकी सिध्दि संभव नहीं। इसिलिए मुनिदत्त ने उक्त श्लोक पर इस प्रकार टिप्पणी की। उन्होने पुनः लुइपाद तथा अपनी स्थापनाओं के लिए श्रीसमाज की उध्दृत किया–

पञ्चकामान् परित्यज्य तपोभिर्न च पीडयेत्।
सुखेन साधयेद् बोधिं योगतन्त्रानुसारतः॥

सरहपाद का वचन भी इसकी पुष्टि करता है–

तनुतरचित्तांकुरको विषयरसैर्यदि न सिच्यते शुध्दैः।
गगनव्यापी फलदः कल्पतरुत्वं कथं लभते॥[30]

तात्पर्य यह कि इसके माध्यम से तांत्रिक बौध्दो ने यह प्रसिध्द तांत्रिक सिध्दान्त स्वीकार कर लिया प्रतीत होता है कि प्रमाता की दृष्टि ही प्रमेय के स्वरूप का निर्णय करती हैं। साथ ही इस विवेचन एवं प्रमाणों सें यह भी स्पष्ट हो जाता है कि तांत्रिक बौध्दों की दृष्टि में पूर्ववर्ती बौध्द भी तीर्थिक की श्रेणी मे अन्तर्गणित थे।

सरहपाद ने अपने दोहों मे श्रमणादि की साधना का खण्डन किया है। इस प्रकार श्रमण भी तीर्थिकों के अन्तर्गत आए प्रतीत होते है और इसके प्रमाण भी हैं। श्रमण शब्द का अभिप्राय सामान्य अर्थ में संन्यासी या साधु है और विशिष्ट अर्थ में बौध्दभिक्षु है। इसका एक

---

२६. वही, च. सं. १ की. सं. टीका-'एवं महासुखाविघातेन महासुखरहितत्वेन बुध्दतीर्थिका बहूनि दुःखान्यनुभूय उत्पद्यन्ते म्रियन्ते च।' पृ. ४।
२७. विसुध्दिमग्ग, कौसाम्बी, २२।११।२०, पृ. ४७८-४८० (महायान, शांतिभिक्षु)।
२८. विसुध्दिमग्ग, पृ. ८४-८५ (ए. हि. इं. फि., दासगुप्त, वा. १, पृ. १०१)।
२९. अद्वयवज्रसंग्रह, सं. हरप्रसाद शास्त्री (१९२७), प्रेमपंचक।
३०. चर्यागीतिकोष, बागची और शास्त्री, च. सं. १ की टीका, पृ. ४।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

अर्थ अधम भी है। जैन संन्यासी के लिए भी इस शब्दका व्यवहार मिलता है।[31] श्रमण दोनो प्रकार के मिलते हैं; वैदिक-अवैदिक, बौध्द-अवौध्द। अवैदिक श्रमण वेद के प्रामाण्य को स्वीकार नहीं करते, यज्ञ-यागादि की क्रियाओं के महत्त्वहीन मानते थे, उन्हे निरर्थक और निष्प्रयोजन मानते थे। इनसें क्षुद्र फलों की प्राप्ति मानी गयी। पालि निकाय मे प्रायः नास्तिक श्रमणो का ही उल्लेख है। श्रमणो के अनेंक संप्रदाय तपस्या का विशेष देते थे। बौध्दो में अनुयायियों के चार विभागों मे श्रामणेर एक विभाग था।[32] ऊपर श्रमण और प्रव्रज्याग्रहण दोनों का एक साथ प्रयोग अद्वयवज्र ने अपनी टीका में किया हैं। इससें यहा बौध्द संन्यासी की ओर ही संकेत किया गया प्रतित होता है।[33] इस प्रकार बौद्ध श्रमण भी सरहपाद की आलोचना का लक्ष है।

ऊपर हेवज्रतंत्र का जो श्लोक उध्दृत है, उसमे बुध्दतीर्थिक शब्द आया है। कृष्णवज्र-पाद हेवज्रतंत्र के प्रतिष्ठित टीकाकार हैं। उन्होने योगरत्नमाला नाम की टीका लिखी है। कृष्णवज्रपाद सरहपाद (हेवज्रतंत्र के प्रवर्तंक) की महनीय शिष्यपरंपरा में भी आते है। ऊपर मुनिदत्त ने हेवज्रतंत्र के श्लोक पर जी टिप्पणी की है, वह योगरत्नमाला से बहुत समानता रखती हैं। हेवज्रतंत्र गुह्यतंत्र का ग्रंथ होने कारण तीव्रेन्द्रियाधिकारसाध्य है। ऊपर उद्धृत 'रागेण बध्यते लोको' श्लोक हेवज्रतंत्र का ही है जिस पर टीका करते हुए कृष्णवज्रपाद नें स्पष्ट किया है–

> 'रागेणेति लौकिकरागेण मुच्यते सहजरागेण। विपरीत सपक्षस्यातिविपक्षरूपत्वात् परमार्थस्तु नैकस्य रागमात्रस्यापि तु सर्वेषां लौकिकधर्माणां न ज्ञातेति एवंविधा महासुखभावना न ज्ञाता न प्रतीता वुद्धतीर्थिकैः श्रावकादिभिः। कथं ते बौद्ध इति बुद्धं शास्तारं उपगच्छन्ति कथं तीर्थिकाः भगवच्छासनसारे वज्रयाने द्वेषात्।'[34]

यहां श्रावकों की गणना तीर्थिकी में की गयी है। हीनयान का ही दूसरा नाम श्रावकयान है। इसका प्रतिपक्ष महायान या बोधिसत्वयान हैं। इसे हीं अग्रयान भी कहते हैं।[35] महायान ग्रंथों में भी हीनयान को श्रावकयान कहा गहा है। ऊपर शांतिदेव ने भी अपनी आलोचना में श्रावक-यान का ही स्मरण किया है। असंग ने महायानसूत्रालंकार में बताया है कि श्रावकयान मे परहितसाधन का प्रयत्न नहीं है, केवल अपनें ही मोक्ष का उपाय मिलता है।[36]

इस प्रसंग मे तांत्रिक बौद्धों के राग तत्व का अर्थनिरूपण आवश्यक प्रतीत होता है। यह स्पष्ट किया जा चुका है कि तांत्रिक बौद्धों का राग महासुखभाव से घनिष्ठभाक्ति संबद्ध है। यह महासुख प्राचीन तीन कायों तथा अन्य संबद्ध धारणाओं से ऊपर है। महायान में भीं यद्यपि करूणातत्व की प्रधानता है, तथापि महासुख का लक्ष्यस्वरूप वहां दृश्य नहीं है। इस दृष्टि से

---

३१. संस्कृत हिन्दी कोष, आपटे, पृ. १०३५; बुध्दिज्म, मो. विलियम्स, पृ. २३, सं. इं. डिक्शनरी मो. वि. पृ. १०९६।

३२. बी. ध. द., पृ. १, ११।

३३. सं. इं. डिक्श., मो. वि., पृ. ६९४ को भी देखा जा सकता है।

For Vallabha God's grace is to be achieved through devotion of pure love-type. Important points according to Vallabha for this love-type of devotion are as follows: (1) It does not require any means like knowledge. (2) It imparts a sense of security and absolute fearlessness. A devotee regards God as his protector in all concerns and situations of life. (3) It is open to all classes. Even women and down-trodden Śūdras are qualified for admission to it. (4) Its goal is only enjoyment of God's love in union with him. (5) It does not require the devotee to give up life of a householder and turn a recluse. He may stay in

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

the world and experience God through service and love, even as a householder. (6) It is not obligatory for a devotional life that desires should be suppressed. It stresses the need that our desires should be sublimated and turned to God. (7) It is absolute trust in God, so a devotee preserves his composure of mind in the midst of any cares or anxieties or worldly troubles. (8) In devotion, we transcend oneself. In whatever we do, we do not think in terms of our own self, but with reference to God. We love God for his own sake; and our world and ourself for the sake of God. (9) In devotion, the entity of the individual soul is preserved intact. The soul participates in full glory. Thus it is clear that the path of *Śuddhādvaita* philosophy was thouroughly based on faith.

Like other Ācāryas, Vallabha too had to take resort to *pramāṇas* or means of knowledge to support his teachings. The purpose of this paper is to find out the *pramāṇas* accepted by Vallabhācārya and to study the relative importance be attaches to these *pramāṇas*, especially Śrutis.

Pramāṇas and Vallabhācārya :

With Vallabha, Vedas, the *Brahmasūtras* and the *Gītā*, are the canons of authority. To this, he adds *Bhāgavata* as the fourth canon of authority, superior to the previous three. Generally, the Vedas, Brāhmaṇas and *Upaniṣads* constitute what is known as Śruti. What Vallabha thinks of Śruti and how much he utilises them for the interpretation of *Brahmasūtras* is to be recorded.

Śrutis and Vallabhācārya :

Of all the *pramāṇas*, Vallabhācārya relies upon the word proof only. For him शब्द is authoritative. This शब्द is not the word of wordly men. It is defined as आप्तवाक्य. आप्त is the one in wbose words we place implicit and unshakable faith as in the oracles of superhuman beings. Such a word-proof, worthy of great trust is none but the Veda. Vallabhācārya at the beginning of *Aṇubhāṣya* says 'The meaning of Vedas is extraordinary; it is difficult to understand with the help of ordinary reasoning. One can grasp it only with the help of penance reasoning based on Vedas and grace of God. [अलौकिको हि वेदार्थो न युक्त्या प्रतिपद्यते। तपसा वेदयुक्त्या तु प्रसादात्परमात्मनः]. In *Aṇubhāṣya* 1.1.4, while discussing the question namely what should serve as a proof in the matter of Brahman, Vallabha answers that Vedas alone can supply reliable proof in the case of Brahman, Vedas are the breath of the lord. अतो निरपेक्षा एव भगवद्भिः श्वासरूपवेदा एव प्रमाणम्. In 1.3.29 अत एव च नित्यत्वम्, अ. भा. Vallabha explains, the Veda is quite different from प्रपञ्च. It is not only eternal but also similar to ब्रह्म. This similarity with ब्रह्म is implied by च in the Sūtra (तस्मादाधिदैविक प्रतिपादकत्वाद्वेदस्य नित्यत्वम्). In the commetory upon 2.1.27 in *Aṇubhāṣya*, Vallabha maintains that the Sūtrakāra bases all his evidence upon the authority furnished

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

from Śrutis. He refuses to believe in evidence other than that of Śruti. The Śrutis declare repeatedly that Brahman is the doer (कर्तृ). If it be so, we must admit it, inspite of our logical reasoning forcing us to draw opposite kind of conclusion. Vallabha's admiration of Śruti is expressed in these words. In the case of unfathomable greatness of Brahman, Śruti alone is to be regarded as proof and not any other verbal clue. [अनवगाह्यमाहात्म्ये श्रुतिरेव शरणं नान्या वाचोयुक्तिः].

The above quotations make it very clear that Śruti is the highest canon of authority for Vallabha. Accordingly, he interprets many Sūtras of Bādarāyaṇa on the basis of Śrutis. On 1. 2. 26 of अणुभाष्य there is a controversy regarding the possible meaning of the word वैश्वानर. While winding up the topic Bhāṣyakāra says. " For whatever views expressed, strong authority must be given " (तस्मात्प्रमाणमेवानुसतर्व्यम् । न युक्तिः । शब्दवलविचार एव मुख्यः । अ. भा.). Similarly, there is a Sūtra of Bādarāyaṇa, शब्द इति चेन्नातः प्रभवात्प्रत्यक्षानुमानाभ्याम् 1. 3. 28. In context of this Sūtra, it can be said that the theory of the performance of Vedic rites with respect to gods is mostly accepted. But some perceive discrepancy arising from the शब्द. They are of the opinion that the performance of action will follow the knowledge of sense (अर्थ). And the knowledge of sense results from the Vedas. The Vedas in their turn declare the performance of action of the साध्य etc. Hence at the time of acquiring the knowledge of the sense of the Vedas, as the performance of action does not exist, this part of the Vedas that makes declaration of such performance also will not exist. This will further lead us to suppose the non-permanent character of the Vedas. Thus there is a great contrast in the words, if not in the sense. While removing this objection, the Sūtrakāra says that as all the objects stated above make their manifestation independently from the words, the objection does not stand. All objects, mentioned in the Vedas are supremely divine. Not only that, but they constitute the limbs of the पुरुष i. e. ब्रह्म. This is supported by the proofs of perception and inference. Both these kinds of proof leave no room for doubt that all objects have their origin in the Vedas. The Bhāṣyakāra, in conclusion of his comments on the Sūtras, rightly observes, on the position of the Sūtrakāra in these words : तस्मात्प्रत्यक्षानुमानाभ्यामिदानीन्तनभौतिकयज्ञपदार्थेषु भगवदवयवावेशस्तथामुत्रापि देवादिलोके तस्माद्वैदिकः पदार्थः सर्वोप्याधिदैविको भिन्नो इति सिद्धम् । Bhāṣyakāra emphasizes here the divinity of Vedas. In the Sūtra 3. 4. 8 अ. भा. अधिकोपदेशात्तु बादरायणस्यैव तद्दर्शनात्, Jaimini's theory regarding the superiority of कर्म is controverted and Bādarāyaṇa's belief is given, namely Brahman is superior to कर्म. This is declared even by a श्रुति passages स वा अयमात्मा सर्वस्य वशी सर्वस्येशानः सर्वस्याधिपतिः etc. (बृ. 44. 22). Not only Brahman's superiority over कर्म is asserted here, but even over ज्ञान etc. As Bhakti is connected with Brahman directly, it is the most reliable means for the attainment of Brahman. Before भक्ति, ज्ञान and

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

कर्म have no power. Vallabhācārya then comments upon this attitude of Bādarāyaṇa as follows : एवं कर्मज्ञानाभ्यामधिको भक्तिमार्गस्तत्प्राप्यः पुरुषोत्तमश्च श्रुतावुपदिश्यत इति तदेकप्रमाणवादिनो बादरायणस्य मतमप्येव जैमिनिमतादधिकमित्यर्थः। अ. भा. श्रुति seems to be the highest *pramāṇa* for Vallabha.

So far we have observed how Vallabha glorifies Śruti on different occasions in specific words. It is also interesting now to note how he upholds the views given by other scholars only on the criteria whether these views follow the Śruti or not. In the concluding portion of his comments on the Sūtra जन्माद्यस्य यतः I, 1, 2 अ.भा. the Bhāṣyakāra refers to the views of Naiyāyikas and Vijñānabhikṣu. He states their views by referring to them as केचित् and अन्ये. In केचिदत्र जन्मादिसूत्रं लक्षणत्वादनुमानमिति he refers to the views of Naiyāyikas. They hold that Sūtra being the *lakṣaṇa* of Brahman (ईश्वर according to their system) is inference. There are two kinds of inferences here; one describes जगत् as a कार्य and the other states its cause. The first can be briefly stated as: "The world is an effect; because it has parts like a jar". The other can be put as : "The world must have some intelligent cause, because it is an effect like a jar". In अन्ये पुनः श्रुत्यनुवादकमाहुः, the attitude of Vijñānabhikṣu is referred to. He thinks here there is an अनुवाद of the Śrutis. Our Bhāṣyakāra refuses to accept both these views. He, disregards them, because they are not in accordance with Śruti. He briefly puts his own views in तत्तु तं त्वौपनिषदं पुरुषं पृच्छामि इति केवलोपनिषद्वेद्यत्वादुपेक्ष्यम्. Similarly in the context of the Sūtra, तत्तु समन्वयात् I, 1. 3. four principal वादs prevalent among the various schools of philosophical thought viz. आरंभवाद, प्रकृतिवाद, विवर्तवाद and अविकृतपरिणामवाद are being introduced. आरंभवाद is resorted to by Naiyāyikas, the प्रकृतिवाद by Sāṁkhyas, the विवर्तवाद by Māyāvādins and the last one by Śuddhādvaitins. Vallabhācārya tries to refute the विवर्तवाद. He points out the flaw in this theory, that if जगत् is considered a विवर्त (delusion) in ब्रह्म, then those favouring this theory shall have to be known as Asuras, in accordance with the words of *Gītā*, असत्यमप्रतिष्ठं ते जगदाहुरनीश्वरम्। अपरस्परसंभूतं किमन्यत्कामहैतुकम्. Śaṅkarācārya, the follower of विवर्तवाद explains that, it is through the instrumentality of Māyā that Brahman, destitute of attributes and form appears as जगत्. This is often illustrated by the popular simile of the rope which is mistaken for a snake. Śaṅkara says that here the cognition of a snake in a rope is due to some error. Really it is not the snake but a rope; and yet the beholder sees that it is a snake. The cognition of a snake in this illustration is ertoneous, because it is created by some illusion (विवर्त). In the same way, seeing jagat only in Brahman is also due to error (विवर्त) which is caused by nescience. Against this Vallabhācārya says that all this sounds inconsistent with the teaching of Śruti. The *Vivartavāda* has perforce to suppose the existence of Māyā, which is beginningless. But in reality there does not exist any entity as Māyā other than Brahman. Should be however accept

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

both the entities, then the doctrine of Advaita at once falls down to the ground. Therefore the theory of *vivarta* cannot hold good.

Smṛtis and Vallabhācārya :

Like Śruti, Vallabha also shows leaning towards Smṛtis. In तत्वार्थदीपनिबन्ध he declares that only scripture is the *Gītā*, sung by the son of Devakī, the only God is Kṛṣṇa, the chant consists of his names alone, and the one and only activity is the service of that Deity.

" एकं शास्त्रं देवकीपुत्रगीतमेको देवो देवकीपुत्र एव ।
मन्त्रोऽप्येकः तस्य नामानि यानि कर्माप्येकं तस्य देवस्य सेवा "
(T. D. N. I. 4)

In addition to *Gītā*, another Smṛti work chosen by Vallabha is *Bhāgavata*. Vallabha has chosen this work as representing the highest truth and added it to the normally accepted *prasthānatrayī* as the fourth, endowed with the maximum authority (T. D. N. 7–8)

Befitting his reliance on Smṛti in 1–2–25 'स्मर्यमाणमनुमानं स्यादिति' अ. भा. Vallabhācārya points out that the word वैश्वानर in the Sūtra must be taken in the sense of Brahman. He says Smṛti also furnishes us with a proof of inference that does enable us to take वैश्वानर in the sense of Brahman. The Bhāgavata has this verse :

केचित्स्वदेहे हृदयावकाशे प्रादेशमात्रं पुरुषं वसन्तम् ।
चतुर्भुजं कञ्जरथाङ्गशङ्खगदाधरं धारणया स्मरन्ति (भागवत 2. 2. 8)

Here also प्रादेशमात्र occurs. This describes वैश्वानर that is identified with Brahman. Vallabhācārya adds that what is heard in Smṛtis is repeated here, after remembrance and meditation. So the Śrutis describing वैश्वानर are expressive of Brahman only. In the same manner, having explained in the Sūtra अनुकृतेस्तस्य च 1. 3. 22 अ. भा. that all objects imitate or follow Brahman as the rays follow the sun and shadow, the body of a man, Vallabha furnishes the testimony from Smṛti in corroboration of what has been said earlier "न तद् भासयते सूर्यो न शशाङ्को न पावकः" भ. गी. 15. 16).

यदादित्यगतं तेजो जगद् भासयतेऽखिलम् ।
यच्चन्द्रमसि यच्चाग्नौ तत्तेजो विद्धि मामकम् ॥ (भ. गी. 15/12)

and the conclusion arrived at is expressed by him in words that "तस्माद् भगवानेव सर्वभासकः । तमेव सर्वमनुकरोति इति सिद्धम् " अ. भा.

Sometimes to drive home a certain point Bhāṣyakāra brings in both Śruti as well as Smṛti. The Sūtra अन्तरा चापि तु तद्दृष्टेः 3. 4. 35 अ. भा. declares that the duties of castes and stages of life interfere with the fruit in the

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

case of a devotee (भक्त). In his commentary on this Sūtra, Vallabha writes "भगवद्धर्मेभ्यआश्रमधर्मा हीना इत्यल्पमुच्यते । अपि तु तस्मिन्पुरुषोत्तमे धर्मिण्येव दृष्टितात्पर्यं यस्य पुंसस्तस्याश्रमधर्मा अन्तरा च फलसिद्धौ व्यवधानरूपाश्चेति श्रुतिर्दर्शयति" । अ. भा. He then quotee the following Śruti "एतद्ध स्म वै तत्पूर्वे ब्राह्मणा अनूचाना विद्वांसः प्रजां न कामयन्ते किं प्रजया करिष्यामो येषां नायमात्मायं लोकः" ... ... बृ. (4. 4. 22). The Smṛti also does support this (Cf. न ज्ञानं न च वैराग्यं प्रायः श्रेयो भवेदिह । (भागवत, 11. 20, 39, 6. 14. 6) & अहं भक्तपराधीनो ह्यस्वतंत्र इव द्विज (भागवत 9. 4. 63).

Some discrepancies :

It is noteworthy that even in his adherence to Śrutis, Vallabhācārya prefers one set of Śruti to the other. In the context of discussion on I. i. 3 तत्तु समन्वयात् अ. भा. he lays down that the nature of human objective as well as the meaning of the scriptures should be understood only as it is laid down in the scriptures, and should not be fancied to one's own taste. It may be pointed out here that the same charge could be brought against Vallabha himself, since the contradiction between the two sets of scriptural passages has to be explained, that is what each commentator has, surely tried to do, though each one in consonance with reason – considered as fundamental and paramount (rightly or wrongly) underlying the entire set-up of his philosophical system. But this necessarily implies the subordination of one set to the other; and the question then boils down so whether it is the *Saguṇa* or the *Nirguṇa* set that is upheld as principal. Any contradiction, whether pertaining to earthly entities or to revelation so-called has to be explained in rational terms. If the staunch followers of the word of the Śruti profess to be faithful to it, they should accept both the sets of texts – and hence the inherent contradiction also – as they are offered and should not try to attribute greater importance to either. This would result in blind faith and that may be acceptable to religion or dogma, but not to philosophy. Thus Vallabha's statement that "those having imagined, the scriptural meaning according to their own fancy, seek to explain the Vedas in that light, are indeed too daring and deserve to be condemned by the god" can easily be applicable to Vallabha too.

Vallabhācārya sometimes keeps aside Śrutis and substantiates his statement with the help of Smṛtis only. In III, 3, 9 "व्याप्तेश्च समञ्जसम्" Bhāṣyakāra explains how the different forms of meditation such as of a child, a youth etc. do not go against his being of the nature of Saccidānanda. *Vyāpteḥ* in the Sūtra is interpreted to stand for *Sākāratva* on the basis of the *Gītā* statement, viz. 'सर्वतःपाणिपादं तत्' etc. This strikes us unnatural and the lines that follow, which declare the lord to be *rasa-rūpa* etc. make it obvious that this interpretation of the Sūtra under consideration as of the whole section is sectarian, since such discussions as the one pertaining to the "experience of the deliciousness of

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

the divine sport" etc. can hardly claim to be based on the authoritative and acknowledged *Upaniṣad* texts, nor can they be deducted from the text of *BS*. It is in itself remarkably out of place and unhistorical that the Sūtras should be deemed to postulate what a very modern work (comparatively speaking) like the *Bhā*. preaches and the Sūtras should be interpreted in the light of the same. It can be said in Vallabha's defence that he did not pay much, attention to historical sequel, since for him, all were sources of the one revelation whose words contained one consistent, timeless body of truth for whose validity mere historical succession was of scanty value except that the later works could contain clearer statements of the older truth.

To conclude it can be said that for Vallabhācārya words of the Lord were divine- It is equally true that Indians do not differentiate in general between the statements coming from Vedas, Vyāsa or Lord Kṛṣṇā. Their words become our mandates. Faith does have this power and this faith rules over the minds of devotees. Yet this is not expected from Vallabhācārya. Though in his case too, faith supercedes reasoning, he as the Ācārya should have measured the ancient works like Śrutis and Smṛtis in proper spirit. As it is rightly said in *Bhagavad-gītā* that great people should never behave in such a way that it leaves a certain doubt in the minds of commoners. For Vallabha, the Lord from *Bhāgavata* appealed to his heart most, the fact which can be marked in his works.

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

काश्मीर शैवदर्शन में चतुर्विध मोक्षोपाय

लेखिका : कमला द्विवेदी

काश्मीर शैवदर्शन की सभी शाखाओं में सामान्यतः मुक्ति के चार उपायों को स्वीकार किया गया है — अनुपाय, शाम्भवोपाय, शाक्तोपाय एवं आणवोपाय। इन चतुर्विध उपायों को ही तत्तत् गुणों के प्राधान्य के कारण क्रमशः आनन्दोपाय, इच्छोपाय, ज्ञानोपाय, एवं क्रियोपाय भी कहा जाता है। इनमें से शाम्भवोपाय अभेददृष्टिप्रधान, शाक्तोपाय भेदाभेददृष्टि-प्रधान तथा आणवोपाय भेददृष्टिप्रधान है।

त्रिकदर्शन एक अनुभूति-सिद्ध दृष्टि है। इसके दार्शनिकों ने अपनी मान्यताओं का आधार एवं लक्ष्य साधारण जन को बनाया है। शास्त्राभ्यासी विद्वानों अथवा मूर्खों को नहीं[1]। यही कारण है कि वे दुर्लभ एवं जटिल मुक्ति का अथवा मुक्ति के उपायों का उपदेश नहीं देते। उनको दृष्टि दुःख में सुख, विष में अमृत एवं संसार मे मोक्ष की अनुभूति कराने की है[2]। इस दर्शन में वही उपाय सहज एवं सर्वोत्कृष्ट है जो विना किसी प्रयत्न के सामान्य जन को आत्मस्वरूप का साक्षात्कार करा सके[3]। अनुपाय का विचार इसी दृष्टि का परिचायक एवं प्रमाण है।

अभिनवगुप्त ने इसी उपाय को सर्वाधिक महत्त्व प्रदान करते हुए तन्त्रालोक के द्वितीय आह्निक में इसका विस्तृत विवेचन किया है। इस उयाय का संबंध प्रमुखतः प्रत्यभिज्ञा शाखा से है। इसके नाम में 'नञ्' का प्रयोग निषेध अथवा अभाव के लिए न होकर 'ईषत्' अर्थ में किया गया है। दूसरे शब्दों में अनुपाय का अर्थ उपायों का निषेधमात्र[4] नहीं है अपि तु इसका वास्तविक अर्थ उपायों की अत्यल्पता है। इसमें उपायों की गन्धमात्र भी नहीं होती[5]। इसमें मुमुक्षु शिष्य गुरुपदेशों के द्वारा यह समझता है कि सभी उपाय परमेश्वर से और स्वयं उसके स्वरूप से मलिन हैं, निम्न हैं। उसके आत्मस्वरूप को ये प्रकाशित नहीं कर सकते। स्वरूप के प्रत्यभिज्ञान के लिए उसे किसी भी उपाय की आवश्यकता नहीं है[6]।

1. (अ) तत्त्वनिरूपणमुपदेश्यजनापेक्षया ...। प. सा. वि., १४.
   (ब) जयरथ भी इस बात का समर्थन करते हैं कि इस दर्शन में अत्यन्त ज्ञानी एवं मूर्ख दोनों का अधिकार नहीं है। ज्ञानी के लिए शास्त्र तृणवत् है [तत्त्वज्ञस्य तृणं शास्त्रम्] और मूर्ख के लिए व्यर्थ। फलस्वरूप मध्यम-जन ही शास्त्र का लक्ष्य है —
   संसाराम्बुनिधिं यः स्यात्तितीर्षुः कश्चिदुत्तमः।
   नात्यन्ततज्ज्ञो नो मूर्खः सोऽस्मिन्छास्त्रेऽधिकारवान्॥ विवेक २. ३.
2. दुःखान्यपि सुखायन्ते विषमप्यमृतायते।
   मोक्षायते च संसारो यत्र मार्गः स शाङ्करः॥ शिवस्तोत्रावली, 20. 12.
3. जनस्यायत्नसिद्ध्यर्थम् ... ...। ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी, 4. 1. 18:
4. अनुपायः इति नोपायनिषेधमात्रम्। विवेक, १. १४२.
5. नात्र उपायगन्धोऽस्ति! विवेक, १. २४२.
6. (अ) उपायैर्न शिवो भाति भान्ति ते तत्प्रसादतः।
   स एवाहं स्वप्रकाशो भासे विश्वस्वरूपकः॥

(*Continued on the next page*)

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

इस उपदेश के फलस्वरूप वह अपने भीतर शिवत्व का विमर्श करने लगता है। शिवैक्य का यह परामर्श उसे बिना किसी योगाभ्यासादि के हो जाता है। जैसे— गुरु के अनुग्रहमात्र से, उसके दृष्टियात से, उसके स्पर्श से, उसके द्वारा दिए गए किसी भोज्य पदार्थ को खाने से अथवा किसी अन्य ही प्रकार से[7]। जब यह अनुभव-परामर्श प्रतिदिन के अभ्यास द्वारा दृढ हो जाता है। तब मुमुक्षु शरीर धारण करते हुए तथा देहधर्मों का निर्वाह करते हुए भी मुक्त रहता है।

शाम्भवोपाय में मुक्ति की प्रबल इच्छा के अभ्यास के द्वारा ही साधक को शरीर, मन, बुद्धि एवं प्राणादि के द्वारा किसी भी प्रकार की साधना नहीं करनी पडती। इसलिए इस उपाय में मन्त्र मुद्रा आदि क्रियाओं की अपेक्षा नहीं है[8]। साधक शरीरादि की क्रियाओं से निवृत्त होकर मुक्ति-विषयक इच्छाशक्ति की तीव्रता एवं दृढता का अभ्यास करता रहता है। वह शरीरादि के द्वारा न किसी वस्तु का ग्रहण करता है और न ही परित्याग। वह हेयोपादेयता से परे रहकर अपनी इच्छा को आत्म-स्वरूप में ही केन्द्रित किए रहता है। स्वस्थिति अथवा स्वात्म-विश्रान्ति का यही अभ्यास शाम्भवोपाय है। यही मुक्ति का साक्षात् उपाय माना गया है[9]। अनुपाय इसी की पराकाष्ठा है[10]।

शाम्भवोपाय में अभेददृष्टि का विशेष महत्त्व है। इस उपाय का साधक विकल्पों से परे रहते हुए[11] दर्पणनगरन्याय से प्रतिबिम्बित इस विश्व को स्वयं से अभिन्न समझता है[12]। विश्व शिवेच्छा का मूर्त रूप है एवं तद्रूप है। अतः शाम्भवोपाय का स्वरूप भी स्वात्म-परामर्श का है[13]।

त्रिक दर्शनानुसार अज्ञान अर्थात् अपूर्ण ज्ञान की निवृत्ति ही मुक्ति है। पारिमित्य बन्ध का पर्याय है एवं अपरिमितता की अनुभूति मोक्ष का। अशुद्ध विकल्पों अथवा अज्ञान के कारण प्रमाता स्वयं को अल्पज्ञ, अल्पशक्ति तथा अनीश्वर समझने लगता है। यही अशुद्ध विकल्प है। अतः जब मुमुक्षु सर्वज्ञाता, सर्वशक्तिमत्ता, पूर्णाहन्ता एवं पूर्ण ऐश्वर्य की अनुभूति

(*Continued from the last page*)

इत्याकर्ण्य गुरोर्वाक्यं सकृत् केचन निश्चिताः।
विना भूयोऽनुसन्धानं भान्ति संविन्मयाः स्थिताः॥ विवेक, २. २.

(ब) उपायजालं न शिवं प्रकाशयेद् घटेन किं भाति सहस्रदीधितिः।
विवेचयन्नित्थमुदारदर्शनः स्वयंप्रकाशं शिवमाविशेक्षणात्॥

7. सिद्धानां योगिनीनां च दर्शनं चरुभोजनम्।
कथनं संक्रमः शास्त्रं साधनं गुरूसेवनम्।
इत्याद्यो निरुपायस्य संक्षेपोऽयं वरानने॥ विवेक, २. २.

8. मन्त्रमुद्राक्रियोपासास्तदन्या नात्र काश्चन। तन्त्रा., 3.270.

9. साक्षादुपायेनेति शाम्भवेन। विवेक, १. १५२.

10. स (शाम्भव) एव परां काष्ठां प्राप्तश्चानुपाय इत्युच्यते। विवेक, 1.142.

11. (अ) निराधारं मनः कृत्वा विकल्पान्न विकल्पयेत्। विज्ञानभैरव, 108.
(ब) अविकल्पस्वरूपपरिशीलनात्मा शाम्भवावेशः। विज्ञानभैरवविवृति, 24.

12. मत्त एवोदितमिदं मय्येव प्रतिबिम्बितम्।
मदभिन्नमिदं चेति त्रिधोपायः स शाम्भवः॥ तन्त्रालोक, 3.280.

13. परामर्शमात्राद्विश्वस्य संविन्मात्ररूपत्वमित्येवं परामर्श एव चास्य शाम्भवोपायस्य स्वरूपम्।
विवेक, 3.280,

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

के शुद्ध विकल्पों द्वारा इदन्ता के स्पर्श से कलुषित अशुद्ध विकल्पों को समाप्त कर लेता है तभी उसको अपने वास्तविक स्वरूप का ज्ञान होता है। इस दृष्टि से अपूर्ण ज्ञान की निवृत्ति के लिए शुद्ध विकल्पात्मक ज्ञान का अभ्यास ही शाक्तोपाय है[14]। यही इसके ज्ञानोपाय नाम की सार्थकता है। इसमें उच्चारादि का पूर्ण अभाव होता है। जप, ध्यानादि अनेक उपायों के समावेश के कारण इसे 'उपायमण्डल' भी कहा गया है। इस उपाय की तुलना वेदान्त के ज्ञानोपाय से की जा सकती है। जिसमें आत्मज्ञान को ही मुक्ति का प्रधान एवं प्रत्यक्ष उपाय माना गया है।

त्रिकदर्शन में स्वीकृत चतुर्विध उपायों में सर्वाधिक स्थूल (बाह्य) अथवा मूर्त उपाय आणवोपाय है। क्रिया के प्राधान्य के कारण इसे क्रियोपाय कहा जाता है। इस उपाय में कतिपय कल्पित मन्त्रों का उच्चार होता है। मन्त्रोच्चारण में शारीरिक क्रियाओं का भी विशिष्ट स्थान है। मन्त्रोच्चारणादि संवित् के सन्निकृष्ट उपाय हैं तथा ध्यानादि विप्रकृष्ट, जो क्रमशः बुद्धि एवं मन से साध्य हैं। दीक्षा का इसी उपाय में अन्तर्भाव किया गया है। इस उपाय को भेदोपाय कहने का औचित्य यह है कि इसमें साधक इदन्ता तथा अहन्ता को समान महत्त्व देता है। मुमुक्षु का अपने से भिन्न वस्तुओं पर चित्त को स्थिर करने का अभ्यास ही आणवोपाय है।

शैव दार्शनिकों ने अपने ग्रन्थों में अनेकत्र यह मत प्रस्तुत किया है कि अन्य दर्शनों द्वारा प्रदर्शित मुक्ति का स्वरूप एवं उसके उपाय अपूर्ण हैं। ये दर्शन पूर्ण मोक्ष के जिज्ञासुओं को सही मार्ग दिखाने के स्थानपर द्वैत के पङ्क में गिरा देते हैं। उसकी बुद्धि को भ्रमित कर देते हैं। परन्तु स्वयं त्रिकदर्शन में उपायों के इस विस्तार को देखकर सहज शंका उठती है कि क्या इनसे अद्वयतत्त्व का जिज्ञासु भ्रमित नहीं होता है? उपायों का यह नानात्व मुक्ति के स्वरूप में भी नानात्व को उत्पन्न नहीं करेगा? सभी प्रकार के मायीय तत्त्वों से परे रहनेवाले परम तत्त्व का इन मायीय उपायों के द्वारा कैसे साक्षात्कार किया जा सकता है? इस तरह की अनेकानेक शंकाओं को स्वयं शैव दार्शनिकों ने प्रस्तुत करते हुए उनका तर्कसंगत एवं आगम-सम्मत समाधान प्रस्तुत किया है।

उपर्युक्त चतुर्विध उपाय एवं उनके अन्तर्गत स्वीकृत अनेकानेक अन्य उपाय मुक्ति के जिज्ञासु को भ्रमित नहीं करते हैं। इसका कारण यह है कि उपायों का यह विभाजन अधिकारि-भेद से किया गया है। सभी प्रमाता एवं स्वरूप-ज्ञान के जिज्ञासु, परमार्थदशा एक होते हुए भी, विविध मलों[15] से आवृत्त होने के कारण, अलग-अलग उपायों का विवेचन किया गया है। इसके साथ ही इन उपायों के विषय में दार्शनिकों ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि कोई भी उपाय परमार्थतः उत्कृष्ट अथवा निकृष्ट नहीं है। जिज्ञासु का मन जिस किसी उपाय में विश्वास रखे, जिस उपाय से आश्वस्त हो तथा जिस उपाय को वह अपने अनुकूल समझे वही उसके लिए वास्तविक उपाय है। उपायों के नानात्व में जिज्ञासु भ्रमित न हो, इसलिए त्रिक दर्शन में यह मान्यता प्रस्तुत की गई है कि उपायों का यह वैचित्र्य फल-भेद उत्पन्न नहीं करता है। अर्थात् यद्यपि स्थूल दृष्टि से यह कहा जाता है कि साधक विविध उपायों के

14. सर्वाहंभावभावनात्मकशुद्धविकल्पनावमर्शरूपः शाक्तः। विज्ञानभैरवविवृति, 24.

15. मल त्रिविध हैं— आणव, मायीय एवं कार्म। इनके विस्तृत विवेचन के लिए द्रष्टव्य— तन्त्रालोक, १३.१०३, ११०; तन्त्रालोकविवेक, १.४, ८.६५-८८; शिवदृष्टिवि., १.४२-४३; ई.प्र.वि., ३.२.४, ५, १०; म.सा.वि., २४.

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

द्वारा अद्वयतत्त्व की विविध भूमिकाओं एवं स्तरों का साक्षात्कार करता है तथापि फलों का यह भेद कल्पित है, व्यवहारमात्र है। वास्तव में तो आत्मज्ञान ही मुक्ति का उपाय है और वही उसका फल है। उपाय एवं उसके फल की चर्चा का परमार्थ स्तर पर कोई महत्त्व नहीं[16]। उपायों को व्यावहारिक चर्चा का औचित्य यह है कि ये मुमुक्षु के द्वैत अथवा भेद-ज्ञान की निवृत्ति करके स्वरूप-ज्ञान में सहायक बनते हैं।

पारमार्थिक दृष्टि से उपायों की निष्प्रयोजनता का एक कारण और है। उपाय अज्ञात अर्थ के ज्ञापक माने गए हैं[17]। त्रिकदर्शन में आत्म-स्वरूप को सर्वथा अज्ञात नहीं माना गया है। आत्म-स्वरूप को संकुचित समझना व्यवहारदशा बन्ध कहा जाता है। यह संकोच, स्वरूप का ज्ञानाभाव न होकर अपूर्ण एवं संकुचित ज्ञान ही है। इसके साथ ही मुक्ति अथवा स्वरूप का प्रत्यभिज्ञान कोई नूतन उपलब्धि नहीं हैं। इस प्रकार अवास्तविक बन्ध एवं मोक्ष के प्रसंग में अन्ततो गत्वा उपाय भी अवास्तविक अर्थात् निष्प्रयोजन ही सिद्ध होते हैं। उपाय का स्वरूप या लक्षण ही यह है कि जिन्हें ग्रहण करके भी छोड दिया जाय[18]।

अधिकारि-भेद से बताये गए विविध उपायों से जो फल प्राप्त होता है वह एक ही है जिसे मुक्ति, आत्मज्ञान अथवा आत्मस्वरूप का साक्षात्कार कहा जाता है[19]। मुक्ति को आत्मज्ञान अथवा स्वरूप की प्राप्ति कहने का यह आशय कदापि नहीं कि मोक्ष कार्य है और आत्मज्ञान उसका कारण। यहाँ उपाय एवं उपेय में यदि कार्यकारणभाव माना जायेगा तो अनेक असंगतियाँ उत्पन्न होगी[20]। मोक्ष कोई नूतन उपलब्धि नहीं है[21]। अपि तु ज्ञात का ही ज्ञान है। यह अनुत्तर तत्त्व से तन्मय हो जाना है। यही पूर्णता है। इसमें सभी प्रकार के संकोचाभिमान गल जाते हैं। इस महान फल की प्राप्ति होने पर किसी भी प्रकार के अन्य फल की आकाङ्क्षा शेष नहीं रहती[22]। इस पूर्णता में पारतन्त्र्य का लेशमात्र भी नहीं होता। यह तुर्यातीत अवस्था है जिसे शिव के शक्तिपात से पवित्र कोई भी मुमुक्षु योगी अनुभूत करता है[23]। जिस योगी को आत्मस्वरूप का प्रत्यभिज्ञान हो चुका है वह समस्त विश्व से स्वयं को अभिन्न

16. ... एक एव ज्ञानात्मा मोक्षावाप्तावुपाय इति न उपायनानात्वम्, अत एव तत्फलभूते मोक्षेऽपि न कश्चिद्भेदः ... काल्पनिकेऽपि हेतुफलयोर्भेदे ज्ञानात्मा एक एव उपायोऽभ्युपगतः इति उपायनानात्वस्यैव अभावात् को नाम फलभूतेऽपि मोक्षे भेदः स्यात्। —तन्त्रालोकविवेक, 9. 165.

17. वस्तुतो हि परप्रकाशात्मा शिव एव उपेयः। स च सर्वत एवावभासते तस्य क्वचिदपि अनपायात्। अत एव नात्र उपायानां किंचित्प्रयोजनम् अज्ञातज्ञापकत्वात् तेषाम्। —तन्त्रालोकविवेक, 1. 145; और भी द्रष्टव्य— विवेक, 1. 166; शिवदृष्टिवृत्ति, 3. 26–29.

18. उपादायापि ये हेयास्तानुपायान् प्रचक्षते। —तन्त्रालोकविवेक 4. 41 में उद्धृत वाक्यपदीय.

19. संविदेव सर्वम् इति को नाम हेतुफलभेदः। —तन्त्रालोकविवेक, 1. 165.

20. इह आत्मज्ञानमेव मोक्षः इति ज्ञानमोक्षयोः कार्यकारणभाव एव वस्तुतो नास्ति— इति नावश्यं कारणानि कार्यवन्ति भवन्ति इति न्यायेन ज्ञानिनां सत्यपि ज्ञानाख्ये कारणे कार्यात्मा मोक्षो न स्यात् इत्यनिष्टापादनात्मायं प्रसंगो नाशङ्कनीयः। —तन्त्रालोकविवेक, 1. 161.

21. अभिमानमात्रसारां परिमितप्रमात्रपेक्षया बन्धमोक्षौ, न पुनः परमार्थे संवित्तत्त्वे एवं किंचित् सम्भवति। तस्मात् मुक्तौ नूतनं न किंचित् साध्यते, निजमेव स्वरूपं प्रथते। परमार्थसारविवेक, 60.

22. द्रष्टव्य। —तन्त्रालोक, 209–10.

23. केतकीकुसुमसौरभे भृशं भृंग एव रसिको न मक्षिका।
भैरवीयपरमाद्वयार्चने कोऽपि रज्यति महेशचोदितः॥ —तन्त्रालोक, 4. 276.

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

समझता हैं तथा सभी वस्तुओं में शिवता को देखता है। उसका जगत् के प्रति वही दृष्टिकोण एवं अनुभव हो जाता है। जो वस्तुतः शिव का जगत् के प्रति है। अर्थात् मुक्त पुरुष इस जगत् को त्याज्य, मिथ्या अथवा हेय न मानकर इसे शिवरूप अथवा अपने से अभिन्न समझता है। वह लौकिक देह को धारण करते हुए तथा उस देह के द्वारा लौकिक विषयों का उपभोग करते हुए भी तत्संबंधी दोषों से उसी प्रकार अप्रभावित रहता है जैसे मन्त्रादि से सम्पन्न व्यक्ति विष से प्रभावित नहीं होती है। अतः सर्वशिवात्मकता की अनुभूति ही परम एवं पूर्ण मुक्ति है। बद्ध एवं मुक्त पुरुष में भी व्यवहारदशा यही भेद है कि मुक्त पुरुष सांसारिक वस्तुओं को स्वात्मा से अभिन्न मानकर उनका उपभोग करता है तथा बद्ध पुरुष उनमें भेद-बुद्धि रखते हुए एवं उन्हें अपने से भिन्न समझते हुए उनका उपभोग करता है[24]। यही इस दर्शन के अनुसार बन्ध और मोक्ष का स्वरूप है। इसीलिए इस दर्शन में जीवन्मुक्ति का दृढता से समर्थन करते हुए उसे भोगमोक्षरूपा माना गया है[25]।

मुक्ति के बारे में त्रिकदर्शन का उपर्युक्त मत शाङ्करमत से तुलनीय है। दोनों ही मतों में जीवात्मा के परमतत्व से ऐक्य को मुक्ति माना गया है। दोनों ही मत मुक्ति को नित्य, उपायों से परे, असंस्कार्य मानते हैं। परन्तु जहाँ शंकर जीवनन्मुक्तिका अर्थ जीव में सांसारिकता अथवा द्वैत प्रपंच का अभाव मानते हैं क्योंकि उनके मत में जगत् हेय है वहाँ त्रिकदर्शन जगत् को सत्य, शिव का सत्य आभास मानता है। इसलिए उसकी मुक्ति में जगत् के प्रति आत्मीयता का अनुभव स्वीकार किया है। शाङ्करमत में जगत् के नानात्व को मिथ्या मानकर उसके प्रति भेदबुद्धि का परित्याग करने की बात कही गई है। किन्तु त्रिकदर्शन में नानात्व को शिव के स्वातन्त्र्य का विस्फार तथा शिवरूप मानकर उसके प्रति भेद-व्यवहार को समाप्त किया जाता है[26]।

त्रिकदर्शन के अद्वयवादी होने के कारण द्वैतवादी दर्शन-विचारों से इसका अत्यन्त भेद होना स्वाभाविक है। यह शिवाद्वयवाद द्वैतवादी दार्शनिकों द्वारा प्रदर्शित मुक्ति एवं उसके उपायों की समालोचना करता है तथा उन्हें हेय बताता है क्योंकि वे मुमुक्षु को परमाद्वयतत्त्व की ओर ले जाने तथा विषयों के प्रति उनके दृष्टिकोण को यथार्थ बताने के स्थानपर विपरीत मार्ग का उपदेश देते हैं[27]। इस विपरीत मार्ग में उनकी प्रवृत्ति का कारण रागतत्त्व है। इसी के कारण वे सुलभ शैवज्ञान की महत्ता को जानते हुए भी तदनुकूल आचरण करने से पराङ्मुख रहते हैं[28]। इसका साथ ही वैष्णवादि अन्य दर्शनों के द्वारा अपूर्ण मोक्ष का उपदेश देना तथा उसके अनुयायियों के द्वारा तदनुसार आचरण करना शिव की इच्छा का परिणाम है।

---

24. (अ) अयमेव हि समानेऽपि व्यवहारे बद्धमुक्तयोर्विशेषो यन्मुक्तस्य स्वाङ्गरूपतया भावा अवभासन्ते, बद्धस्य तु स्वरूपतः परस्परतश्चात्यन्तं भेदेनेति। तन्त्रालोकविवेक, 4. 212.
(ब) मेयं साधारणं मुक्तः स्वात्माभेदेन मन्यते।
महेश्वरो यथा बद्धः पुनरत्यन्तभेदवत्॥ —ईश्वरप्रत्यभिज्ञाकारिका, 4. 1. 13.
(स) गीता भी इसी का समर्थन करती है :
यो मां पश्यति सर्वत्र सर्वं च मयि पश्यति। 6. 30.
सर्वभूतस्थमात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि। 6. 29.
25. भोगमोक्षसाक्षात्कारलक्षणो जीवन्मोक्षः। —महार्थमञ्जरी-परिमलटीका, 52.
26. भेदा अपि तदात्मकाः। —शिवदृष्टिविवेक, 1. 41.
27. द्रष्टव्य —तन्त्रालोक, 4. 17.
28. द्रष्टव्य —तन्त्रालोक, 4. 20–21.

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

शिव स्वयं अपनी स्वातन्त्र्य इच्छाशक्ति के द्वारा उन्हें उसी रूप में मोक्षलिप्सा में भ्रमित करना चाहता है[29]। अतः वेद, साङ्ख्य,[30] पुराण आदि शास्त्रों को जानने वाले पाञ्चरात्र में श्रद्धा रखने वाले, बौद्ध, आर्हत अथवा अन्य किन्हीं भी शास्त्रों के मत मायापाश से बद्ध माने गए हैं। ये शैवों की पूर्णमोक्ष की दीक्षा को प्राप्त करने में असमर्थ हैं[31]। दूसरे शब्दों में वेद एवं अन्य दर्शनों का ज्ञान मायीय है और शैवज्ञान माया से ऊर्ध्ववर्ती है। अतः शैवेतर दर्शनानुयायियों का मायाग्रस्त रहना स्वाभाविक है[32]। त्रिकदर्शन ने अपनी आलोचना में साङ्ख्यादि मतों को हेय कहा है। परन्तु इस आलोचना में यह असंगति प्रतीत होती है कि जब से सभी वस्तुयें शिवात्मक है तथा इस दर्शन का दृष्टिकोन भी हेयोपादेयता के विभाजन से सर्वथा परे रहने का है तब साङ्ख्यादि मतों को हेय कैसे कहा जा सकता है। वस्तुतः असंगति की यह प्रतीति आभासमात्र है। इस दर्शन का वास्तविक दृष्टिकोन समन्वय का हैं। यह मत व्यावहारिक रूप से अन्य मतों की आलोचना करते हुए भी अन्त में उन्हें निश्चित स्तर पर रखता है। अतः अन्य दर्शनों द्वारा प्रदर्शित मोक्षावस्था का भी इस अद्वयज्ञान के क्रम में निश्चित स्थान है[33]। जिसके अनुसार उनका मोक्ष प्रलयाकलता की स्थिति तक पहुँचना मात्र है[34]।

---

29. देखिये —तन्त्रालोक, 4. 21, 22, 33, 38.
30. (अ) तेनेह वैष्णवादीनां नाधिकारः कथञ्चन।
    ते हि भेदकवृत्तित्वादभेदे दूरवर्जिताः॥ —तन्त्रालोक, 13. 28–8.
    (ब) वैष्णवाः सौगताः श्रौतास्तथा श्रुत्यन्तवादिनः।
    इत्यादयो नाधिकृता जातुच्चित्पतिशासने॥ —तन्त्रालोकविवेक, 13. 315–16.
31. द्रष्टव्य —शिवदृष्टि, अध्याय 6.
32. वेदादिशास्त्रनिष्ठा मायान्तःपातात् तदुत्तीर्णं शैवं ज्ञानं न लभन्ते। —तन्त्रा. विवेक, 4. 27.
33. (अ) नैरात्म्यदृष्टेश्चात्मदृष्टिर्विशिष्यते, इति साङ्ख्यानां बौद्धेभ्यः पूर्णप्रथात्मकं ज्ञानम् इत्येषां बुद्धितत्त्वोर्ध्ववर्तिपुंस्तत्त्वप्राप्तिः ... ... पातंञ्जलानां पुंस्तत्त्वोर्ध्ववर्तिनियतितत्त्वप्राप्तिः।
    (ब) और भी द्रष्टव्य —भास्करी, 1. 1. 1, पृष्ठ 101; तन्त्रालोकविवेक, 1. 33.
34. द्रष्टव्य —तन्त्रालोक 4. 29–32.

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

तन्त्र एवं हठयोग में मुद्रा

लेखक : पीताम्बर झा

अनादिकाल से गुरु-शिष्य परम्परा द्वारा आगत ग्रन्थ सन्दर्भ आगमशास्त्र है। आगम-शास्त्र से ही तन्त्रशास्त्र की उत्पत्ति हुई है। गुरुमुख से शिष्यों द्वारा सुने जाने के कारण जिस प्रकार वेदों को श्रुति कहा जाता है, उसी प्रकार श्रवण-द्वारा उपलब्ध होने के कारण 'आगम' भी श्रुति कहलाती है। हारीत धर्मशास्त्र में कहा गया है कि धर्म को श्रुतियाँ प्रमाणित करती हैं, और श्रुतियाँ वैदिकी और तान्त्रिकी भेद से दो प्रकार की हैं[1]। यही कारण है कि तन्त्र को भी श्रुति कहा जाता है।

कणाद ने धर्म की परिभाषा करते हुए कहा है कि जिससे अभ्युदय और निःश्रेयस की सिद्धि होती है, वह धर्म है[2]। तान्त्रिक शैवागम में प्रवृत्तिपरक और निवृत्तिपरक धर्म को पशुधर्म और पतिधर्म कहा गया है। ये ही दोनों प्रकार के धर्म अभ्युदय और निःश्रेयस के लिए भुक्ति और मुक्ति नामान्तर से तन्त्रशास्त्र में व्यवहृत हुए हैं। वस्तुतः शैव, वैष्णव, शाक्त, बौद्ध और जैन आदि भेद से आगम भिन्न-भिन्न हैं, और उनके भी अनेकानेक भेद-प्रभेद हैं। किन्तु हमें यहाँ आगम या तन्त्र के विस्तृत विवेचना में न जाकर मात्र 'मुद्रा' के ऊपर विचार करना है।

'मुदं आनन्दं राति लाति इति मुद्रा', इस व्युत्पत्ति के अनुसार जिससे आनन्द की प्राप्ति हो, उसे 'मुद्रा' कहते हैं। विजयतन्त्र में कहा गया है कि-सत्सङ्ग के द्वारा मुक्ति प्राप्त होती है तथा असत्सङ्ग के द्वारा बन्धन। अतः असत्सङ्ग को जो दूर करे, वह 'मुद्रा' है[3]। मुद्राओं से देवताओं को प्रसन्नता होती है एवं पापराशि भाग खडी होती है। इसलिए मुद्रा सर्वकर्मसाधिका कही गई है। पूजा, जप, ध्यान, आवाहन, नैवेद्यनिवेदन आदि में मुद्रा आवश्यक है। इस प्रकार की मुद्रा की निरुक्ति 'मुद्राप्रकरण' नामक हस्तलिखित अप्रकाशित ग्रन्थ में की गई है[4]। वैसे मुद्रा का जो सर्वसामान्य अर्थ है, वह है आकृति या आकारविशेष। मुद्रा या आकृति का मूलस्रोत पृथ्वी पर सृष्टिरचना के आरम्भ से ही दिखाई पडता है। जब भी मनुष्य या पशु-पक्षी किसी खास आकृति में होते होंगे, तभी यह अमुक मुद्रा में है, ऐसा प्रयोग होता होगा। आदि वैदिक-काल में इसका स्वरूप अङ्गुलियों से अवगुण्ठित उन आकृतियों से होता था, जो कि अपने मन की पृष्ठभूमि में विशेष भावोद्दीपन के लिए धारण किये जाते थे। उपनिषदों में कहा भी गया है — 'देवताविशेषप्रीतिजनिका अङ्गुलिरचना मुद्रा' ईस्वीपूर्व पाँचवी शती से तीसरी ईस्वी तक

---

1. अथातो धर्मं व्याख्यास्यामः। श्रुतिप्रमाणको धर्मः। श्रुतिश्च द्विविधा वैदिकी तान्त्रिकी च।
2. यतोऽभ्युदयनिःश्रेयससिद्धिः स धर्मः।
3. सत्सङ्गेन भवेन्मुक्तिरसत्सङ्गेषु बन्धनम्।
   असत्सङ्गमुद्रणं यस्मात्तन्मुद्रा परिकीर्तितम्।
4. मोदनात् सर्वदेवानां द्रावणात्पापसन्ततेः।
   तस्मान्मुद्रेति सा ख्याता सर्वकर्मार्थसाधिनी॥ —तान्त्रिक साहित्य, p. 526.

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

तान्त्रिक वाङ्मय में मुद्रा का वर्णन इसी भावना को प्रधान मानकर दिया गया है। किन्तु यह शब्द भी काल के साथ अपने स्वरूप को परिवर्तित करता आ रहा है।

बाद में (चतुर्थ शती के बाद) मुद्रा शब्द का सामान्य अर्थों के साथ-साथ गम्भीर अर्थ में भी प्रयोग होने लगा। खासकर साधनाकाल में शरीर की या किसी अङ्गविशेष की कुछ विशिष्ट आकृति को मुद्रा कहा जाने लगा। जैसे– अङ्कुशमुद्रा[5], अभयमुद्रा[6], कुम्भमुद्रा[7], वरमुद्रा[8], शङ्खमुद्रा[9] आदि। इस प्रकार के अनेकानेक आकृतिविशेषजन्य मुद्राओं के नामकरण के बाद तन्त्रसाधकों का ध्यान इन मुद्राओं के अभ्यास से प्राप्त लाभों को देखकर, बाद में इसको कुछ खास अभ्यास से भी संयुक्त कर विशिष्ट स्थिति में विशिष्ट मुद्रा का ही अभ्यास हो, ऐसा नियमन कर दिया गया। तान्त्रिकपद्धति में मुद्रा का उपयोग यहाँ तक हुआ।

वैसे बीच में एक ऐसा भी समय आया, जब तन्त्र की विकृतियों के साथ मुद्राओं में भी विकृतियाँ आयी। एक समय जो मुद्रा सम्मान का स्थान प्राप्त किये थी वही असम्मानजनक लगने लगी। उनमें वज्रोली, सहजोली आदि मुद्राओं का समावेश है। यद्यपि असंग द्वारा वर्णित 'गुह्यसमाजतन्त्र' में (तीसरी शती) हठयोग से समन्वय की जात हमें मिलती है[10]। किन्तु इसके बहुत बाद में लगभग आठवीं शती के अन्त से बारहवीं शती तक के काल में बौद्धों के महायान का परिवर्तित रूप 'मन्त्रयान' और फिर 'वज्रयान' के रूप में उभरा। इस परिवर्तन में वज्रयान में मन्त्र और योग के साथ मद्य और मैथुन भी सम्मिलित हो गया। इस प्रकार वज्रयान सम्प्रदाय लगभग चार सौ वर्षों तक अपने दिन देखकर पतनोन्मुख हुआ। वज्रयानियों में प्रायः सभी वर्ण के साधक थे। इस कारण इसमें वर्ण और वर्ग की भावना थी। प्रत्येक वज्रयानी साधक एक महामुद्रा के सम्पर्क में अवश्य रहता था। वह किसी नीच जाति की रूपवती स्त्री को अपने लिये चुन लेता था और फिर गुरु के आदेश से उसे अपनी महामुद्रा बना लेता था। उसके सहवास में रहकर ही उस साधक की हर प्रकार की साधना चला करती थी। उन दोनों की वृत्तियों में साम्य लाने के प्रयत्न सहवास के द्वारा ही किये जाते थे। इन सिद्धान्तों के कारण साधना कामप्रधान बन गयी। इसका दुष्प्रभाव समाज में बड़ी तीव्रता से फैलने लगा। आगे चलकर यह वज्रयानी सम्प्रदाय ही सहजयान सम्प्रदाय के रूप में परिवर्तित हो गया। और तब सहजयानियों ने वज्रयान में प्रचलित मन्त्र आदि बाह्यसाधनों की उपेक्षा करके मानसिक शक्तियों के विकास पर ही विशेष ध्यान दिया। उन्होंने अपने पूर्वजों के मूल पारिभाषिक शब्दों को

---

5. दक्षमुष्टिगृहीतस्य वाममुष्टेस्तु मध्यमाम्।
प्रसार्य तर्जन्याकुञ्चेत्सेयमङ्कुशमुद्रिका॥
6. अर्धीकृतो दक्षहस्तः प्रसृतोऽभयमुद्रिका। —शा. ति. 73.
7. दक्षाङ्गुष्ठे पराङ्गुष्ठं क्षिप्त्वा हस्तद्वयेन तु।
सावकाशात्मकं मुष्टिं कुर्यात्कुम्भस्य मुद्रिका॥
8. अधोमुखो वामहस्तः प्रसृतो वरमुद्रिका। —शा. ति. 73.
9. वामाङ्गुष्ठं तु संगृह्य दक्षिणेन तु मुष्टिना।
कृत्वोत्तानं तथा मुष्टिमङ्गुष्ठन्तु प्रसारयेत्॥
वामाङ्गुल्यस्तथा शिष्टाः संयुक्ताः सुप्रसारिताः।
दक्षिणाङ्गुष्ठसंस्पृष्टा मुद्रा शङ्खस्य चोदिता॥ —शा. ति.
10. यदा न सिद्ध्यते बोधिर्हठयोगेन साधयेत्॥ —गु. स. त. 18/162.

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

स्वीकार करते हुए भी उनको अपनी व्याख्या से विभूषित किया। इस प्रकार वज्रयान में जो वज्र शब्द पुंसेन्द्रिय का प्रतीक था, वह सहजयान में उस प्रज्ञा का बोधक बना लिया गया, जो बोधिचित्त का सार है[11]।

तन्त्र अपने आप में एक पूर्ण योग है। तान्त्रिक सिद्धियों के लिए योगाभ्यास अनिवार्य है। तन्त्रशास्त्र एक वस्तु को दूसरे वस्तु से मिलाने को योग मानता है[12]। अभिनवगुप्त ने कहा है कि— यदि मनुष्य गार्हस्थ्य जीवन बिताते हुए, लौकिक सुखों का अनुभव करते हुए, शास्त्र-विधि से भोगवासनाओं को तृप्त करते हुए माहेश्वरआगम द्वारा बताये गये योग का अभ्यास करे तो वह आत्मानन्दकला का रसास्वादन करता है[13]। इस प्रकार के अभ्यास से सभी सांसारिक भोगों से विरक्ति हो जाति है। और मन में यह विचार पैदा होता है कि— 'किमेतैःक्षणिकैर्भोगैः ?' इन क्षणिक भोगों में क्या धरा है ? इस प्रकार का निरादर भाव उत्पन्न होने पर साधक इन्द्रियों के कार्यव्यापार विषयभोगों की तृष्णा से विरत हो जाता है।

नाट्य-नाटकों में भी अधिकांश रूप में बाह्यशरीराकृतिपरक अर्थ लेकर मुद्रा का उपयोग पर्याप्त रूप में होता है। अभिनयकाल में कलाकार अपने शरीर की विभिन्न आकृतियों के द्वारा अपनी भावना को अभिव्यक्त करता है। किन्तु यहाँ पर इस आकृति का सम्बन्ध शारीरिक या भावनिक स्तर तक ही अधिकांशतः रहता है। साधना की दृष्टि से आध्यात्मिक मार्ग में प्रगति के लिए यह अधिक उपयोगी नहीं होता है।

मुद्राओं का तीसरा परिवर्तन नाथपन्थियों के समय में प्रारम्भ हुआ, जिसमें हठयोग का प्राधान्य था। यहाँ मुद्राएँ अङ्गुलियों के अवगुण्ठन में न रहकर शरीर के आन्तरिक धरातल पर कुछ विशिष्ट प्रक्रियाएँ बन गयीं। तब इस मुद्रा को हठयोग का एक अङ्ग मानकर इसका विधिवत् अभ्यास किया जाने लगा। और इसके परिणाम बडे ही विलक्षण तथा आध्यात्मिक मार्ग में प्रगति के लिए उपयोगी प्रमाणित होने लगे।

नाथों के योग की विशेषता यह थी कि उसमें संयम के कायिक पक्ष पर बल दिया गया था। इसका सम्बन्ध शारीरिक-नाडी विषयक तथा प्राणसञ्चार सम्बन्धी ज्ञान से विशेष है। नाथों का सामान्य सिद्धान्त उन भौतिकतत्त्वों का ज्ञान है, जिनको हम जाग्रत् अवस्था में स्थूलतम रूप में पाते हैं और सम्प्रज्ञात या तथाकथित सस्मिता समाधि में सूक्ष्मतम रूप में अनुभव करते हैं।

आनन्द ज्ञान से प्राप्त होता है और योग की सहज अभिव्यक्ति ही ज्ञान है। यह ज्ञान पुस्तक-ज्ञान से भिन्न होता है। पुस्तकों से प्राप्त सैद्धान्तिक-ज्ञान को नाथों ने हेय माना है। इसीसे यह कहा गया है कि– 'योग से रहित ज्ञान मोक्ष के लिए नहीं होता'[14]। नाथों की यह स्पष्ट धारणा है कि योग के विना सिद्धि प्राप्त करना असम्भव है[15]।

11. कबीर एक विवेचन (ले. डॉ. सरनामसिंह शर्मा), p. 123.
12. योगमेकत्वमिच्छन्ति वस्तुनोऽन्येन वस्तुना॥ —त. शा.
13. अनादरविरक्त्यैव गलन्तीन्द्रियवृत्तयः।
    यावत्तु विनियम्यन्ते तावत्तावद्विकुर्वते॥ —मालतीविजयवार्त्तिक
14. योगेन रहितं ज्ञानं मोक्षाय नो भवेत्।
15. सन्मार्गश्च योगमार्गः तदितरस्तु पाषण्डमार्गः॥ —सिद्धसिद्धान्तपद्धति

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

गोरक्षनाथ का कहना है कि हठयोग-साधना में मुद्रा के द्वारा कुण्डलिनीजागरण होने पर, ब्रह्मरन्ध्र तक पहुँचने पर अनाहतनाद सुनाई पढता है, जो समस्त सारतत्त्वों का सार है और गम्भीर से भी गम्भीर है। इसीसे ब्रह्मानुभूति की स्थिति उपलब्ध होती है, जो स्वसंवेद्यता के कारण अनिर्वचनीय है[16]। इस प्रकार गोरक्षनाथ प्राणक्रिया तथा मुद्रा-प्रधान योग साधना को वेदाध्ययन से भी अधिक महत्त्व देते हैं[17]।

तान्त्रिक मान्यता के अनुसार योग को चार भागों में विभक्त कर इसे महायोग की संज्ञा दी गई है। "मन्त्रो हठो लयो राजयोगान्तः भूमकाः क्रमात्। एक एव चतुर्धायं महा-योगोऽभिधीयते"। इनमें पहला है– मन्त्रयोग। "मननात् त्रायते इति मन्त्रः" इस अर्थ के अनुसार इस योग में कुछ खास-खास तान्त्रिक मन्त्रों (बीजमन्त्रों) के जप आदि के द्वारा साधक को विशेष दैवी सहायता प्राप्त होती है, जिससे वह अपनी साधना में सफल होता है। इस क्रिया से वीज में निहित अन्तःशक्ति साधक के चित् व मन पर प्रभाव डालता है। और साधक के चित् अस्तित्व में एक विचित्र प्रकार की महाशक्ति उत्पन्न करती है[18]।

इसके बाद है हठयोग। हठयोग एक ऐसा विज्ञान है, जिसके द्वारा साधक शरीर की गहराई में सफलतापूर्वक उतर सकता है। इस योग में 'ह' और 'ठ' के मिलन के द्वारा साधक उस स्थिति में पहुँचता है, जिसे मुद्रा कहा जाता है। इडा-पिङ्गला के मिलन से अभीतक जो प्राणवायु इन नाडियों से आ-जा रहा था, उसका प्रवेश-सुषुम्ना में हो जाता है। जब सुषुम्ना में वह वायु प्रविष्ट होता है और धीरे-धीरे ऊपर की ओर चींटी जैसे सरकता है, तब उस अलौकिक आह्लाददायक संवेदनात्मक अनुभव को बडी ही सतर्कतापूर्वक पूर्ण एकाग्रता के साथ के साथ अनुभव करना या देखना मुद्रा है। इसके लिए प्रथम साधक को बाह्येन्द्रियों को भीतर की ओर उन्मुख करना होता है अर्थात् प्रत्याहार की स्थिति लानी होती है। इस प्रकार जब सभी इन्द्रियों अन्तर्मुख हो जाती है, तब अपने मन को उस आन्तरिक संवेदनात्मक अनुभव को ही देखने में लगाकर इस मुद्रा का अभ्यास किया जाता है। इसी स्थिति को कुण्डलिनीप्रबोध की संज्ञा दी जाती है[19]।

इस प्रकार कुण्डलिनीजागरण के लिए मोटे तौर पर मुद्राओं के दस विभाग किये गए है[20]। इन दस मुद्राओं के अभ्यास से आन्तरिक रूप में प्राण की कुछ खास आकृति का अनुभव

16. सारमसारं गहरगभीरं गगन उचलिया नादम्।
मानिक पायां केरि लुकाया झूठा वादविवादम्॥ —गोरखवानी
17. कवीरः एक विवेचन (ले. डॉ. सरनाम सिंह शर्मा), p. 143.
18. तन्त्र सिद्धान्त और साधना (ले. देवदत्त शास्त्री), p. 108.
19. येन मार्गेण गन्तव्यं ब्रह्मस्थानं निरामयम्।
मुखेनाच्छाद्य तद्वारं प्रसुप्ता परमेश्वरी॥
उद्घाटयेत्कपाटं तु यथा कुञ्चिकया हठात्।
कुण्डलिन्या तथा योगी मोक्षद्वारं विभेदयेत्॥
विविधैरासनैः कुम्भैः विचित्रैः करणैरपि।
प्रबुद्धायां महाशक्तौ प्राणः शून्ये विलीयते। —हठप्रदीपिका III. 102–103, IV. 10.
20. महामुद्रा महाबन्धो महावेधश्च खेचरी। उड्डीयानं मूलबन्धस्ततो जालन्धराभिधः॥
करणी विपरीताख्या वज्रोली शक्तिचालनम्॥ —हठप्रदीपिका III. 6.

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

लेने के लिए प्रथम शरीर को विशिष्ट आकृति में (आसन में) रखकर साथ ही प्राणका निरोध (कुम्भक) कर त्रिबन्धों[21] के साथ अभ्यास किया जाता है, जिससे कि शरीर के अन्तर्गत प्राण के उसी प्रकार की आकृति का अनुभव हो। पर्याप्त अभ्यास के बाद जब साधक इन मुद्राओं के शरीराकृति का अभ्यास प्राणनिरोध के साथ करने में समर्थ होता है, तब उसके अन्दर स्तम्भित प्राणवायु का संस्पर्श के उठने का अनुभव होना प्रारम्भ होता है। और तब इसे ही प्राणसंस्पर्श का उठना, अलौकिक संवेदना का अनुभव होना या कुण्डलिनी का जगना कहा जाता है। इस प्रकार इन दसों मुद्राओं के द्वारा कुण्डलिनी जागृत करना मुद्रा का मुख्य उद्देश्य होता है। घेरण्डसंहिता में भी इसी प्रकार का मिलता-जुलता मुद्रा का वर्णन मिलता है। किन्तु वहाँ पर मुद्रा की संख्या बढाकर पच्चीस कर दी गयी है[22]।

किन्तु मुद्रा का कार्य यहीं समाप्त नहीं हो जाता, अपि तु कुण्डलिनी जागृति के बाद उस अलौकिक आनन्द का सर्वतोभावेन अनुभव लेते रहना भी मुद्रा की स्थिति में ही होता है। अतः कहा जा सकता है कि मुद्रा हठयोग की वह स्थिति है, जिसमें हठयोगी का चित्, मन पूर्ण शान्त होकर मात्र आन्तरिक अनुभवों का ही आस्वाद लेता है। यही कारण है कि मुद्रा का हठयोग के अन्तिम अङ्ग नादानुसन्धान से ठीक पहले तीसरे अङ्ग के रूप में स्थान है[23]।

इसके बाद है लययोग। इस योग में हठयोग के मुद्राओं के पर्याप्त अभ्यास से प्राप्त कुण्डलिनीजागरण और उस जागरण से उत्पन्न नाद में ही मन को लय कर देने का अभ्यास किया जाता है। उस स्थिति में सभी विषयों की विस्मृति होकर वासनाओं का सर्वथा अभाव हो जाता है[24]। साथ ही सभी प्रकार की चेष्टाएँ भी समाप्त हो जाती है। तथा साधकों में एक प्रकार की अपूर्ण एवं अलौकिक लय की उत्पत्ति होती है, जिसे अनुभव तो किया जा सकता है किन्तु वर्णन नहीं किया जा सकता है[25]।

इसके बाद इस महायोग की अन्तिम कडी है राजयोग। यह राजयोग लय से उत्पन्न समाधि को ही कहा जाता है[26]। इस प्रकार हठ और लय की सभी प्रक्रियाएँ राजयोग की प्राप्ति के लिए ही होती है। राजयोग प्राप्त कर लेने वाला योगी मृत्यु को जीत लेता है[27]।

---

